
# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 25 नवंबर 2025





# 350वां शहीदी दिवस

## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी

### भाई मती दास जी, भाई सती दास जी, भाई दयाला जी



**श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले समागमों का विवरण**

**25 नवंबर, 2025**

- श्री अखंड पाठ साहिब के भोग की संपूर्णता
- राज्य स्तरीय रक्तदान मुहिम
- 3.50 लाख पौधे लगाने की राज्य स्तरीय मुहिम
- गुरुवाणी कीर्तन
- सरबत दा भला एकत्रता
- ड्रोन शो

**श्री अमृतसर साहिब अंदरून सिटी, तलवंडी साबो और श्री आनंदपुर साहिब को पवित्र शहर का दर्जा दिया गया**

### शहीदी दिवस को समर्पित पंजाब सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम और पहलकदमियां

- पंजाब सरकार द्वारा नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के शहीदी दिवस को समर्पित विभिन्न राज्यों में कार्यक्रम आयोजित किए गए
- कार्यक्रमों की शुरुआत गुरुद्वारा श्री शीश गंज साहिब, नई दिल्ली से की गई
- गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में विशाल कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के चरण-स्पर्श प्राप्त 142 गाँवों और शहरों के विकास के लिए 71 करोड़ रुपये प्रदान किए गए। प्रत्येक गाँव और शहर को 50 लाख रुपये दिए गए

  1 नवंबर से पंजाब के सभी ज़िलों में लाइट एंड साउंड शो आयोजित किए गए, जो अब श्री आनंदपुर साहिब में करवाए जा रहे हैं, जिनमें श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के महान जीवन और दर्शन को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया
- गुरु साहिब जी के चरण-स्पर्श प्राप्त नगरों और शहरों में कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए गए
- 18 नवंबर को श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में कीर्तन दरबार आयोजित किया गया। 19 नवंबर को श्रीनगर से नगर कीर्तन सजाया गया। 20 नवंबर को तलवंडी साबो, फ़रीदकोट और गुरदासपुर से तीन नगर कीर्तन सजाये गये। ये चारों नगर कीर्तन 22 नवंबर की शाम और 23 नवंबर को अमृत वेले के समय श्री आनंदपुर साहिब पहुँचकर सम्पन्न हुए।
- श्री आनंदपुर साहिब में बड़ी संख्या में पहुँचने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए टेंट सिटी बना ई गई, जिसका नाम 'चक्क नानकी' रखा गया है
  - इस पवित्र नगरी में सर्व-धर्म सम्मेलन आयोजित किया गया
  - गुरु साहिब के जीवन और दर्शन को दर्शाती प्रदर्शनी और ड्रोन शो आयोजित किए गए
  - कीर्तन दरबार, कथा, गत्तका और गाइडेड टूर का आयोजन किया गया

**आइए, श्री आनंदपुर साहिब में नतमस्तक हों**

**सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब**


भोपाल - सीहोर के लोकप्रिय सांसद
श्री आलोक शर्मा जी को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
सरोज हरिओम आसेरी
पार्षद वार्ड क्र. 10
हरिओम आसेरी
जिला अध्यक्ष
भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा भोपाल
बधाईकर्ता - श्रीमती सरोज हरिओम आसेरी, पार्षद वार्ड क्र. 10 एवं समस्त साथी वार्ड क्रं. 10

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
भोपाल, मंगलवार 25 नवंबर 2025

# 'धरम-युग' का अंत...



**65 साल रहे सिल्वर स्क्रीन पर**

**मौत की खबरों को बार-बार मात दी**

**आखिर, पर्दा गिर गया.. पर 'नायक' कभी नहीं मरा करते**

# पल-पल 'दिल के पास' रहेंगे धरम जी

| जन्म | 8 दिसंबर 1935 |
|---|---|
| मृत्यु | 24 नवंबर 2025 |

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लंबी बीमारी से संघर्ष करते-करते 89 साल के हिंदी सिनेमा के प्रख्यात और धाकड़ अभिनेता धर्मेंद्र सोमवार दोपहर अनंत यात्रा पर निकल गए। उन्होंने मुंबई के अपने बंगले पर आखिरी सांस ली। मृत्यु से ठीक पहले उनका भरा-पूरा परिवार उनके सामने था। दोनों पत्नियां, बेटे बेटियां और नाती-पोते। धर्मेंद्र एक जीवंत अभिनेता ही नहीं, जीवंत मनुष्य भी थे। वे सरलता व सादगी से रहते ▶▶ शेष पेज 2 पर



अंदर के पेजों पर...

## उनकी 'ही-मैन' की छवि यूं बनी

फिल्मी दुनिया में जब सिक्स पैक एब्स का चलन नहीं था, तब धर्मेंद्र सबसे हैंडसम हीरो थे। उनसे पूछा गया था कि ये डोले-शोले कैसे बने? उन्होंने कहा था कि वे एक सामान्य पृष्ठभूमि से थे। युवावस्था में परिवहन के साधन न होने पर एक ही दिन में करीब 50 मील की साइक्लिंग करते थे। इसके अलावा घर में हैंडपंप न होने के कारण पानी कुए से भरा जाता था, वे कई घंटे तक बिना थके पानी भरा करते थे। मवेशियों के लिए हरा चारा काटने के लिए वे हाथों से चलने वाली मशीन भी चलाया करते थे। उसी वक्त वे ▶▶ शेष पेज 2 पर

**जब भी मेरे कदम डगमगाए...**

### गांव के कच्चे रास्तों की धूल की खुशबू ने मुझे भटकने से बचा लिया

वे कहते थे- 65 साल हो गए इंडस्ट्री में आए हुए, मेरे अंदर से साहनेवाल का धर्मेंद्र नहीं जाता। वो मुझे बहुत संभालता है। शोहरत की इस चौंधिया देने वाली रौशनी में, जब भी मेरे कदम डगमगाए, मेरी आत्मा में रची मेरे गांव के कच्चे रास्तों की धूल की खुशबू ने मुझे भटकने से बचा लिया... वही हूं मैं, वैसा ही रहूंगा, इसलिए लोग मुझे प्यार करते हैं।

### 'मरजाणे' तुझे तो किसी अमीर के घर पैदा होना चाहिए था

बकौल धर्मेंद्र-एक्टर के लिए शरारती, विटी, इमोशनल, मासूम और जज्बाती होना जरूरी है। उन्होंने चौथी क्लास में अपने ननिहाल का किस्सा साझा करते हुए बताया था कि गांव में उनके परिवार की बड़ी इज्जत थी। मां को लोग बड़ी बीबी कहा करते थे। अंगुली पकड़कर चलते समय से गोद में चढ़ने की जिद करने पर मां ने कहा, मरजाणे तुझे तो किसी अमीर के घर पैदा होना चाहिए था। इस पर मैंने कहा- दे दो किसी को।

### उनको दिलीप कुमार की 'शहीद' से मिली प्रेरणा

अभिनेता बनने के पीछे की प्रेरणा का जिक्र करते हुए उन्होंने एक बार कहा था, दिलीप कुमार अभिनीत शहीद फिल्म देखने के बाद उन्हें एक्टिंग की प्रेरणा मिली। देश के बंटवारे के कुछ ही समय बाद उन्होंने नौवीं कक्षा में पढ़ाई करने के दौरान फिल्म देखी थी। उनसे मिली प्रेरणा के बाद धर्मेंद्र ने अपनी लेखनी से कुछ पंक्तियां भी लिखीं।- इतना प्यारा इंसान यार, मुझे भी उन पर इतना प्यार आ रहा था, मुझे लगा उन्हें भी वैसा ही प्यार मिलना चाहिए, मुझे भी लोग प्यार करें, नौकरी करता, साइकल पर आता ▶▶ शेष पेज 2 पर

## खास बातें

- 89 साल के धर्मेंद्र लंबे वक्त से डिस्पेनिया की बीमारी से लड़ रहे थे सांस लेने में दिक्कत थी
- सांस या कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम की समस्याओं जैसे अस्थमा, निमोनिया, हार्ट फेलियर या एनीमिया के कारण डिस्पेनिया होता है
- मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में कई बार भर्ती रहे, बाद में उनको उनके बंगले में शिफ्ट किया गया
- सोमवार दोपहर उन्होंने अपने घर में ही अंतिम सांस ली, विले पार्ले श्मशान घाट में हुआ अंतिम संस्कार बड़े बेटे सनी ने दी मुखाग्नि
- वे अपने जीवन के अंतिम वक्त तक पर्दे पर सक्रिय रहे, उनकी अंतिम फिल्म 21 हाल ही में रिलीज होगी
- वे बीकानेर से 1984 में सांसद भी रहे पर लोकसभा में वे बहुत कम ही दिखे, तब वहां उनके गुमशुदा के पोस्टर लगाए गए थे
- उनके दो पत्नियां व 6 बच्चे, 13 नाती-पोते, पहली पत्नी प्रकाश कौर से दो बेटे-दो बेटी, दूसरी पत्नी हेमामालिनी से दो बेटियां

## श्रद्धासुमन

### उन्होंने अनगिनत लोगों के दिलों को छुआ



धर्मेंद्र जी के जाने से इंडियन सिनेमा में एक युग का अंत हो गया है। वह एक आइकॉनिक फिल्म पर्सनैलिटी थे, एक जबरदस्त एक्टर थे जो अपने हर रोल में चार्म और गहराई लाते थे। जिस तरह से उन्होंने अलग-अलग रोल किए, उसने अनगिनत लोगों के दिलों को छुआ है। धर्मेंद्र जी अपनी सादगी, विनम्रता और प्यार के लिए भी उतने ही जाने जाते थे। इस दुख की घड़ी में, मेरी दुआएं उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत फैंस के साथ हैं।

**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### शानदार करियर में कई यादगार प्रस्तुतियां दी



वरिष्ठ अभिनेता और पूर्व सांसद धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक थे, उन्होंने अपने दशकों लंबे शानदार करियर में कई यादगार प्रस्तुतियां दीं।

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मू**, राष्ट्रपति

### सिनेमा में 'अद्वितीय' योगदान



सिनेमा जगत को समृद्ध करने में उनका 'अद्वितीय' योगदान और अभिनय सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

**डॉ. मोहन यादव**, सीएम, मप्र

---



ऐसा लगा भीषण जाम

**रायसेन में 6 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म**

**गुस्साए परिजनों और लोगों ने मंडीदीप-औब्दुल्लागंज हाईवे पर साढ़े 3 घंटे तक लगाया 14 किमी लंबा जाम**

**रायसेन कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा बच्ची को देखने एम्स पहुंचे**

### 6 जिलों की पुलिस कर रही है तलाश, दरिंदे के पास मोबाइल नहीं, इसलिए लोकेशन ट्रेस करने में परेशानी

# जंगल में हो रही ड्रोन से सर्चिंग, करीब 4 हजार जवान दरिंदे की तलाश में जुटे

*जिले के सुल्तानपुर, गौहरगंज, बिनेका, रायसेन व मंडीदीप नगर में हिंदू संगठनों द्वारा जगह-जगह धरना प्रदर्शन और चक्का जाम किए जा रहे हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रायसेन में 6 साल की मासूम के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस के होश उड़े हुए हैं। 6 जिलों की पुलिस के करीब 4 हजार जवान जंगल-जंगल भटक रहे हैं। ड्रोन उड़ाकर दरिंदे सलमान की सर्चिंग चल रही है। लेकिन, आरोपी इतना शातिर है कि उसने अपना मोबाइल कहीं छोड़ दिया है। इसलिए, उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है।

लिहाजा, वारदात के 72 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव खुद मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वे पल-पल की अपडेट ले रहे हैं। पुलिस के हाथ-पांव फूले हुए हैं। इधर, परिजनों व लोगों ने ने सोमवार को मंडीदीप औब्दुल्लागंज नेशनल हाईवे जाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक वाहन फंसे रहे। इसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची। ▶▶ शेष पेज 2 पर

**भोपाल एम्स में बच्ची की हालत में अब थोड़ा सुधार, उसे आईसीयू से सामान्य वार्ड में शिफ्ट किया**



प्रदर्शन करते लोग



घटना के विरोध में बाजार बंद रहा

**» वारदात के 72 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली**

**» सीएम डॉ. मोहन यादव खुद मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, वे पल-पल की अपडेट ले रहे हैं**

### एडिशनल एसपी बोले-आरोपी के बारे में मिला सुराग

एडिशनल एसपी कमलेश कुमार का कहना है कि रायसेन के अलावा आसपास के इलाकों में भी सर्च किया जा रहा है। हरदा-बैतूल आसपास के नर्मदापुरम के क्षेत्र से भी पुलिस का ▶▶ शेष पेज 2 पर

### घने जंगलों में पुलिस कर रही है सर्चिंगः एसडीएम

गोहरगंज एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के बारे में लगातार 10 से 12 टीम में सर्चिंग कर रही है। श्रीवास्तव ने एक अहम जानकारी ▶▶ शेष पेज 2 पर

### बीएमओ डॉ. अमृता जीवने को हटाया, डॉ. गौर को जिम्मेदारी

औबेदुल्लागंज ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. अमृता जीवने को तत्काल प्रभाव से हटाया गया है। उनकी जगह डॉ. धर्मेंद्र गौर को बीएमओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. अमृता ▶▶ शेष पेज 2 पर

### रील बनाने वाली महिलाएं मासूमों को बचाएं... फॉलोअर्स बढ़ाने से तो यह बेहतर कदम होगा

**हरिभूमि की महिला पत्रकार मधुरिमा राजपाल का हस्तक्षेप**

*'पापा मेरे पेट में बहुत दर्द हो रहा है। सलमान अंकल ने मेरे साथ ऐसा क्यों किया? मैं तो बस चॉकलेट लेने गई थी... जब 6 साल की मासूम अपने पिता से इस तरह के सवाल करे, तो यह शब्द सिर्फ किसी के दिल को नहीं मन, मस्तिष्क और आत्मा तक को झकझोर देते हैं। रायसेन जिले के गौहरगंज में शुक्रवार रात जो हुआ, उसने पूरे क्षेत्र की रूह को हिला दिया। जब 6 वर्षीय मासूम बच्ची पड़ोस में टमाटर देने गई थी, लेकिन काफी समय तक घर न लौटने पर घरवालों की बेचैनी बढ़ी। तलाश शुरू हुई तो कुछ देर बाद वह खेतों से खून से लथपथ हालत में लड़खड़ाती हुई आती दिखाई दी। पूछने पर उसने टूटती हुई आवाज में अपने पड़ोसी सलमान का नाम लिया और उसी क्षण एक परिवार की दुनिया बिखर गई। यह घटना सिर्फ 'कुकृत्य' या 'अपराध' कह देने भर से समझ नहीं आती। यह वह प्रतिबिंब है जहां एक मासूम का शरीर ही नहीं, उसकी आत्मा, उसका भरोसा और उसका बचपन भी निर्ममता से तोड़ा गया। जिस दर्द को वह बच्ची झेल रही है, उसकी पीड़ा को शब्दों में बांधना असंभव है। पर उससे भी कठिन वह क्षण है जिसे उसका परिवार हर सांस के साथ जी रहा है। यह वारदात पुरुष वर्ग से नहीं, उस मातृशक्ति समाज से एक बड़ा सवाल पूछती है, जो अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए विभिन्न जगहों पर रील बनाने में व्यस्त हैं, महंगे होटलों में अलग-अलग थीम की ड्रेस वाली किटी खेलने में व्यस्त हैं पर उनको छोटी बस्तियों में जाकर मासूम बच्चियों को बदलते समाज की दुष्प्रवृत्तियों के बारे में समझाने का वक्त नहीं है। काश, यदि ये महिलाएं ऐसा करें तो मासूम बच्चियां तो बचेंगी ही, उनकी रील ही नहीं, रीयल लाइफ भी सार्थक हो सकेगी। बच्चियों के मन व मस्तिष्क पर महिलाओं के समझाने का ज्यादा असर होता है।*

---

**बाइक पर सवार होकर आए थे नकाबपोश**

## ज्वेलरी शॉप में 10 मिनट में 25 फायर.. आगरा के कैटर्स जैन को गोली लगी



बाइक सवार बदमाश गोलियां दागते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर के उपनगर मुरार के सदर बाजार में सोमवार दोपहर नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने सराफा दुकान को टारगेट कर 10 मिनट में 25 गोलियां चलाईं। चार गोलियां दुकान में लगी हैं जबकि तीन से चार गोलियां आसपास की दुकानों में लगी हैं। आगरा के एक कैटर्स गुड्डू जैन को भी गोली लगी है। जिससे वो घायल हो गए हैं। यह मामला जमीन पर कब्जे से जुड़ा बताया जा रहा है। घटना का एक सीसीटीवी भी सामने आया है। सदर बाजार में बाइक से आए बदमाशों ने पहले तो हवा में पिस्टल और देशी कट्टे लहराते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग की। इसके बाद सराफा कारोबारी महावीर जैन की दुकान को टारगेट कर गोलियां चलाईं। बताया गया है कि पुलिस ▶▶ शेष पेज 2 पर

- घटना के विरोध में सराफा कारोबारियों ने बाजार बंद किया

**सिर में तेज दर्द और बेहोशी की शिकायत की**

**एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बीएलओ को हुआ ब्रेन हेमरेज**

## रीवा में परिजन बोले- बुखार था, फिर भी नोडल अधिकारी 'सर्वे' पूरा करने का दबाव बनाते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

रीवा जिले में सोमवार को एसआईआर प्रक्रिया के दौरान एक बीएलओ को ब्रेन हेमरेज हो गया। उन्हें फौरन रीवा ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुष्पराज नगर में पदस्थ सहायक शिक्षक विजय पांडेय की बीएलओ के तौर पर ड्यूटी लगी थी। पूरा मामला सोमवार का है। परिजन का आरोप है कि वे कई दिनों से एसआईआर सर्वे में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्हें हल्का बुखार भी था। तबीयत बिगड़ने के बाद भी नोडल अधिकारी लगातार सर्वे पूरा करने का दबाव बनाते रहे।

परिजन का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी न केवल बीमारी को अनदेखा कर रहे थे, बल्कि समय-सीमा के नाम पर मानसिक दबाव भी डाल रहे थे। बीएलओ विजय पांडेय ने बताया कि मेरी तबीयत गुरुवार देर शाम से खराब था। शनिवार और रविवार को तेज बुखार था। सिर में तेज दर्द और बेहोशी की शिकायत पर परिवार के लोग मुझे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने ब्रेन हेमरेज की पुष्टि की। घटना के बाद परिजन जांच की मांग कर रहे हैं।



विजय पांडेय बीएलओ उपचार लेते हुए

**समारोह में करीब 6 हजार विशिष्ट मेहमान बुलाए गए**

## 4 मिनट के अभिजीत मुहूर्त में पीएम मोदी राम मंदिर में करेंगे ध्वजारोहण....108 आचार्य करेंगे मंत्रोच्चार

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या एक बार फिर से ऐतिहासिक आध्यात्मिक क्षण का गवाह बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को राम जन्मभूमि मंदिर में एक खास ध्वजारोहण समारोह के लिए आने वाले हैं।

ट्रस्ट ने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए लगभग 6,000 विशिष्ट मेहमान बुलाए हैं। मंदिर अधिकारियों ▶▶ शेष पेज 2 पर



फाइल फोटो

सजी अयोध्या

### सुबह 11:52 से दोपहर 12:35 बजे तक का मुहूर्त

प्रधानमंत्री मोदी 25 नवंबर को अयोध्या में सुबह 11:52 से दोपहर 12:35 बजे के शुभ मुहूर्त में ध्वजारोहण करेंगे। इस दौरान चार मिनट का अभिजीत मुहूर्त भी होगा। ध्वजारोहण के बाद प्रधानमंत्री पूजा-अर्चना में शामिल होंगे और विशिष्ट अतिथियों को संबोधित भी करेंगे। सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस अनुष्ठान को अयोध्या, काशी और दक्षिण भारत के वैदिक आचार्य संपन्न कराएंगे।



हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 25 नवंबर 2025

4 ग्रीन पार्क कॉलोनी में 12 कारों में तोड़फोड़...



11 भगवान राम-जानकी को हल्दी और मेहंदी...



# शहर में 1500 से ज्यादा परिवार डेंजर जोन में, 6 साल से निगम केवल जारी कर रहा नोटिस

**नहीं बन पाई विस्थापन की योजना, जर्जर आवासों में रहने को मजबूर, 600 से ज्यादा परिवार ऐशबाग के जनता क्वार्टर में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में 1500 से ज्यादा परिवार बीते छह साल से डेंजर जोन में रहने को मजबूर हैं। जबकि 600 से ज्यादा तो ऐशबाग क्षेत्र में जनता क्वार्टर के वे आवास हैं, जो डेंजर घोषित हैं और इसके लिए वहां बाकायदा बोर्ड भी लगा है, लेकिन इन आवासों में रहने वाले परिवारों के विस्थापन की योजना केवल नोटिस देने तक ही सीमित है। जबकि अन्य आवास पुराने शहर में हैं। बारिश के मौसम में ऐसे आवासों में रहने वाले परिवारों को आवास खाली करने के केवल नोटिस दिए जाते हैं। बीते छह साल से हर साल निगम उन्हें नोटिस दे रहा है।

चार साल पहले नगर निगम ने शहर में 1500 से ज्यादा जर्जर आवास चिन्हित किए थे। यह ऐसे आवास हैं, जो कभी भी ढह सकते हैं। इनमें से 600 से ज्यादा को खाली करने के नोटिस दिए गए, लेकिन स्थानीय विरोध के चलते आवास खाली नहीं हुए। दरअसल इन आवासों में रहने वालों के लिए विस्थापन एक बड़ी समस्या है। जिसे लेकर निजी आवासों को छोड़कर हाउसिंग बोर्ड और नगर निगम भी कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है, क्योंकि 600 आवासों का निर्माण 1986 में हाउसिंग बोर्ड ने करवाया था, लिहाजा विस्थापन की योजना उन्हीं के जिम्मे कर दी गई।

## 1986 में हाउसिंग बोर्ड ने बनाए थे आवास, अब हुए खस्ताहाल

### पुराने शहर में ऐसे कई आवास, जो 100 साल से ज्यादा पुराने

पुराने शहर में 100 से ज्यादा ऐसे आवासों में लोग रह रहे हैं जो जर्जर हो रहे हैं और 100 साल से ज्यादा पुराने हैं। हालांकि इनका मेंटेनेंस निजी स्तर पर जरूर हो रहा है, लेकिन बारिश के मौसम में इनसे हादसे का खतरा बना रहता है।



ऐशबाग के जनता क्वार्टर में जर्जर हो चुके आवास।

## निगम ने हाउसिंग बोर्ड को लिखा पत्र, नगर निगम सहयोग के लिए तैयार

### इसलिए उलझा है विस्थापन का मामला

ऐशबाग के जनता क्वार्टर हाउसिंग बोर्ड ने बनवाए हैं, लेकिन बोर्ड उनके लिए कोई योजना नहीं बना पा रहा है। निगम हर साल हाउसिंग बोर्ड को भी नोटिस जारी करता है। निगम प्रशासन का तर्क है कि हाउसिंग बोर्ड योजना बनाए तो सहयोग निगम करने को तैयार है। हालांकि हाल ही में निगम प्रशासन की ओर से हाउसिंग बोर्ड को पत्र लिखा गया है।

## डेंजर घोषित भवनों का बोर्ड लगाया था, दो साल बाद भी कार्रवाई नहीं

### इन क्षेत्रों में हैं डेंजर भवन

हमीदिया रोड, इब्राहिमपुरा, लखेरापुरा, बुधवारा, शाहजहांनाबाद, काजीकैंप, ऐशबाग, इंद्रपुरी अंजता कॉम्प्लेक्स

### शासन स्तर पर चल रही प्रक्रिया

जोन-11 के सहायक सिविल यंत्री अमन सिंह का कहना है कि जनता क्वार्टर हाउसिंग बोर्ड ने बनवाए थे। वहां रहने वाले परिवारों के लिए विस्थापन की योजना भी उन्हीं को बनानी है, इस काम में निगम सहयोग करने को तैयार है। शासन स्तर पर इसकी प्रक्रिया चल रही है।

## नगर निगम ने दो कंसलटेंट की नियुक्ति पर लगाई रोक

**भोपाल।** नगर निगम प्रशासन लगातार गैर-जरूरी खर्चों को रोकने के लिए कदम उठा रहा है। इसी दिशा में निगम प्रशासन ने स्वच्छता को लेकर दो कंसलटेंट को रखने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। दरअसल कंसलटेंट के माध्यम से शहर में सफाई के प्रति जागरुक करना व इससे संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाए जाते हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में निगम ने 7-स्टार रेटिंग हासिल की थी। तत्कालीन आयुक्त हरेंद्र नारायन के कार्यकाल में जून माह में यह सर्टिफिकेट निगम को मिला था। इस प्रमाण-पत्र की अवधि बढ़ाकर डेढ़ साल कर दी गई। ऐसे में अगले साल तक कंसलटेंट की सेवाओं की आवश्यकता नहीं है।

## विसर्जन घाट पर गंदगी मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

**भोपाल।** राजधानी के सैर-सपाटा विसर्जन घाट पर गंदगी और बदबू फैलने के मामले को मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान में लिया है। आयोग ने इस संबंध में नगर निगम से दो सप्ताह में जांच रिपोर्ट मांगी है। इसी तरह भानपुर इलाके में 16 साल पुराने ओवरब्रिज के नीचे गार्डन बनने की जगह 100 से अधिक अवैध गुमठियां संचालित हो रही हैं। इस मामले में भी आयोग ने निगम से रिपोर्ट तलब की है।

## काम में तेजी लाने स्मार्ट सिटी के दफ्तर में बनाया कंट्रोल कमांड सेंटर

# एसआईआर की शुरुआत में ही गायब हो गए 50 हजार वोटर्स, अपने तय पते पर नहीं मिले

**33 हजार 674 मतदाताओं को नहीं मिले गणना पत्रक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं पर किए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के लिए 2029 बीएलओ को फील्ड में उतारा गया है। ऐसे में 49 हजार 773 मतदाता अपने तय पते पर नहीं मिले हैं। जिसको लेकर बीएलओ इनकी तलाश नहीं कर पाए हैं। ऐसे में इन मतदाताओं को एबसेंट की केटेगरी में डालकर अनकलेक्टेबल माना जा रहा है। इधर 33 हजार 674 मतदाताओं को अब तक गणना पत्रक ही नहीं मिले हैं। जिसकी वजह से काम की रफ्तार में तेजी नहीं आ पा रही है। पिछले 21 दिनों के दौरान जिले में 38 फीसदी काम दिख रहा है, जबकि अगले दस दिन में करीब साठ फीसद काम निपटाना पड़ेगा।

फील्ड में उतरे बीएलओ अब मतदाताओं से भरे हुए गणना पत्रक ले रहे हैं, जिन्हें बीएलओ एप पर डिजिटाइज किया जा रहा है। काम की रफ्तार बढ़ाने के लिए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने स्मार्ट सिटी के दफ्तर में कंट्रोल कमांड सेंटर बनाया है। जहां पर बीएलओ द्वारा कलेक्ट किए गए गणना पत्रकों को डिजिटाइज करने का काम किया जा रहा है।

**ऑपरेटर्स की मदद से फार्म कर रहे डिजिटाइज**

**21 दिनों के दौरान जिले में हुआ 38 फीसदी काम**



वालंटियर्स से चर्चा करते डिप्टी डीईओ भुवन गुप्ता।

### दस दिन में करना पड़ेगा साठ फीसदी काम

चार नवंबर से शुरु हुए एसआईआर के काम में शुरुआती दिनों में गणना पत्रक बांटने और वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम खोजने में लोगों को खासी दिक्कत हुई। अब जब मतदाता गणना पत्रकों को भरकर ला रहे हैं, जो उनके फार्म में गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। ऐसे में इन लोगों के फार्म डिजिटाइज करने में दिक्कत आएगी। इधर अब तक 7 लाख 96 हजार 892 गणना पत्रक अपलोड कर दिए गए हैं, जबकि 13 लाख 29 हजार 16 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जाने हैं।

### सात बीएलओ चुने गए स्टॉर ऑफ द-डे

सोमवार को टारगेट पूरा करने वाले बीएलओ बैरसिया महेंद्र सिंह ठाकुर, उत्तर के हेमचंद जायसवाल, नरेला की अनीता गोयल, दक्षिण-पश्चिम के शाहिद अली, मध्य के शफकत अली, गोविंदपुरा के सुनील सनोडिया और हुजूर की नीता वासनिक को स्टॉर ऑफ द डे घोषित किया है। इन्हें प्रशंसा पत्र देने के साथ ट्रॉफी भी दी जाएगी।

### तेजी से काम कर रहे बीएलओ

गणना पत्रक वापसी और डिजिटाइज करने का काम तेजी से किया जा रहा है। मतदाताओं की मदद के लिए राजनैतिक दलों के बीएलए भी काम कर रहे हैं। आम मतदाताओं से जल्द से जल्द गणना पत्रक बीएलओ को देने की अपील की गई है।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर**

## मां का हुआ निधन, कुमारी गौड़ बोलीं- पार्थिव देह आने में देर, तब तक करूंगी बीएलओ की ड्यूटी

लोकतांत्रिक प्रणाली के प्रति सच्ची निष्ठा और कर्तव्य के प्रति समर्पण कैसा होता है, यह उदाहरण इंदौर जिले की सॉफ्टबॉल खिलाड़ी और विक्रम अवॉर्ड प्राप्त कुमारी नीलू गौड़ ने पेश किया है। वर्तमान में वे वाणिज्यिक कर कार्यालय इंदौर में सहायक ग्रेड-तीन के पद पर कार्यरत हैं। निर्वाचन कार्यों के दौरान उन्हें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक इंदौर-5 के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) का दायित्व सौंपा गया है। कुमारी गौड़ ने जब बीएलओ के रूप में कार्यभार ग्रहण किया, तब उनकी माताजी कैंसर की अंतिम अवस्था से जूझते हुए इंदौर के एक अस्पताल में भर्ती थीं। दिनभर अपने दायित्वों का निर्वहन और अस्पताल में माताजी की देखभाल, दोनों मोर्चों पर वे अदम्य साहस के साथ डटी रहीं। वह सुबह से लेकर रात 9-10 बजे तक लगातार घर -घर जाकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य फॉर्म पहुँचाना, भरवाना, कलेक्ट करना और डिजिटाइजेशन कराना आदि कार्यों में जुटी रहीं। डॉक्टरों ने उन्हें पहले ही सूचित कर दिया था कि उनकी माताजी अंतिम स्टेज पर हैं, परंतु कुमारी गौड़ ने इस भावनात्मक पीड़ा को भी जिम्मेदारी की राह में बाधा नहीं बनने दिया।

### बात सुनकर अधिकारी हुए भावुक

कुमारी गौड़ के जीवन में 22 नवम्बर को सबसे दुखद पल आया, उनकी माताजी का निधन हो गया। अवर्णनीय पीड़ा के उस क्षण में भी उनका पहला विचार कर्तव्य था। सुबह 6 बजे उन्होंने रोते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को फोन पर सूचित किया और कहा कि सर, अभी माताजी के पार्थिव शरीर को अस्पताल से लाने में समय लगेगा। तब तक मैं मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के कार्य में करती रहूंगी और फॉर्म कलेक्ट करके घरों से लाती रहूंगी। उनकी बात सुनकर प्रशासनिक व निर्वाचन विभाग के अधिकारी भावुक हो उठे। मातृ-वियोग की पीड़ा के बीच भी अपने दायित्व को सर्वोपरि रखना, कुमारी गौड़ के अद्भुत संकल्प और श्रद्धा को दर्शाता है।

### समाज और राष्ट्र सेवा की मिसाल

कुमारी गौड़ का यह समर्पण हर सरकारी कर्मचारी, खिलाड़ी और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कुमारी गौड़ आज तक 540 से अधिक मतदाताओं के घरों तक फॉर्म पहुंचा चुकी हैं और लगभग 125 से अधिक फॉर्म कलेक्ट कर डिजिटाइज़ भी कर चुकी हैं। यह उपलब्धि बीएलओ के लिए प्रेरणादायक है।

**प्रदेश के दक्षिण पूर्वी हिस्से में हो सकती है बूंदाबांदी**

## भोपाल में सुबह-शाम बराबर नमी, कई जिलों में रात का पारा चढ़ा, 30 तक बौछारों की उम्मीद



निशातपुरा रोड पर सोमवार शाम साढ़े पांच बजे छाया कोहरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में हवाएं बदलने और अरब सागर तथा बंगाल की खाड़ी में सिस्टम होने से प्रदेश में नमी बढ़ रही है। भोपाल में सोमवार को सुबह और शाम को लगभग बराबर नमी रही। इससे भोपाल सहित एक दर्जन जिलों में बादलों का असर रहा। अब इस सप्ताह में कई जिलों में बौछारें भी पड़ने की उम्मीद है। भोपाल में भी मौसम बदलने के आसार हैं।

विशेषकर दक्षिण पूर्वी मप्र के कई जिलों में घने बादल, 29 नवंबर से 3 दिसंबर के बीच बूंदाबांदी की उम्मीद है। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को विशेष बदलाव नहीं होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार आगामी दिनों में पूर्वी और दक्षिण पूर्वी मप्र में मौसम बदलने के बाद रात का पारा 3 डिग्री तक गिर सकता है। इस सप्ताह के अंत में घने बादल और बौछारें पड़ सकती हैं।

### यहां नमी 80 से 90 फीसदी तक

भोपाल में सुबह 69 और शाम को 61 प्रतिशत रही। विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार एक वेलमार्कलो प्रेशर एरिया मलेशिया और मलक्का के आसपास है, जबकि इसके साथ ही एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी सक्रिय है। मंगलवार तक यह अंडमान सागर के ऊपर सक्रिय होगा। इसके लगातार आगे बढ़ने से दो दिन में यह बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान के रूप में बदल सकता है। इससे प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में नमी और बढ़ेगी, जबकि एक सकुर्लेशन दक्षिण पूर्वी अरब सागर में सक्रिय होने से भी नमी की मात्रा बढने के आसार हैं। इससे इस सप्ताह के अंत में यानि 29 नवंबर से 3 दिसंबर के बीच प्रदेश में मौसम बदल सकता है।

**एएचओ का दावा- स्वच्छता की जानकारी ले रहे थे**

## एएचओ का अधीनस्थ कर्मचारी से गाली-गलौच करते ऑडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के जोन-15 के एएचओ द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारी के साथ गाली-गलौच करने का ऑडियो सोशल मीडिया में प्रकाश में आया है।

इस ऑडियो में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी मगनलाल झा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में लगे सफाई कर्मचारी से सफाई करने की जानकारी पूछ रहे हैं। ऑडियो में उनके द्वारा गाली-गलौच भी की गई है। झा ने हरिभूमि को बताया कि वे सफाई कर्मचारी से जानकारी ले रहे थे और सभ्य तरीके से ही पूछ रहे थे, लेकिन उन्हें गुमराह कर जो काम बताया गया था, उसे सफाई कर्मचारी द्वारा नकारा जा रहा था। सफाई कर्मचारी से जानबूझकर गाली-गलौज करने का कोई मकसद नहीं था।

## गूगल एप पर आई प्रॉपर्टी की गाइडलाइन, नहीं होगी स्टांप चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रजिस्ट्री के लिए लागू किया जाने वाला संपदा टू को लागू कर दिया है। जिसके लिए जिले में करीब सात लाख प्रॉपर्टी में से 90 फीसदी की आईडी तैयार हो गई है। आईडी में प्रॉपर्टी की पूरी जानकारी, कॉर्नर की जमीन है या फ्लैट है, ड्यूप्लेक्स, मकान या खाली प्लॉट है, दर्ज हो गई है।

रजिस्ट्री के दौरान प्रॉपर्टी की आईडी डालते ही सही जानकारी सामने आ जाएगी। इसमें प्रॉपर्टी फर्जीवाड़े के साथ स्टांप चोरी रुकेगी, जिसके लिए विभाग की वेबसाइट एमपीआइजीआर.जीओवी.आइएन पर जाकर एक यूजर आईडी बनाना होगी। प्रॉपर्टी की आईडी डालते ही उसकी पूरी जानकारी उसमें मिल जाएगी। इसी आधार पर कलेक्टर गाइडलाइन से प्रॉपर्टी स्टाम्प शुल्क की गणना भी सॉफ्टवेयर कर देगा। डीड तैयार कर मॉडगेज का दस्तावेज रजिस्टर्ड हो जाएगा। इस काम को विदेश में बैठा व्यक्ति भी आसानी से कर सकेगा।



### पंजीयन कार्यालय के लिए चक्कर काटने पड़ते हैं

अधिकतर प्रॉपर्टी बैंक लोन पर होती है, ऐसे में कई प्रॉपर्टी के मॉडगेज के लिए कई-कई बार पंजीयन कार्यालयों और बैंक के चक्कर काटने होते हैं। अगर सर्वर परेशान करता है तो ये परेशानी और बढ़ जाती है। वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वपनेश शर्मा का कहना है कि संपदा 2.0 लागू होने के साथ प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री में ज्यादा सटीकता आ गई है। स्टांप ड्यूटी की चोरी भी अब नहीं होगी।

**डॉक्टर बोले- अब खाना खाने के साथ थोड़ा-थोड़ा चलने भी लगी**

# 6 साल की मासूम की सेहत में सुधार, एम्स के डॉक्टर बोले- अब खतरे से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौहरगंज में छह साल की मासूम हुए दुष्कर्म मामले में तीन दिन बाद सोमवार को अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल भोपाल एम्स में बच्ची का इलाज चल रहा है। जहां अब मासूम की हालत में सुधार है। बच्ची खतरे से बाहर है। एम्स डॉक्टर्स का कहना है अब बच्ची खतरे से बाहर है। खाना खाने के साथ चलने भी लगी है। परिजनों ने भी मुलाकात की है।

उल्लेखनीय है कि रायसेन जिले के गौहरगंज में छह साल की मासूम से शुक्रवार को सलमान नाम के दरिंदे द्वारा चॉकलेट का लालच दिखाकर दुष्कर्म किया था।

बच्ची को गंभीर हालात में एम्स भोपाल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। जहां मासूम दो दिनों से जिंदगी की जंग लड़ रही थी, लेकिन अब खतरे से बाहर है।

### खास बातें

- एम्स में मासूम की डॉक्टरों ने की थी सर्जरी
- बच्ची को पूरी तरह से ठीक होने में समय लगेगा
- परिजनों ने भी मासूम से मुलाकात की
- बच्ची को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था




### एम्स अस्पताल के डॉक्टरों की विशेष टीम कर ही इलाज

जानकारी के अनुसार छह साल की मासूम से सलमान नाम के दरिंदे ने मासूम के साथ रेप के करने के साथ उनके मलद्वार में भी हैवानियत की थी। इससे बच्ची का मलद्वार बस्ट हो गया था। डॉक्टरों ने रविवार मल द्वार का ऑपरेशन किया है। जिससे वह ठीक हो सके। साथ ही पेट में छेद कर एक मलद्वार बना है। एम्स डॉक्टर्स का कहना है कि मलद्वार को पूरी तरह से ठीक होने में समय लगेगा। एम्स डॉक्टर्स की एक विशेष टीम बच्ची का इलाज कर रही है। अब सेहत में बहुत हद तक सुधार है।

### विधायक पटवा एम्स पहुंचे, बच्ची के बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिए



विधायक सुरेंद्र पटवा बुधवार को एम्स हॉस्पिटल पहुंचे और गौहरगंज की मासूम बेटी के माता-पिता से भेंट की। इसके बाद उन्होंने चिकित्सकों से बच्ची के स्वास्थ्य एवं उपचार से की जानकारी प्राप्त की। विधायक पटवा ने कहा कि मानवता को भी शर्मसार करने वाली है, जिसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। ईश्वर से प्रार्थना है कि बिटिया को शीघ्र पूर्णतः स्वस्थ होने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मामले की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। शासन भी मदद करेगा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से कहा कि बेटी के समुचित इलाज की बेहतर व्यवस्था की जाए।

### दुष्कर्मी को शीघ्र गिरफ्तार किया जाना चाहिए: पचौरी



पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने गौहरगंज क्षेत्र में छह साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अत्यंत शर्मसार करने वाली व दिल दहलाने वाली बताया। पचौरी ने कहा कि दुष्कर्मी को शीघ्र गिरफ्तार किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार बच्चियों के साथ राक्षसी प्रवृति करने वाले दुष्कर्मी को अविलंब फांसी देना चाहिए। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

भोपाल
मंगलवार, 25 नवंबर 2025
अगहन मास शुक्ल पक्ष -05
वर्ष : 12, अंक : 235
पृष्ठ : 16+8=24 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 16

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

10 भारत को क्लीन स्वीप का खतरा...



विचार पेज
06 लोकतंत्र की गीता हमारा...

# जस्टिस सूर्यकांत 53वें प्रधान न्यायाधीश बने, हिंदी में ली शपथ जस्टिस गवई ने लगाया गले, अपनी आधिकारिक कार भी छोड़ी

## हरियाणा के छोटे गांव पेटवाड़ से निकले जस्टिस सूर्यकांत दृढ़ इच्छाशक्ति व परिश्रम की सबसे बड़ी मिसाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

धूप की तपिश में पसीने से तरबतर एक दुबला-पतला किशोर अपने भाइयों के साथ मेहनत करने में मशगूल था। अचानक उसने थ्रेशर मशीन बंद कर दी, आसमान की ओर देखा और बुलंद आवाज में कहा कि मैं अपनी जिंदगी को बदल दूंगा.... हरियाणा के छोटे गांव पेटवाड़ से निकले जस्टिस सूर्यकांत अब भारत के 53वें प्रधान न्यायाधीश बन गए हैं। राष्ट्रपति भवन में सोमवार को जस्टिस सूर्यकांत ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई, उनके शपथ ग्रहण की खास बात ये रही कि उन्होंने ये हिंदी ▸▸ शेष पेज 2 पर

**शपथ ग्रहण के बाद** न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

**जस्टिस सूर्यकांत** 24 नवंबर 2025 से 9 फरवरी 2027 तक 15 महीने देश की सर्वोच्च अदालत का नेतृत्व करेंगे



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई



शपथ के बाद हस्ताक्षर



पूर्व सीजेआई ने गले लगाया



समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी समेत दिग्गज रहे मौजूद

### छह देशों के चीफ जस्टिस परिजनों समेत हुए शामिल

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत का शपथ ग्रहण ऐतिहासिक रहा क्योंकि इसमें छह देशों- भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज शामिल हुए। यह पहली बार है कि किसी भारतीय मुख्य न्यायाधीश के शपथ ग्रहण में इतनी संख्या में विदेशी न्यायिक प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए।

### कोर्ट नंबर 1 में सीजेआई सूर्यकांत ने शुरू किया काम

सीजेआई सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट के कोर्ट नंबर 1 में अपना काम शुरू कर दिया है। कोर्टरूम में मौजूद वकीलों ने नए सीजेआई, जस्टिस सूर्यकांत का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी, जब उन्होंने बेंच पर जस्टिस जॉयमाल्या बागची और अतुल एस. चंदुरकर के साथ सुप्रीम कोर्ट में आधिकारिक कार्यवाही शुरू की।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### मनचले को दो महिलाओं ने जमकर धुन डाला

**उज्जैन।** नागदा में नाबालिग लड़की को परेशान करने के मामले में महिलाओं ने आरोपी की जमकर



पिटाई कर दी। इसके बाद मौके पर मौजूद भीड़ ने भी आरोपी को पीटा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसमें दो महिलाएं अधेड़ उम्र के आरोपी को चप्पलों से पीटते दिख रही हैं। उनागदा थाना क्षेत्र की श्री राम कॉलोनी निवासी 16 वर्षीय किशोरी को बिड़लाग्राम निवासी सुंदरलाल नाम का अधेड़ कई दिनों से परेशान कर रहा था। परिजनों के अनुसार आरोपी आए दिन नशे में लड़की के घर के बाहर आकर हंगामा करता था।

### आजाद हिंद फौज के सिपाही शास्त्री नहीं रहे

**बैतूल।** आजाद हिंद फौज के सिपाही राधाकृष्ण (राधा किशन) सिंह शास्त्री का 105 वर्ष की उम्र में



निधन हो गया। उन्होंने सोमवार को अंतिम सांस ली। सिंह का जन्म 1 जनवरी 1920 को बर्मा (म्यांमार) में हुआ था। वे माता-पिता के साथ भारत-बर्मा आते-जाते रहते थे। स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में उन्हें सम्मानित किया था। जीवन के अंतिम दिनों तक वे 'जय हिंद' के नारे के साथ लोगों का अभिवादन करते थे और आजाद हिंद फौज की वर्दी जैसा सफेद पैंट-शर्ट पहनना उनकी आदत बन गई थी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजधानी में वाटर शेड महोत्सव का किया शुभारंभ

# जपं उपाध्यक्षों के सुझावों पर होगा अमल सरपंच 25 लाख रु. तक कर सकेंगे खर्च

**जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों में खंडवा प्रथम, रायसेन द्वितीय, बालाघाट तृतीय**

*सीएम ने कहा कि पंचायतों को प्रशासनिक रूप से दक्ष, वित्तीय रूप से सक्षम और सामुदायिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना प्राथमिकता*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिला पंचायत और जनपद पंचायतों के उपाध्यक्ष अभी शिक्षा समितियों के अध्यक्ष होते हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान उनके सुझावों को शामिल नहीं किया जाता। अब उनकी ओर से किए विद्यालय के निरीक्षण और सुझावों को लिपिबद्ध किया जाएगा। राज्य शासन इन्हें अमल में लेकर कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार ने सरपंचों को पंचायत की गतिविधियों के लिए 25 लाख रुपए तक की राशि खर्च करने का अधिकार दिया है। यह तो केवल शुरुआत है, इस दिशा में आगे भी और पहल की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में पंचायतों को आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने जब आत्मनिर्भर भारत और सुशासन का दृष्टिकोण रखा, ▸▸ शेष पेज 2 पर

**मुख्यमंत्री ने जिलों के कलेक्टर एवं अधिकारियों को किया सम्मानित**



कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएम डॉ.मोहन यादव

### जिला, जनपद और पंचायत प्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यकः पटेल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि विकास और जनकल्याण गतिविधियों के बेहतर संचालन के लिए पंचायत प्रतिनिधियों और जिला जनपद अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गांवों में बीमारियां न हों, स्वच्छता के हरसंभव उपाय हों, गांव नशामुक्त हों, गांव में आपसी विवाद न हों और सामाजिक बुराइयों को रोकने में ग्राम पंचायतें सामूहिक इच्छा शक्ति के साथ कार्य करें, यह भी आदर्श आत्मनिर्भर पंचायत के लिए जरूरी है।

### पंचायतें निवेश और निवास की बेहतर व्यवस्था के लिए बनाएं मास्टर प्लान

*मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पंचायतों को पीने के पानी का प्रबंध करने का अधिकार दिया है। निवेश और निवास की बेहतर व्यवस्था के लिए मास्टर प्लान बनाएं। इसकी शुरुआत विदिशा जिले से की जा रही है। सरकार* ▸▸ शेष पेज 2 पर





सीएम ने उत्कृष्टता के लिए सम्मान किया

### संस्थाओं और नॉलेज पार्टनर संस्थाओं को पुरस्कृत किया

*डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटर शेड विकास 2.0 के तहत वाटर शेड महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, सहयोगी संस्थाओं और नॉलेज पार्टनर संस्थाओं को पुरस्कृत भी किया। मुख्यमंत्री को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह सहित बड़ी संख्या में जन-प्रतिनिधि, विषय-विशेषज्ञ व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। यह कार्यशाला 26 नवंबर तक चलेगी।*

## दिल्ली एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा

# आईएलएस सिग्नल खोया, अफगान की फ्लाइट गलत रनवे पर उतर गई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर रविवार को बड़ा हादसा होने से बच गया, जब काबुल से आ रही एरियाना अफगान



एयरलाइंस की एक फ्लाइट गलती से उस रनवे पर उतर गई, जहां से उसी समय एक अन्य विमान टेक ऑफ कर रहा था। काबुल से दिल्ली आ रही अफगान ▸▸ शेष पेज 2 पर

**आईएलएस एक प्रिसिजन रेडियो नेविगेशन सिस्टम**

### यह सिस्टम विमान को रनवे तक सुरक्षित पहुंचाता है

आईएलएस एक प्रिसिजन रेडियो नेविगेशन सिस्टम है, जो विमान को रात, खराब मौसम और कम दृश्यता की स्थिति में भी रनवे तक सुरक्षित तरीके से पहुंचाने ▸▸ शेष पेज 2 पर

## गुजरात से कुंजापुरी मंदिर दर्शन के लिए आए थे

# बस लगभग 70 मीटर गहरी खाई में जा गिरी, 5 श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी ▸▸ टिहरी (घनसाली)

टिहरी जिले के नरेंद्रनगर कुंजापुरी मंदिर के समीप एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में 29 यात्री सवार थे, जो गुजरात से कुंजापुरी मंदिर दर्शन के लिए आए हुए थे।

■ घायलों को नजदीक के अस्पतालों में भेजा गया

सोमवार दोपहर जिला नियंत्रण कक्ष टिहरी द्वारा एसडीआरएफ वाहिनी नियंत्रण कक्ष को थाना क्षेत्र नरेंद्रनगर के अंतर्गत कुंजापुरी–हिंडोलाखाल के पास एक



खाई में गिरी हुई बस

बस के लगभग 70 मीटर गहरी खाई में गिरने की सूचना मिली। बस में 29 लोग सवार थे। मौके पर पहुंची पुलिस-प्रशासन की टीम ने बस से घायलों ▸▸ शेष पेज 2 पर

## एशियन जूडो चैंपियनशिप

# सागर की यामिनी मौर्य ने चीन में जीता स्वर्ण पदक

**कोरियाई खिलाड़ी को पटखनी दी**



गोल्ड मेडल के साथ यामिनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सागर

हॉन्गकॉन्ग में आयोजित एशियन जूडो चैंपियनशिप में सागर की होनहार जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कुल 18 देशों ने हिस्सा लिया था। यामिनी ने चारों मुकाबले जीते। फाइनल में उन्होंने कड़े मुकाबले में कोरिया की खिलाड़ी को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया। यामिनी मौर्य 57 किलोग्राम वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही थीं।

# इंडिया गेट पर नक्सलियों का किया सपोर्ट

**6 को पटियाला हाउस कोर्ट में किया गया पेश**

**पुलिस ने कोर्ट में दिखाए वीडियो**



**दिल्ली के प्रदूषण की 'आड़' में हिड़मा के समर्थन में लगाए नारे**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के इंडिया गेट पर प्रदर्शन करने वालों में से 6 लोगों को सोमवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 22 पर एफआईआर दर्ज की हैं। एक कर्तव्यपथ थाने में ▸▸ शेष पेज 2 पर

## अदालत ने दिया महत्वपूर्ण फैसला

# कोल्डड्रिंक में शराब पिलाकर नाबालिग से दुष्कर्म, तीन को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

जिले में विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) ने नाबालिग बालिका से सा मू हि क दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपियों को आ जी व न



कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक आरोपी पर 38,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला ▸▸ शेष पेज 2 पर

### बड़वानी में मानसिक रूप से कमजोर युवती से रेप

***बड़वानी।*** *जिले के जुलवानिया थाना क्षेत्र में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। सोमवार को पुलिस ने इस मामले में खरगोन जिले के बिस्टान निवासी आरोपी राकेश पिता सखाराम को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना रविवार रात में नीमघाट में हुई, जब 26* ▸▸ शेष पेज 2 पर

## स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप

# एंबुलेंस नहीं मिली, प्रसूता ने सड़क पर बच्ची जन्मी

**छर्च के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था**



जहां प्रसव कराना पड़ा, वही स्थल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शिवपुरी

शिवपुरी जिले के छर्च-पोहरी मार्ग पर एंबुलेंस न मिलने के कारण एक प्रसूता ने सड़क पर ही बच्ची को जन्म दिया। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। यह घटना तब हुई जब महिला को छर्च के स्वास्थ्य केंद्र से पोहरी रेफर किया गया, लेकिन जननी 108 एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पाई। छर्च गांव की 30 वर्षीय मंजू जाटव पत्नी राजू जाटव को ▸▸ शेष पेज 2 पर

## महोबा भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य पन्नालाल बिरयानी खाने से बीमार

# 40 की हाफ प्लेट में नेता जी को नहीं मिला स्वाद, पुलिस दुकान से उठा ले गई पतीले

**बिरयानी को जब्त कर सैंपलिंग के लिए भेजा**



पतीला ले जाती पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छतरपुर

यहां भाजपा नेता को चिकन बिरयानी में मजा न आने पर नेता जी ने पुलिस से खराब बिरयानी होने की शिकायत कर दी। पुलिस ने नेता जी की शिकायत पर बिरयानी को जब्त कर सैंपलिंग के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक छतरपुर शहर के थाना ओरछा रोड क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित स्वादिष्ट चिकन बिरयानी की दुकान पर उस समय हड़कंप मच गया, जब महोबा भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य पन्नालाल अहिरवार बिरयानी खाने के बाद अचानक बीमार हो गए।

दरअसल, पन्नालाल अहिरवार एक मरीज को लेकर छतरपुर के निजी अस्पताल आए थे। दोपहर लगभग 12 बजे उन्होंने ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित चिकन बिरयानी की दुकान से रु 40 की हाफ प्लेट बिरयानी खरीदी। बिरयानी खाने के दौरान उन्हें खराब स्वाद और गंध महसूस हुई। नेता जी बतौर फरियादी करीबी ओरछा रोड थाने पहुंच गए और बिरयानी ▸▸ शेष पेज 2 पर

**दो अलग खबरें**

**अंधविश्वास से वन्यजीवों की तस्करी और क्रूरता के मामले बढ़े**

## कुछ लोग कीमती वन्यजीव को ले जाकर तंत्र-क्रिया कर रहे थे

# बालाघाट में कछुए से धन बरसाने की चल रही थी तैयारी, सभी 9 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालाघाट

अंधविश्वास की गिरफ्त में आकर धनवर्षा की उम्मीद में कछुओं से तांत्रिक क्रिया करने निकले 9 लोगों को लांजी वन विभाग ने दबोच लिया।

टीम ने स्कॉर्पियो से दो जीवित कछुए बरामद किए, जो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची-1 में शामिल अत्यंत संरक्षित प्रजाति है। वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी की टीम को देर रात सूचना मिली थी कि



जब्त किए गए कछुए

कुछ लोग कीमती वन्यजीव को ले जाकर तंत्र-क्रिया की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही कोसमारा–लांजी मार्ग पर फौरन नाकेबंदी कर दी गई। तलाशी के दौरान संदिग्ध स्कॉर्पियो (एमपी 39 बीबी 1128) रोकी गई। बैग चेक किए गए तो उनमें दो जीवित कछुए रखे मिले। गिरफ्तारी के बाद जब टीम ने ▸▸ शेष पेज 2 पर

## जैकेट का शेष...

### पल-पल 'दिल ...

थे। स्टारडम को उनको कोई घमंड नहीं था। उनको उनके दर्शक समाज ने विभिन्न भूमिकाओं में गढ़ा था। वे अपने से लगते थे। देओल परिवार भले ही उनकी बीमारी व निधन को व्यक्तिगत क्षति मानता हो पर उनके दर्शक समाज के लिए यह सार्वजनिक क्षति है। उनको याद करके एक आम दर्शक की आंखों में आंसू हैं। जिनके साथ उन्होंने काम किया है, वे भी भावुक हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि धरम जी के युग का अंत हो गया। उनकी सादगी व विनम्रता हमेशा याद रखी जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमिताभ बच्चन समेत हर फील्ड के दिग्गजों ने उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं।

### उनकी 'ही-मैन' ...

बाहुबली हो गए थे। ही-मैन की छवि उनकी एक फिल्म से बनी, जब वे अपनी शर्ट एक महिला भिखारी को उतारकर पहना देते हैं।

### उनको दिलीप कुमार ...

जाता, फिल्मी पोस्टर्स में अपनी झलक देखता, रातों को जागता, अनहोने ख्वाब देखता, सुबह उठकर आइने से पूछता, मैं दिलीप कुमार बन सकता हूं क्या?

### जंगल में हो...

पीड़ित परिजनों को समझाइए देकर नेशनल हाईवे का जाम खुलवाया। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द आरोपी गिरफ्तारी हो जाएगी। वहीं, रायसेन में महिला और बच्चों का प्रदर्शन लगातार जारी है। जिले के सुल्तानपुर, गौहरगंज, बिनेका तथा रायसेन, मंडीदीप नगर में हिंदू संगठनों द्वारा जगह-जगह धरना प्रदर्शन चक्का जाम किए जा रहे हैं। मंडीदीप में भी सोमवार को सैकड़ों युवाओं ने भोपाल-होशंगाबाद हाइवे पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रथम ढाबे के सामने सुबह करीब 11 बजे शुरू हुआ धरना शाम लगभग 4 बजे तक चला, यानी पूरे 5 घंटे तक हाइवे दोनों तरफ से पूरी तरह ठप रहा। राहत की बात यह है कि बच्ची की हालत में भोपाल एम्स में अब थोड़ा सुधार है और उसे आईसीयू से सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। वह मां-पिता से बात कर रही है। उसने कुछ खाना भी खाया। सोमवार को रायसेन कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा उसे देखने एम्स आए।

### एडिशनल एसपी बोले-...

बल बुलाया गया है। जंगल के इलाके में ड्रोन से सर्चिंग की गई है। इसके अलावा डॉग स्क्वाड की टीम भी लगाई गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में इनाम पहले से ही घोषित किया गया है। हमारा पूरा प्रयास है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उसके बारे में सुराग मिला है।

### घने जंगलों में ....

देते हुए बताया कि युवक के पास आरोपी के पास कोई मोबाइल फोन नहीं है। जो पुराना फोन है वह घर पर था। मोबाइल फोन अगर होता तो आरोपी की गिरफ्तारी जल्द ही हो जाती।

### बीएमओ डॉ. अमृता ...

जीवने की ड्यूटी आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरबई (सांची) में लगाई है। 6 साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के कारण गंभीर हालत में औबेदुल्लागंज अस्पताल लाने पर कोई डॉक्टर नहीं मिले और बीएमओ डॉक्टर अमृता जीवने ने फोन भी नहीं उठाया और एंबुलेंस की व्यवस्था भी नहीं की ।

### ज्वेलरी शॉप में...

ने सोमवार सुबह शॉर्ट एनकाउंटर में बदमाश कपिल यादव को गोली मारकर पकड़ा है। इसके बाद बदमाश के पिता और अन्य रिश्तेदारों ने व्यापारी का नाम लेकर धमकाया था। बदमाश के परिजनों को कहना था कि पूरा शॉर्ट एनकाउंटर सराफा व्यापारी महावीर जैन के इशारे पर हुआ है। पुलिस बाइक सवार बदमाशों की पहचान कर पूरे शहर में नाकाबंदी कर दी है।

### 4 मिनट के अभिजीत....

ने घोषणा की है कि इस साल का उत्सव खास तौर पर बड़ा होगा। भगवान महादेव, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, सूर्यदेव, मां भगवती, मां अन्नपूर्णा और शेषावतार को समर्पित सहायक मंदिरों को मुख्य मंदिर के साथ बड़े पैमाने पर सजाया गया है। काशी के जाने-माने विद्वान गणेश्वर शास्त्री के निर्देशन में अयोध्या, काशी और दक्षिण भारत के 108 आचार्यों द्वारा रस्में निभाई जाएंगी।

## पेज 1 का शेष....

### जस्टिस सूर्यकांत 53वे...

में ली। जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर, 2025 से 9 फरवरी, 2027 तक लगभग 15 महीने देश की सर्वोच्च अदालत का नेतृत्व करेंगे। इस समारोह के बाद पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने एक नई मिसाल पेश की और अपने उत्तराधिकारी जस्टिस सूर्यकांत के लिए अपनी आधिकारिक कार भी छोड़ी। उन्होंने जस्टिस सूर्यकांत को गले भी लगाया। इस दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा मौजूद रहे। इस शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व सीजेआई बीआर गवई और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत तमाम केंद्रीय मंत्री समेत कई अन्य गणमान्य अतिथि भी शामिल हुए। शपथ ग्रहण के बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### जपं उपाध्यक्षों सुझावों पर...

तब उन्होंने स्पष्ट कहा था कि भारत की ताकत उसके गांवों, पंचायतों और जनसामान्य की सामूहिक शक्ति में निहित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के गठन के बाद इसी कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में विभानसभा सत्र आयोजित होते थे, हमारी इच्छा है कि आप सभी (पंचायत प्रतिनिधि) नई विधानसभा तक पहुंचें।

### पंचायतें निवेश और...

*किसानों को सोलर पंप योजना के माध्यम से लाभ पहुंचा रही है। यदि कोई किसान तीन हॉर्स पावर से 5 हॉर्स पावर तक का सोलर पंप लेता है, तो उसे 90 प्रतिशत का अनुदान मिलेगा। पंचायतें इस योजना को भी आगे बढ़ाएं।*

### आईएलएस सिग्नल खोया...

एयरलाइंस फ्लाइट को रनवे 29 एल की अनुमति थी, लेकिन आईएलएस सिग्नल खोने के बाद वह 29 आर पर उतर गई। इस पूरे मामले में डीजीसीए ने जांच शुरू कर दी है। दरअसल, एरियाना अफगान एयरलाइंस की ए310 विमान, फ्लाइट एफजी 311 (काबुल से दिल्ली), को रनवे 29एल पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी, लेकिन विमान रनवे 29आर पर उतर गया। फ्लाइट के पायलट इन कमांड ने बताया कि 4 नॉटिकल माइल की दूरी पर उनका आईएलएस (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) सिग्नल खो गया और विमान दाईं ओर मुड़ गया, जिसके बाद कैप्टन ने विजुअल एप्रोच के आधार पर रनवे 29आर पर लैंडिंग कर दी।

### यह सिस्टम विमान ...

में मदद करता है। डीजीसीए अधिकारी ने बताया कि पायलट ने कहा कि 4 एनएम पर आईएलएस सिग्नल खो गया था और विमान दाईं ओर मुड़ा, जबकि एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने पुष्टि की कि एफजी 311 को रनवे 29एल पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी और पायलट ने भी यही पुष्टि की थी।

### बस लगभग 70 मीटर...

को निकालने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है, जिनमें चार पुरुष और एक महिला शामिल है। तीन घायलों को एम्स ऋषिकेश और चार घायलों को श्रीदेव सुमन उप जिला चिकित्सालय नरेंद्रनगर में भर्ती कराया गया है। 17 लोग सामान्य है।

### दिल्ली के प्रदूषण...

दूसरी पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इन पर बीएनएस की धारा 223ए , 132, 221, 121 ए, 126 (2), और 3 (5) के तहत आरोप लगाए गए हैं। इन धाराओं में भी सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने या अन्य गंभीर अपराधों का प्रावधान हो सकता है। पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारी इंडिया गेट पर प्रदूषण पर प्रदर्शन करने के लिए आए थे, ये लोग नक्सलियों के समर्थन में नारे क्यों लगाने लगे हैं। इनके हाथों में हाल में मारे गए नक्सली कमांडर हिडमा के पोस्टर थे। कोर्ट से इनको हिरासत में लेकर नक्सलियों के समर्थन में पूछताछ की जाएगी। पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधिकारियों पर चिली पावडर का इस्तेमाल किया। क्या इनको नहीं पता था कि इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। यह लोग प्रदूषण पर प्रदर्शन करने आए थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के वीडियो को कोर्ट में दिखाया है। पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारी पूरी तैयारी के साथ आए थे। हमने चार बार इनको रोका था। इन लोगों ने नक्सलियों के समर्थन में नारे लगाए। प्रदर्शन प्रदूषण पर था, इसमें नक्सलियों से जुड़े नारे क्यों लगाए जाने लगे। पुलिस ने कहा कि जब हमको आरोपी प्रदर्शनकारियों की हिरासत मिलेगी, तभी नक्सलियों का लिंक पता लगेगा। आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जाएगी।

### कोल्ड्रिंक में शराब पिलाकर ...

अभियोजन द्वारा प्रस्तुत ठोस साक्ष्यों और डीएनए रिपोर्ट के आधार पर सुनाया गया। मामला सारणी थाना क्षेत्र का है। 16 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि वह अपनी सहेली के घर जा रही थी, तभी दो युवक बाइक पर मिले। उन्होंने बहाने से उसे अपने साथ चलने के लिए मजबूर किया। जब बालिका ने मना किया, तो उसे जबरन बाइक पर बैठाकर एक कमरे में ले गए। इसके बाद पुलिस में मामला दर्ज किया गया। पुलिस जांच के दौरान तीनों आरोपियों सूरज उर्फ अमन बरनवाल (21), शहबाज खान (24) और एक अन्य व्यक्ति (37) को गिरफ्तार किया गया। डीएनए रिपोर्ट ने घटना की पुष्टि की।

### बड़वानी में मानसिक...

*वर्षीय पीड़िता अलाव ताप रही थी। पीड़िता की मां ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी बेटी मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती है और अक्सर बिना बताए घर से चली जाती है। रात करीब 11:30 बजे जुलवानिया में आरोपी राकेश ने उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी को जेएमएफसी कोर्ट राजपुर में पेश किया गया। न्यायालय ने उसे केंद्रीय जेल बड़वानी भेज दिया।*

### एंबुलेंस नहीं मिली...

सोमवार सुबह डिलीवरी के लिए छर्च के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। परिजनों के मुताबिक, उन्होंने 108 जननी एंबुलेंस के लिए कॉल किया, लेकिन उन्हें बताया गया कि एंबुलेंस आने में देरी होगी और किराए का वाहन लेने की सलाह दी गई। पोहरी से लगभग 15 किलोमीटर पहले मंजू की पीड़ा असहनीय हो गई। परिजनों ने उसे कार से उतारकर सड़क किनारे लाया, जहां उसने बच्ची को जन्म दिया। पोहरी के बीएमओ डॉ. दीक्षांत गुधैनियां ने कहा कि यदि एंबुलेंस समय पर उपलब्ध होती, तो शायद सड़क पर डिलीवरी की नौबत नहीं आती।

### 40 की हाफ प्लेट में...

वाले की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद थाना प्रभारी दीपक यादव पुलिस बल के साथ बिरयानी की दुकान पर पहुंचे। दुकानदर की सारी बिरयानी जब्त कर थाने ले आए और खाद्य स्वास्थ्य विभाग को सूचना भेजी। खाद्य विभाग की टीम ने दुकान में पहुंचकर बिरयानी का सैंपल लिया और जांच के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि सैंपलिंग करा दी है जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि बिरयानी खराब पाई जाती है तो दुकानदार के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### बालाघाट में कछुए...

आरोपियों से पूछताछ की तो बोले कि कछुओं से तंत्र कर धनवर्षा कराना चाहते थे। वन विभाग अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह के अंधविश्वास के कारण वन्यजीवों की तस्करी और क्रूरता के मामले बढ़ रहे हैं।

---

1 अप्रैल से 15 नवंबर तक 32,759 यात्रियों को मिला अपग्रेडेशन सुविधा का लाभ

# भोपाल और रानी कमलापति से यात्रियों को मिल रहा अपग्रेडेशन सुविधा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्लीपर में टिकट कराकर यदि आपकों एसी में यात्रा करने का मौका मिले तो उससे अच्छी क्या बात हो सकती है। जी हां यात्रियों को बेहतर, सहज एवं आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा ट्रेनों में अपग्रेडेशन सिस्टम संचालित किया जा रहा है।

इस प्रणाली के माध्यम से सिस्टम द्वारा आटोमेटिक ही यात्रियों को उनकी वर्तमान लोअर श्रेणी से उच्च श्रेणी में निःशुल्क अपग्रेड प्रदान किया जाता है, बशर्ते उच्च श्रेणी में सीटें उपलब्ध हों एवं यात्री द्वारा इस सुविधा का चयन किया गया हो।

**उच्च श्रेणी में निःशुल्क अपग्रेडेशन:** चार्ट तैयार होने के दौरान यदि किसी कोच में सीटें खाली पाई जाती हैं, तो सिस्टम द्वारा बिना किसी कन्सेशन पर बने टिकट को स्वतः ही उच्च श्रेणी में अपग्रेड कर देता है।

इस प्रक्रिया में यात्रियों को किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होता। साथ ही सीटें अपग्रेड होने के बाद प्रतीक्षारत सूची के यात्रियों को भी कन्फर्म आरक्षित बर्थ मिलने की सम्भावना बढ़ जाती है।

**भोपाल और रानी कमलापति से चलने वाली गाड़ियों में सबसे ज्यादा अपग्रेडेशन:** भोपाल मंडल के दो सबसे महत्वपूर्ण स्टेशन भोपाल और रानीकमलापति से गाड़ियों में यात्री दवाब ज्यादा रहता है। भोपाल और रानीकमलापति से ज्यादा गाड़िया चलती है।

वहीं इटारसी और बीना सहित अन्य स्टेशनों से कम गाड़ियां चलती है। भोपाल मंडल में लगभग 150 यात्रियों की सीट रोज अपग्रेड होती है। आंकड़ों की बात करें तो 1 अप्रैल 2025 से 15 नवम्बर 2025 तक की अवधि में भोपाल मंडल में 32,759 यात्रियों को अपग्रेडेशन सुविधा का लाभ प्रदान करते हुए उच्च श्रेणी में आरक्षित सीटों को अपग्रेड किया गया।

### विकल्प चुनकर लाभ उठाएं

रेलवे द्वारा यह व्यवस्था यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के साथ साथ सीटों का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू की गई है। यात्रियों से अपील है कि वे टिकट बुकिंग के दौरान अपग्रेडेशन विकल्प चुनकर इस सुविधा का लाभ उठाएं और बेहतर तथा आरामदायक यात्रा अनुभव प्राप्त करें।

**सौरभ कटारिया,** सीनियर डीसीएम भोपाल मंडल

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने एसआईआर को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने सोमवार को भोपाल कलेक्टर को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शहर में मतदाताओं को हो रही विविध कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए, इनके त्वरित समाधान की आवश्यकता जताई तथा पुनरीक्षण प्रक्रिया को अधिक सरल एवं सुगम बनाने हेतु शहर के प्रमुख स्थानों पर शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक विशेष कैंप आयोजित करने का अनुरोध किया।

■ एसआईआर से संबंधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा

ज्ञापन में मांग की गई है कि सही काम न करने वालों बीएलओ को हटाया जाए, बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र गलत व्यक्तियों को दिए जाने, रसीद जारी न करने, बीएलओ की अनुपस्थिति, फॉर्म गलत भरने व असहयोग की स्थिति, कुछ बीएलओ को प्रपत्र भरने का पर्याप्त ज्ञान न होना तथा स्थानांतरित मतदाताओं को नियम विरुद्ध फॉर्म न देने जैसी गंभीर अनियमितताओं का उल्लेख किया गया।

# शिक्षकों की अनुपस्थिति के संबंध में उप निर्वाचन अधिकारी से मिले शाक्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लगे शिक्षकों की अनुपस्थिति प्रदर्शित होने की शंका होने के कारण मप्र राज्य कर्मचारी संघ भोपाल जिला अध्यक्ष उप निर्वाचन अधिकारी भोपाल से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उप निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता द्वारा आश्वस्त कराया गया है कि किसी शिक्षक का वेतन नहीं काटा जाएगा। शाक्य ने उप निर्वाचन अधिकारी गुप्ता की से ई अटेंडेंस की खामियों पर चर्चा कर इसे तत्काल बंद करवाने की मांग की है।मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ भोपाल के जिला शाखा अध्यक्ष जितेंद्र शाक्य ने कहा कि शिक्षकों के साथ किसी भी प्रकार की अपमान जनक व्यवस्था स्वीकार नहीं की जाएगी एवं किसी भी प्रकार से अन्याय सहन नहीं किया जाएगा। शिक्षा जगत सहित सभी विभागों के कर्मचारियों के हित में कड़ा संघर्ष करेंगे।

■ कर्मचारियों के हित में करंगे कड़ा संघर्ष

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm

Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE Sleek Godrej Hettich
NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन
• बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्नीचर
• रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्नीचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal

## राशिफल

**मेष** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ सकती है।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ सकते हैं।

**कुंभ** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बडी हो सकती है।

**मीन** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6058



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

### शब्द पहेली- 6057 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | ■ | मा | न | व | ता |
| त | न | ■ | ल | ■ | ल | म्बा | ई | ■ | श | र |
| रा | ■ | आ | क | र्ष | क | ■ | न | स | ■ | को |
| धि | क्का | र | ना | ■ | ■ | अ | ■ | च | प | ल |
| का | ■ | क्ष | ■ | भा | गी | दा | र | ■ | र | ■ |
| र | म | ण | यो | ग्य | ■ | व | ज | न | दा | र |
| ■ | ह | ■ | ग | फ | ल | त | ■ | म | ■ | ह |
| द | ल | ना | ■ | ल | ■ | ■ | य | की | न | न |
| श | ■ | का | व्य | ■ | त | न | म | न | ■ | स |
| ह | य | ■ | स | ला | मी | ■ | रा | ■ | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | ■ | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल - 6068

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6067 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेश हेमंत शहीदी स्मृति पर्व में शामिल हुए

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को महान संत श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, भाई मतीदास, भाई सतीदास जी और भाई दयाल जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के अवसर पर बैतूल स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में आयोजित शहीदी स्मृति पर्व में शामिल होकर अरदास की एवं देश व प्रदेशवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की।

### लाइन परिचारक दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण 5 को

**भोपाल।** ऊर्जा विभाग के अधीन 6 बिजली कंपनियों में विभिन्न खाली पदों की पूर्ति के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल की ओर से लाइन परिचारक (नियमित) के पदों को भरने के लिए प्रथम प्रतीक्षा सूची में प्रावधिक रूप से चयनित 35 आवेदकों की सूची जारी कर दस्तावेज सत्यापन के लिए सूचना जारी की गई है। कंपनी की ओर से लाइन परिचारक के दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविन्दपुरा मुख्यालय स्थित महाप्रबंधक (संचारण, संधारण) वृत्त कार्यालय में 5 दिसंबर को किया जाएगा। कंपनी की ओर से चयनित अभ्यर्थियों को ईमेल एवं एसएमएस के माध्यम से भी इसकी सूचना भेजी गई है।

### आरएसएस सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले आज इन्दौर प्रवास पर

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले



29-30 नवंबर को इन्दौर प्रवास पर रहेंगे। संघ के सरसंघचालक एवं सरकार्यवाह समाजिक नेतृत्व के साथ वर्षभर संपर्क एवं संवाद करते हैं। संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष में सरकार्यवाह 29 नवंबर की सुबह मालवा प्रांत के जनजातिय समाजों के नेतृत्व करने वाले प्रतिनिधियों के साथ संवाद सत्र में शामिल होंगे। शाम चिमनबाग मैदान में इन्दौर महानगर की चयनित महाविद्यालयीन शाखा टोलियों के एकत्रीकरण में भाग लेंगे। सरकार्यवाह 30 नवंबर को रवीन्द्रनाट्य गृह में संघ स्थापना के 100 वर्ष में आयोजित संवाद एवं व्याख्यान सत्र में सम्मिलित होंगे। इस कार्यक्रम में समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में सरकार्यवाह का "संघ यात्रा के 100 वर्ष" एवं "हिन्दुत्व" विषय पर व्याख्यान होगा। इसके बाद आए आगंतुकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी सरकार्यवाह करेंगे। सरकार्यवाह एक दिसंबर की प्रातः उज्जैन में श्रीमहाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने के पश्चात भोपाल प्रस्थान करेंगे।

## विकसित पोर्टल (हैसबोर्ड) पर कराएंगे अपलोड

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के लिए आठ आईएएस नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत प्रदेश के चयनित जिलों के लिए राज्य शासन की ओर से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिला नोडल अधिकारी, भारत सरकार द्वारा निर्धारित टैम्पलेट्स अनुसार योजना के क्रियान्वयन के लिए अपने मार्गदर्शन में आवंटित जिलों की जिला कार्य योजना तैयार कराकर विकसित पोर्टल (डैसबोर्ड) पर अपलोड कराएंगे एवं जिले में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित रूप से



प्रतीकात्मक फोटो

निगरानी एवं सघन अनुश्रवण करेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालक अजय गुप्ता को उमरिया, विकअ, सह आयुक्त सह पंजीयक, सहकारी समिति मनोज पुष्प को डिंडौरी, प्रबंध संचालक, मत्स्य महासंघ सुश्री निधि निवेदिता को अलीराजपुर, प्रबंध संचालक, कृषि विपणन बोर्ड सह आयुक्त मंडी कुमार पुरूषोत्तम को शहडोल, उप सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग संतोष कुमार वर्मा को सीधी, सदस्य सचिव नीति आयोग ऋषि गर्ग को निवाड़ी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रोजगार गांरटी परिषद श्री अवि प्रसाद को टीकमगढ़ और उप सचिव, नर्मदा घाटी विकास राहुल धोटे को अनूपपुर का जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## 194 करोड़ के विकास कार्य होंगे समर्पित

# मुखर्जी नगर कोलार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज देंगे बड़ी सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हुजूर विधानसभा क्षेत्र के मुखर्जी नगर कोलार में मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ एवं लोकार्पण करेंगे। यह आयोजन प्रातः 10 बजे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम, बंजारी में होगा। करीब 194 करोड़ रुपये की लागत से तैयार ये परियोजनाएं क्षेत्र की आधारभूत संरचना, शिक्षा और खेल सुविधाओं को नई ऊँचाई देने वाली हैं। विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 155 करोड़ रुपये के सीवेज विकास कार्य क्षेत्र की आधुनिक शहरी



सुविधाओं को सुदृढ़ करेंगे। यह परियोजना वर्षों से लंबित मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करते हुए स्वच्छ और सुव्यवस्थित कोलार का मार्ग प्रशस्त करेगी। वहीं कटारा बर्रई में 29 करोड़ रुपये से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का शुभारंभ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नई संभावनाएँ खोलेगा।

## प्रदेश में प्राकृतिक सौंदर्य, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का है अद्‌भुत खजाना

# पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने की प्रक्रिया में लाएं तेजी: डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के पास प्राकृतिक सौंदर्य, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत खजाना है, जिसे और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा मिलने से पर्यटन क्षेत्र को राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों का लाभ मिल सकेगा। इससे पर्यटन निवेश को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन उद्योग का दर्जा मिलने पर होटल, रिसॉर्ट, एडवेंचर टूरिज़्म, ट्रेवल सर्विसेज़ सहित पर्यटन से जुड़े अन्य क्षेत्रों को विभिन्न प्रकार की सब्सिडी (अनुदान सहायता), कर रियायतें और अन्य प्रोत्साहन उपलब्ध होंगे। इससे निजी निवेशकों का विश्वास भी बढ़ेगा और पर्यटन ढांचा और अधिक मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने मप्र में पर्यटन विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए बीते दिनों पर्यटन विभाग के अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक ली। बैठक में अधिकारियों को पर्यटन क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने की दिशा में ठोस और त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



### पर्यटन विकास से जुड़ी प्रक्रियाओं को बनाएं सरल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटन विकास से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि इस क्षेत्र में इंट्रेस्ट रखने वाले निवेशकों एवं उद्यमियों को सुगमता हो और मप्र को देश के प्रमुख पर्यटन राज्य के रूप में स्थापित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के इस बड़े निर्णय से राज्य में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निवेशकों को राज्य की पर्यटन विकास नीति एवं प्रोत्साहन नियमों का भरपूर लाभ मिले।

## राज्य स्तरीय सम्मेलन के लिए किया आमंत्रित

# मुख्यमंत्री से मिला पंचायत सचिव संगठन का प्रतिनिधिमंडल



सीएम से भेंट करता पंचायत सचिव संगठन का प्रतिनिधि मंडल।

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में पंचायत सचिव संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। मुख्यमंत्री को संगठन की ओर से आगामी माह जंबूरी मैदान भोपाल में राज्य स्तरीय सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया गया। संगठन के पदाधिकारीगण ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रचार-प्रसार में संगठन के सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट करने वालों में संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, पंचायत सचिव महासंघ के अध्यक्ष राजेश पटेल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रणधीर सिंह सहित सुरेश विश्वकर्मा, राजेंद्र चौधरी, रामबाबू दांगी, राम गोपाल विश्वकर्मा, रमेश दुबे, ओम प्रकाश शर्मा और महेश राठौर शामिल थे।

## सीएस मॉनिटरिंग के बाद क्रेडाई भोपाल की टीसीपी डायरेक्टर के साथ बैठक

# मास्टर प्लान, धारा-16 और पार्किंग नॉर्म्स के साथ विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा



क्रेडाई की बैठक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्रेडाई भोपाल का प्रतिनिधिमंडल, अध्यक्ष मनोज मीक के नेतृत्व में श्रीकांत भानोट, निदेशक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, से मुलाकात के लिए पहुंचा। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विष्णु खरे तथा क्रेडाई के सदस्य सुनील गुप्ता, शिवनव प्रधान और नमन अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक में राजधानी के रियल एस्टेट, विकास योजना, नगर नियोजन एवं भोपाल विकास प्राधिकरण से जुड़े लंबित मुद्दों के समाधान पर चर्चा की और क्रेडाई ने हाल ही में संपन्न सीएस मॉनिटरिंग मीटिंग के आधार पर तैयार विस्तृत प्रतिवेदन निदेशक को सौंपा।

### समाधान लागू करने के प्रति गंभीर: भानोट

क्रेडाई द्वारा उठाए गए सभी तकनीकी, प्रक्रियागत एवं व्यवहारिक मुद्दों पर विभाग ने विस्तार से चर्चा हुई। निदेशक भानोट ने कई सुधारात्मक बिंदुओं पर सकारात्मक सहमति व्यक्त की और कहा कि विभाग व्यवहारिक समाधान लागू करने के प्रति गंभीर है। उन्होंने विभाग स्तर पर निराकरण योग्य विषयों को प्राथमिकता से निपटाने का आश्वासन दिया गया साथ ही शासन एवं संचालनालय स्तर के बिंदुओं पर भी निदेशक ने क्रेडाई के साथ सहयोग और समन्वय का भरोसा दिया।

### पार्किंग नॉर्म्स का राष्ट्रीय तुलनात्मक अध्ययन निदेशक को सौंपा

मप्र की ओर से अध्यक्ष मनोज मीक ने क्रेडाई इंदौर द्वारा तैयार मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग्स के लिए पार्किंग नॉर्म्स का राष्ट्रीय तुलनात्मक अध्ययन भी निदेशक को सौंपा, जो भविष्य में राज्य-स्तरीय पार्किंग मानकों को अधिक व्यावहारिक बनाने में सहायक होगा। इस उच्च-स्तरीय बैठक के पश्चात राजधानी में लंबित अनुमतियां, मास्टर प्लान संबंधी मुद्दे, धारा 16, भू-विकास नियम 2012 एवं 2025, एफएआर, पार्किंग नॉर्म्स, लो-डेंसिटी जोन, टीडीआर आदि से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर शीघ्र समाधान की संभावनाएं मजबूत हुई हैं। क्रेडाई भोपाल ने कहा कि रियल एस्टेट सेक्टर प्रदेश के शहरी विकास का प्रमुख स्तंभ है और सरकार की नीतियों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने में डेवलपर समुदाय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री शर्मा ने एसआईआर को लेकर की बैठक

# मतदाता सूची शुद्धिकरण को जन-अभियान बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सोमवार को सागर भाजपा कार्यालय में एसआईआर अभियान को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण एक संवैधानिक प्रक्रिया होने के साथ-साथ लोकतंत्र की सुरक्षा, पारदर्शिता और नागरिक अधिकारों की रक्षा का महत्वपूर्ण आधार है। एसआईआर अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़े और कोई भी वास्तविक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। मतदाता सूची का शुद्धिकरण केवल चुनावों के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होने कहा कि एसआईआर केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाला जन-अभियान है।

# बीएलओ एवं टीम का कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अलीराजपुर नीतू माथुर के निर्देशन पर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में जुटे बीएलओ एवं अन्य जमीनी अमले का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कलेक्टर माथुर ने निर्देश दिए कि पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मचारियों को तनावमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, जिससे वे निर्विघ्न रूप से अपना कार्य कर सकें। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दिए गए निर्देशों में कलेक्टर ने कहा कि सभी बीएलओ तथा सहयोगी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसी भी कर्मचारी को कार्य के दौरान स्वास्थ्य संबंधी परेशानी न हो और निर्वाचन प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न न हो। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कर्मचारियों के सामान्य स्वास्थ्य, रक्तचाप, शुगर स्तर तथा अन्य आवश्यक पैरामीटर की जांच की गई।

## वर्मा ने सवर्ण समाज को लेकर टिप्पणी की

# आरक्षण को लेकर आईएएस संतोष वर्मा की विवादित टिप्पणी पर सवर्ण समाज ने जाहिर की कड़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अजाक्स संगठन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष और आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा एक विवादित बयान देकर घिरते नजर आ रहे हैं। भोपाल में प्रांतीय अधिवेशन के दौरान वर्मा ने सवर्ण समाज को लेकर टिप्पणी की। इसको लेकर सवर्ण समाज ने कड़ी नाराजगी जताई है। इस बयान का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

इस बयान को मंत्रालय सेवा अधिकारी/कर्मचारी संघ ने अपमानजनक और अस्वीकार्य बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। रविवार को तुलसीनगर के सेकंड स्टॉप स्थित



आंबेडकर मैदान में हुए अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में संतोष वर्मा ने यह बयान दिया था।

### अजाक्स अध्यक्ष के बयान की निंदा

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने कहा कि कर्मचारी संगठन के मंच पर इस प्रकार की बयानबाजी से बचना चाहिए क्योंकि सभी कार्यालयों में सभी जाति और धर्म के लोग साथ मिलकर काम करते हैं। इस तरह के बयान से आपसी मदभेद बढ़ते हैं। आरक्षण देना सरकार का काम है। इसको लेकर कोर्ट में भी मामले चल रहे हैं। ऐसे में अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा दिए गए बयान की हम निंदा करते हैं।

### ब्राह्मण समाज करेगा आंदोलन

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र मिश्रा ने कहा कि वे ऐसे पढ़े लिखे अभ्रद व्यक्ति की घोर निंदा करते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि वर्मा को तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाना चाहिए। ब्राह्मण बेटियों के खिलाफ की गई टिप्पणी पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। मिश्रा ने कहा कि आपराधिक मामला दर्ज नहीं होने और निष्कासित नहीं करने पर ब्राह्मण समाज पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगा।






# पुलिस ने 30 से अधिक थानों में निगरानीशुदा बदमाशों की कराई परेड

### 15 दिन में मारपीट, तोड़फोड और लूट जैसी घटनाओं के बाद भोपाल में पुलिस हुई सक्रिय, सीसीटीवी कैमरे बने मददगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में पिछले 15 दिनों के भीतर मारपीट लूट और तोड़फोड़ की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। इन घटनाओं के बाद भोपाल के करीब 30 से अधिक थानों में निगरानीशुदा बदमाशों की परेड निकाली गई।

पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र के निर्देश पर पुराने अपराधियों को थाने में बुलाकर हाजिरी लगवाई गई है। अशोका गार्डन रातीबड़, निशातपुरा सहित कई थानों में अपराधियों को बुलाकर पुराने अपराध संबंधी विषयों पर पुलिस ने पूछताछ भी की है।

#### 30 थानों में नए पुलिस अधिकारी पदस्थ

भोपाल में पिछले 15 दिनों के बीच हुई लगातार घटनाओं के चलते पुलिस मुख्यालय ने भी पुलिस कमिश्नर को जवाब तलब किया है। शहर में लगातार हो रही घटनाओं के रोकथाम के विषय में चर्चा करने के निर्देश दिए हैं। खास बात है कि शहर में 35 थानों में से 30 में नए पुलिस अधिकारी पदस्थ किए गए हैं। इन थानों में दूसरे जिलों से आए पुलिस अधिकारियों को शहर और उनके थाना क्षेत्र के बारे में जानकारी नहीं है। खास बात है कि इसका फायदा उठाकर बदमाश आए दिन लूट, मारपीट की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि गनीमत है कि इन घटनाओं का अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार किया जा रहे हैं। उसमें मददगार भोपाल में अलग-अलग जगह पर लगे सीसीटीवी कैमरे साबित हो रहे हैं।




#### नए आरोपियों में क्रिमिनल बनने का शौक बना पुलिस के लिए चुनौती

पिछले दो महीने में क्राइम ब्रांच ने संगठित अपराध करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है, लेकिन इन तमाम घटनाओं में नए आरोपी जिनका कोई पुराना क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं है। वह वारदात को अंजाम दे रहे हैं। यह पुलिस के सामने बड़ी चुनौती बन गए हैं। एक सवाल और भी है पुलिस कई बिंदु पर तैनात रहती है लेकिन अगर 10 लोग बाइक सवारी जगह से निकल रहे हैं तो उनसे पूछताछ करने वाले पुलिसकर्मी नदारद रहते हैं। पिछले दिनों शाहपुरा और आसपास की हुई घटना से यही अंदाजा लगाया जा सकता है। इसके अलावा नए थाना प्रभारी होने के चलते उनके मुखबिर तंत्र भी सक्रिय नहीं है।

#### अफसर की नाइट पेट्रोलिंग पर भी उठे सवाल, डीजीपी का आदेश का उल्लंघन

भले ही मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना कई बार अफसर को निर्देश दे चुके हैं कि वह अपने इलाकों में जाकर निगरानी करें। रात में नाइट पेट्रोलिंग पुलिस कर्मियों के साथ करें, लेकिन पिछले कई दिनों में हुई घटनाएं इस बात की गवाही दे रही है कि रात में पुलिस सक्रिय नहीं रहती है। जिसकी वजह से संगठित अपराध आए दिन शहर में हो रहे हैं, जबकि पिछले कई सालों में नियम रहा है कि एडिशनल एसपी और एसपी स्तर के अधिकारी भोपाल की सड़कों पर गश्त करते रहे हैं। जिसका नतीजा रहा है कि पुराने शायर हो या फिर नया शहर दोनों में अपराधों में कमी आई है, लेकिन पुलिस के इस पैटर्न को नए अपराधियों ने पूरी तरीके से बदल कर रख दिया है।

## खबर संक्षेप

### डिलेवरी में देरी से एक लाख उपभोक्ता गोदाम से ले रहे सिलेंडर

**भोपाल।** घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलेवरी में देरी करने की वजह से प्रत्येक माह एक लाख से अधिक उपभोक्ता गैस एजेंसियों के गोदामों से सिलेंडर ले रहे हैं। जबकि गैस एजेंसी संचालक उन्हें 29.26 पैसे की रिबेट नहीं दे रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को गोदाम से सिलेंडर लेना महंगा पड़ रहा है। बताया जाता है कि गैस सिलेंडर की बुकिंग करने के तीन दिन तक सिलेंडर की डिलेवरी नहीं की जाती है, जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को गोदाम पर जाकर सिलेंडर लेना पड़ता है। राजधानी में करीब आठ लाख घरेलू गैस कनेक्शन हैं। गैस सिलेंडर की होम डिलेवरी पर एक सिलेंडर पर 29.26 रुपए और पांच किलो सीएनजी पर 14.63 रुपए रीबेट मिलती है। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार राजधानी में रोजाना 10 हजार घरेलू और एक हजार कामर्शियल सिलेंडर की सप्लाई होती है। रोजाना साठ से सत्तर फीसदी सिलेंडर की ही होम डिलेवरी हो पाती है। बाकी सिलेंडर खुले में गाड़ी से दिए जाते हैं या डायरेक्ट गोदाम से सिलेंडर लिए जा रहे है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि गैस सिलेंडर की होम डिलेवरी नहीं हो रही और उपभोक्ता को गैस गोदाम से सिलेंडर लेने जाना पड़ रहा है तो वह रीबेट के 29.26 रुपए देना उनका अधिकार है। उन्हें गैस एजेंसी संचालकों से यह राशि लेनी चाहिए।

### आरोपियों का पुराना रिकॉर्ड, कई अपराधियों पर 12 से 16 मामले भी दर्ज

# ग्रीन पार्क कॉलोनी में 12 कारों में तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने निकाला जुलूस

#### कॉलोनी की सड़क किनारे खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के गौतम नगर थाना इलाके की ग्रीन पार्क कॉलोनी में शनिवार रात बदमाशों ने करीब 12 वाहनों में तोड़फोड़ की और फरार हो गए। आरोपी तीन बाइकों पर सवार होकर आए थे। पुलिस के मुताबिक आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया था। शनिवार-रविवार की रात को आए आरोपियों ने कॉलोनी की सड़क किनारे खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की है। पुलिस ने आरोपियों की शिनाख्त कर ली है।

सभी टीला जमालपुरा इलाके के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने अंकित यादव पिता ओम प्रकाश यादव आर्यन पंथी पिता अमृतलाल पंथी, अर्जुन सिंह पिता बने सिंह इसके अलावा चीनू उर्फ कुणाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन सभी आरोपियों का पुराना रिकॉर्ड भी रहा है कई अपराधियों पर 12 से 16 मामले भी दर्ज हैं।


ग्रीन पार्क कॉलोनी में आरोपियों का जुलूस निकालती पुलिस।

#### अड़ीबाजी को लेकर हुआ था विवाद

फरियादी चंदन इंदौरिया ने बताया कि घटना से पहले हम सीहोर से लौटे थे। अपनी कार को घर के सामने रोड पर पार्क किया था। इसी दौरान लड्डू और साथी वहां से गुजरे थे। उन्होंने कार को रोड पर देख गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की, घबराकर चंदन ने अपने आप को घर में कैद कर लिया। इसी बीच आरोपियों ने सड़क पर पार्क अन्य वाहनों के भी कांच तोड़ दिए।

### पांच नंबर पर युवक से मारपीट के 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर निकाला जुलूस

राजधानी में 3 बदमाशों ने एक युवक पर सरेराह जानलेवा हमला किया। वे बेसुध होने तक युवक पर लाठी-डंडे बरसाते रहे। युवक सड़क पर पड़ा चीखता-चिल्लाता रहा। वारदात हबीबगंज थाना इलाके में पॉश इलाके चार इमली में रविवार देर रात की है। इसका वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने 3 आरोपियों के अलावा 3 और बदमाशों को गिरफ्तार किया है। हबीबगंज थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने बताया कि ऋषि नगर निवासी रिंकू सिंह ड्राइवर है।

#### चार इमली के पास युवक को पीटने का मामला


हबीबगंज थाने में गिरफ्तार आरोपी।

रविवार दोपहर में उसका विवाद पांच नंबर इलाके में रहने वाले अजय, लखन और उनके साथियों से हो गया था, तब मौके पर मौजूद लोगों ने समझाइश देकर मामला शांत कराया था। इसी रंजिश को लेकर रात में चार इमली के दुर्गा पेट्रोल पंप के सामने रिंकू सिंह को अजय, लखन और एक अन्य ने रोक लिया। उसे धक्का देकर सड़क पर गिरा दिया। लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटने लगे। बदमाश रिंकू को इतनी बेरहमी से पीट रहे थे कि लोग डर के कारण पास तक नहीं पहुंचे।

#### केस वापस नहीं लेने को लेकर मारपीट की थी

मामले में हबीबगंज पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जहां वारदात की थी। सोमवार को पुलिस ने 5 नंबर स्टाफ से आरोपियों का जुलूस निकाला। पुलिस के अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर केस वापस नहीं लेने पर युवक की पिटाई की थी।

### महाकाल कॉलोनी में बदमाश ने घर के बाहर खड़ी कारों में लगाई आग


बैरागढ़ कलां में आग से जली कार।

राजधानी भोपाल में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला बैरागढ़ कलां स्थित महाकाल कॉलोनी का है, जहां देर रात एक बदमाश ने घर के बाहर खड़ी दो कारों में आग लगा दी। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में एक युवक संदिग्ध अवस्था में कॉलोनी में प्रवेश करता दिखाई देता है। उसके हाथ में ज्वलनशील पदार्थ से भरा कोई डिब्बा भी नजर आ रहा है। कुछ ही देर बाद उसने वहां खड़ी दो गाड़ियों में आग लगा दी और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।


संदिग्ध युवक।

#### कैमरे में कैद हुआ युवक

सुनील विश्वकर्मा के घर के बाहर खड़ी बलेनो कार में आग लगने के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची खजूरी थाना पुलिस ने आग पर काबू पाने के बाद घटनास्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस संदिग्ध की पहचान और उसकी गिरफ्तारी के लिए जांच में जुटी है। लगातार बढ़ रही ऐसी घटनाओं से स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## सिंधियों की समस्याओं के निराकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

#### दिल्ली में सिंधु भवन एवं गणतंत्र दिवस पर खिंधी झांकी की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर


ज्ञापन सौंपने के लिए सम्मेलन में उपस्थित सिंधी सेंट्रल पंचायत के पदाधिकारी।

सिंधियों के विज्ञान भवन में पहली बार आयोजित इंटरनेशनल सम्मेलन में संत हिरदाराम नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था सिंधी सेंट्रल पंचायत ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के अलावा लोकसभा में एकमात्र सिंधी भाषी भाजपा सांसद शंकर लालवानी को सिंधियों की समस्याओं बावत ज्ञापन सौंपा और निराकरण की मांग की।

सम्मेलन में भोपाल से सिंधी समाज के मानव अधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष मनोहर ममतानी, सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश इसरानी महासचिव, महासचिव सुरेश जसवानी, संयोजक कन्हैयालाल इसरानी, उपाध्यक्ष नरेश चोटरानी, सलाहकार नितेश लाल, विधानसभा के उप सचिव मोहन मनवानी, जगदीश खुशालानी, रतन भोजवानी सहित समाज के अनेक प्रतिष्ठित लोगों ने हिस्सा लिया और केंद्रीय मंत्रियों, सांसद और सम्मेलन का आयोजन करने वाले पदाधिकारियों को सिंधियों की समस्याओं का ज्ञापन देकर निराकरण करने की मांग की। मंच की बागडोर मुम्बई के राजू मनवानी ने संभाली। सम्मेलन में रक्षा मंत्री से दिल्ली में सिंधु भवन एवं गणतंत्र दिवस पर खिंधी झांकी की मांग रखी।

## पचौरी ने वर-वधु को सुखद दांपत्य जीवन के लिए दिया आशीर्वाद


वर-वधु को आशीर्वाद देने पहुंचे अतिथि।

**औबेदुल्लागंज।** बुधवार को विशाल भजन प्रतियोगिता के संरक्षक एवं पूर्व जनपद सदस्य किसान नेता केशव पचौरी के पुत्र अंकित पचौरी के विवाह समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह गडरवास सहित औबेदुल्लागंज एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों ने शामिल होकर वर-वधु को सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## लव जिहाद के आरोप में युवक को पीटा, थाने में पीड़िता बोली- मेरे साथ कुछ गलत नहीं हुआ

हिंदू संगठन ने कार्रवाई के लिए छोला मंदिर थाने में आवेदन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भानपुर में मां भवानी हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए एक युवक को जमकर पीटा। कार्यकर्ताओं ने एक लड़की के साथ उसकी चैट्स दिखाई। पुलिस और प्रशासन पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाकर वीडियो वायरल किए। युवक को आंखों में गंभीर चोट आई है।

हिंदू संगठन की ओर से कार्रवाई के लिए छोला मंदिर थाने में आवेदन दिया गया है, वहीं जिस युवती को लव जिहाद का शिकार बताया गया, उसने भी थाने में आवेदन देकर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं चाहने और उसके साथ किसी तरह का गलत काम नहीं होने की बात कही है। युवती ने युवक को पूर्व परिचित बताया है।

जानकारी के मुताबिक, ईंटखेड़ी-अयोध्या नगर निवासी शानू खान एक लड़की से मिलने गया था। रविवार रात युवती से मिलकर लौट रहा था, तभी भानपुर में मां भवानी हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ जमकर मारपीट की और वीडियो बना लिया।

वीडियो में कार्यकर्ता उससे नाम और एड्रेस पूछ रहे हैं। साथ ही उसके मोबाइल फोन को चेक किया, जिसमें शानू और हिंदू युवती के बीच वॉट्सऐप चैट्स मौजूद थे। आगे बातचीत में शानू ने स्वीकार किया कि वह युवती से मिलने अयोध्या नगर गया था। वहां से लौट रहा है।

#### पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप

शानू की दोनों आंखों में चोट के निशान दिख रहे हैं। पूरे घटनाक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्पॉट से वीडियो शूट किया, जिसमें वे बता रहे हैं कि डेढ़ घंटे से शानू हमारे पास है। छोला मंदिर थाने की टीआई सहित अन्य अधिकारियों को कॉल कर चुके हैं, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं आई है।

**युवती ने कार्रवाई नहीं करने आवेदन दिया:** छोला मंदिर थाने की प्रभारी रस्वती चौहान ने बताया कि जिस लड़की को लव जिहाद का शिकार बताया गया, उसने आवेदन दिया है। उसमें कार्रवाई नहीं करने और शानू के द्वारा किसी तरह का गलत काम नहीं करने की बात लिखी है।

### भोपाल का एक्यूआई लगातार चार दिन से 300 पार

# हवा में घुला जहर: भोपाल, मंडीदीप में प्रदूषण सबसे ज्यादा

*बदलते मौसम और हवा में बढ़ता धुल-धुंध का असर बन रहा एअर पॉल्यूशन का प्रमुख कारण, सिंगरौली में माइन्स और औद्योगिक इकाईयों से भी पड़ता है असर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित कई जिलों की हवा में कई दिनों से प्रदूषण का जहर घुला हुआ है। वायु प्रदूषण के मामले में सोमवार को सिंगरौली, भोपाल और मंडीदीप प्रदेश में टॉप पर दर्ज हुए हैं। इसके साथ ही कुछ अन्य जिलों में भी एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 300 को पार कर रहा है।

भोपाल में एक्यूआई लगातार चौथे दिन टीटी नगर इलाके में सर्वाधिक 336 पर रहा, जबकि सिंगरौली में 340 तक पहुंच गया है। मंडीदीप में 304 से 321 तक दर्ज किया गया है। मप्र प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ब्रजेश शर्मा के अनुसार बदलते मौसम और धुंध का असर बढने से भोपाल के एक्यूआई पर असर पड़ रहा है। भोपाल और सिंगरौली में इसी वजह से एक्यूआई वेरी पुअर लेवल पर रहा है। इसे कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही हवाओं में बदलाव और तेजी आने पर भी प्रदूषण में तेजी से कमी आएगी।


फाइल फोटो

#### हवा, धूल और धूल-धुंध बनी परेशानी

हवा धूल और धुंध के बारीक कण पॉल्यूशन बढ़ा रहे हैं। भोपाल में सबसे प्रदूषित टीटी नगर में पीएम10- 262 और पीएम 2.5- 167 से अधिक रहा। सिंगरौली में पीएम10- 373 और पीएम 2.5- 157 रहा। मंडीदीप में यह क्रमशः 192 और 157 दर्ज होने से हवा की गुणवत्ता वेरी पुअर कैटेगरी में रही है।

#### प्रदेश में कहां-कितनी रही जहरीली हवा

सोमवार को प्रदेश में सबसे जहरीली हवा सिंगरौली के सूर्य किरन भवन दुधिचुआ इलाके की रही। यहां एक्यूआई 340 रहा। दूसरे नंबर पर यहीं के ट्रांमा सेंटर वैधान में एक्यूआई 339 पर दर्ज हुआ है। यहां धूल_धुंध के साथ बदलते मौसम का असर पड़ रहा है। साथ ही माइन्स और औद्योगिक इकाइयों से भी हवा की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। भोपाल में टीटी नगर 336, कलेक्टोरेट 322 और पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी 304 पर दर्ज हुआ। देवास में 309 के साथ ही मंडीदीप के सेक्टर न्यू इंडसट्रियल एरिया 321 और नरसिंहपुर में 304 पर रहने से यह सभी जिले वेरी पुअर कैटेगरी के रेड जोन में रहे हैं।

### पति-पत्नी और सगे भाइयों समेत 5 दोषियों को 5 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** युवक को प्रेम जाल में फंसाकर झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर 15 लाख 47000 रुपए जबरन ऐंठने के मामले के 5 आरोपियों समरीन बी उसका पति इसरार,देवर इनाम,सोहेल बेग एवं अमान को अपर सत्र न्यायाधीश जयंत शर्मा ने भादंसं की धारा-120 एवं 389 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 1000-1000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अपर जिला लोक अभियोजक अनिल शुक्ला द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार थाना गोविंदपुरा में 2 मई 2022 को फरियादी युसुफ जई ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे एक अनजान मोबाइल नंबर से मिस्ड कॉल आने लगी। बाद में उसी नंबर से समरीन महिला ने बातचीत शुरू की।

*फिरदौस और वर्धमान पार्क में तैयारी*

## शहर के चुनिंदा पार्कों में सैलानियों को मिलेगा आरओ का शुद्ध पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में नगर निगम के पार्कों में विशेषकर वे जो बड़े तालाब के आसपास हैं और जहां बड़ी संख्या में सैलानी रोज आते हैं, वहां अब आरओ का पानी मिलेगा। प्रयोग के तौर पर महिलाओं के लिए आरक्षित पार्क फिरदौस और वर्धमान पार्क में वाटर प्यूरीफायर लगाए जाएंगे। इन पार्कों में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ रहती है। लेकिन पीने का पानी मुहैया नहीं होने के कारण लोगों को पानी खरीदना पड़ता है। इसे देखते हुए निगम ने सैलानियों को पीने का पानी मुहैया करवाने की पहल की है।

शहर में नगर निगम के अधीन 100 से ज्यादा पार्क हैं, लेकिन सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र वर्धमान पार्क, कमला पार्क, फिरदौस पार्क, सेल्फी प्वाइंट हैं। निगम ने जोन-21 और वार्ड-24 में दो पार्कों और दो सार्वजनिक स्थलों पर इन्हें लगाने के लिए तीन लाख रुपए मंजूर किए हैं। अधिकारियों के अनुसार जल्द ही इन्हें लगाया जाएगा। महंगी कीमत के लगने वाले आरओ की निगरानी का जिम्मा जोन स्तर के अधिकारियों का रहेगा।

#### सार्वजनिक स्थलों पर भी लगाए जाएंगे

निगम प्रशासन के अनुसार गर्मी के दिनों निगम शहरभर के सार्वजनिक स्थलों पर अस्थाई प्याऊ बनवाने पर मोटी रकम खर्च करता है। जबकि उन स्थानों पर सालभर लोगों की आवाजाही होती है। इसे देखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर भी आरओ लगाने की योजना है।

## खबर संक्षेप

### टोयोटा किर्लोस्कर ने किया टेम का अनावरण

**बेंगलुरु।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टेम (टोयोटा एक्सपेरिएंशल म्यूजियम) का अनावरण किया है, फीनिक्स मॉल ऑफ एशिया में स्थित टेम इस विश्वास को दर्शाता है कि मोबिलिटी और इनोवेशन का दायरा गाड़ियों से कहीं आगे है। मॉल के ग्राउंड फ्लोर पर 8,200 वर्ग फुट में फैला, टेम पांच इंद्रियों का अनुभव प्रदान करता है टादाशी असाजुमा, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा कि टोयोटा में, हमारा विजन 'हैप्पियर पाथ्स टुगेदर' बनाने का है।

### क्रोमा ब्लैक फ्राइडे सेल 50 फीसदी तक की छूट

**मुंबई ।** ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर क्रोमा ने अपने सालाना ब्लैक फ्राइडे सेल की घोषणा की है। इसमें सभी कैटेगरी पर 50 फीसदी तक की भारी छूट दी जा रही है। क्रोमा की ब्लैक फ्राइडे सेल 22 नवंबर शुरू हो चुकी है जो 30 नवंबर 2025 तक चलेगी। क्रोमा में नए साल से पहले स्मार्ट खरीदारी करने और बड़ी बचत करने का बेहतरीन मौका मिल रहा है।

### राठी स्टील के एबिटडा में 15 फीसदी की बढ़त

**नई दिल्ली।** राठी स्टील एंड पावर लिमिटेड वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम रचनात्मक अंदाज में घोषित किए। दूसरी तिमाही में कुल आय 156.43 करोड़, एबिटडा 6.37 करोड़ और शुद्ध लाभ 1.63 करोड़ दर्ज हुआ। कंपनी के प्रबंध निदेशक महेश पारीक ने कहा कि दूसरी तिमाही में हमने 156.43 करोड़ का समेकित राजस्व और1.63 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

### श्री केशव सीमेंट्स को हुई 36.22 करोड़ की आय

**मुंबई।** श्री केशव सीमेंट एंड इंफा लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के लिए अपनी अंडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। दूसरी तिमाही में कंपनी को 36.22 करोड़ रुपए की आय हुई। कंपनी का एबिटडा 8.38 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 0.69 करोड़ रुपए हुआ। कंपनी के अध्यक्ष वेंकटीश कटवा ने कहा कि कुल आय 36.22 करोड़ तक बढ़ी, जो वार्षिक आधार पर 42.81 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है।

### सैमसंग ने लांच किया नया बीस्पोक एयर ड्रेसर

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपने नए स्मार्ट कपड़े-देखभाल उपकरण बीस्पोक एयरड्रेसर को लांच किया है। आधुनिक भारतीय घरों को ध्यान में रखते हुए तैयार यह नया मॉडल रोजमर्रा के कपड़ों को साफ, फ्रेश, रिंकल-फ्री और पहनने के लिए तुरंत तैयार रखने का वादा करता है। सैमसंग बीस्पोक एयरड्रेसर आधुनिक जीवनशैली के लिए एक सरल समाधान प्रदान करता है।

### लॉर्ड्स मार्क ने रेनालिक्स का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने बेंगलुरु स्थित मेड-टेक इनोवेटर रेनालिक्स हेल्थ सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड में 85 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण की घोषणा की है। रेनालिक्स स्वदेशी, एआई और क्लाउड-सक्षम स्मार्ट हीमोडायलिसिस मशीन का विकासकर्ता है। रेनालिक्स अब लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ का आर एंड डी आर्म बनेगा। किडनी तथा लिवर से संबंधित मेडिकल डिवाइस के क्षेत्र में आगे शोध कार्य जारी रखेगा।

### मेडन फोर्जिंग्स ने हासिल की 111 करोड़ रु. आय

**मुंबई।** ब्राइट स्टील बार और वायर निर्माण में 35 वर्षों की विशेषज्ञता रखने वाली मेडन फोर्जिंग्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष की पहली छमाही में अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों का रचनात्मक अंदाज में ऐलान किया। कंपनी की कुल आय 111.36 करोड़ रुपए एबिटडा 6.74 करोड़, एबिटडा मार्जिन 6.05 फीसदी, शुद्ध 2.10 करोड़ रुपए ।

## सोनालीका ने की एक नए युग की शुरुआत

# भारत के प्रीमियर एग्री समिट 16वें एग्रोविजन 2025 में सीएनजी,सीबीजी ट्रैक्टर प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित भारत के प्रीमियर एग्री समिट 16वें एग्रोविजन 2025 में देश की हरित और लाभदायक कृषि के लिए एक बड़ी पहल की है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में सोनालीका ने अपना नया सीएनजी, सीबीजी ईंधन द्वारा संचालित ट्रैक्टर पेश किया है।



एग्रोविजन 2025

ट्रैक्टर के अनावरण के लिए इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, रमन मित्तल ने गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहाकि सोनालीका हमेशा इंजीनियरिंग की सफलताओं में सबसे आगे रहा है, और नया सीएनजी/सीबीजी ट्रैक्टर हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारतीय खेती का भविष्य स्वच्छ, स्मार्ट और आर्थिक रूप से किफायती तकनीकों में निहित है और हमें अपने नए सीएनजी /सीबीजी ट्रैक्टर प्रदर्शित करने पर गर्व है ।

### नए अनावरण के साथ सोनालीका ने किया प्रतिबद्धता को मजबूत

यह ऐतिहासिक पेशकश भारत सरकार के सतत और गोवर्धन कार्यक्रमों के साथ निकटता से जुड़ी हुई है, जिनका उद्देश्य देश के स्वच्छ ऊर्जा पारिस्थिति को मजबूत करना है। इस नए अनावरण के साथ सोनालीका ने भविष्य के लिए तैयार ट्रैक्टर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। सोनालीका का बिल्कुल नया सीएनजी, सीबीजी ट्रैक्टर विशेष रूप से हैवी-ड्यूटी ढुलाई के लिए डिजाइन किया गया है, जहां टॉर्क, विश्वसनीयता और ईंधन दक्षता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसमें 2000 रेटेड आरपीएम वाला एक ताक़तवर एवं ईंधन कुशल इंजन, साइड शिफ्ट गियर सिस्टम के साथ 12 प्लस 3 कॉन्स्टेंट मेश ट्रांसमिशन और 14.9x28 पिछले टायर हैं जो बेहतर ढुलाई क्षमता प्रदान करते हैं। इसकी ईंधन क्षमता 40 किलोग्राम (14 किलोग्राम प्लस 27 किलोग्राम) है, जिससे ईंधन भरने के अंतराल से जुड़ी चुनौतियां कम हो जाती हैं। एग्रोविज़न 2025 में, सोनालीका ने एक मजबूत ट्रैक्टर प्लस ट्रॉली सिस्टम प्रदर्शित किया है, जिसे अधिक कुशलता प्रदान करने और ग्रामीण भारत में सीएनजी ईंधन हेतु तेज़ी से बढ़ते बुनियादी ढाँचे का लाभ उठाने के लिए विकसित किया गया है।

## विन-विन मॉडल तैयार, कर सकते हैं संबंध मजबूत

# होटल उद्योग और किसान साझेदारियां पारस्परिक विकास के लिए महत्वपूर्ण: कृषि सचिव देवेश



बेनिफिट समिट 2025

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव देवेश चतुर्वेदी ने उद्योग से आग्रह किया कि वे किसान उत्पादक संगठनों के साथ व्यवस्थित और दीर्घकालिक साझेदारी स्थापित करें। उन्होंने कहा कि ऐसी साझेदारियां उच्च गुणवत्ता वाले कृषि उत्पादों की स्थायी और विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य हैं एफपीओ-हॉस्पिटैलिटी एंड फार्मर्स बेनिफिट समिट 2025 में जिसका आयोजन फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशंस ऑफ इंडिया ने किया था। चतुर्वेदी ने कहा कि एफपीओ और होटल उद्योग के बीच सीधे संबंध मजबूत विन-विन मॉडल तैयार कर सकते हैं जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और होटलों को रसायन-मुक्त, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की सुनिश्चित आपूर्ति मिल सकेगी।

### भारत में अब लगभग 40 हजार एफपीओ सक्रिय

उन्होंने बताया कि भारत में अब लगभग 40,000 एफपीओ सक्रिय हैं, जिनमें से कई स्वाभाविक रूप से स्वच्छ, सुरक्षित और टिकाऊ कृषि उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। यह होटल और रेस्टोरेंट सेक्टर की बढ़ती मांग के अनुरूप है। उन्होंने यह भी कहा कि किसान आज विपरीत मूल्य प्रणाली से जूझ रहे हैं जहां वे उत्पाद खुदरा दरों पर खरीदते हैं, लेकिन उत्पादन थोक भाव पर बेचते हैं। उन्होंने कहा कि यह असंतुलन केवल होटलों द्वारा सीधे खरीद से सुधर सकता है।

### उद्योग के जीडीपी योगदान व रोजगार सृजन दोनों में वृद्धि होगी

प्रधानमंत्री की कृषि -उद्योग साझेदारी की अपील को लेकर उन्होंने कहा कि ऐसी साझेदारी से बिचौलियों की भूमिका कम होगी, आपूर्ति श्रृंखलाएं मजबूत होंगी, किसानों की आय बढ़ेगी और आतिथ्य उद्योग के जीडीपी योगदान व रोजगार सृजन दोनों में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि सरकार जैविक खेती, जीआई -टैग वाले उत्पादों और जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। समिट में पर्यटन मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक सुमन बिल्ला ने कहा कि भारत को एक तेज, संगठित और संरचित किसान-होटल साझेदारी ढांचे की जरूरत है। इससे सरकार की दृष्टि तेजी से पूरी होगी, ग्रामीण आजीविका मजबूत होगी और पर्यटन-आधारित मूल्य श्रृंखला को बड़ी मजबूती मिलेगी।

# जियो एआई से जोड़ रहे मप्र-छग के कॉलेज छात्रों को, दिया जा रहा व्यावहारिक प्रशिक्षण



क्लासरूम

वाणिज्य डेस्क ⏭ भोपाल

रिलायंस जियो ने एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई ) तकनीक को हर भारतीय तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। कंपनी मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न कॉलेजों में जाकर छात्रों को गूगज, जेमिनी एआई, जियो एआई क्लासरूम और अन्य उन्नत एआई टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर रही है।

जियो के विशेषज्ञ अधिकारी कॉलेज कैंपस में छात्रों को एआई तकनीक की उपयोगिता, भविष्य की संभावनाओं और रोजगारपरक लाभों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों को बताया जा रहा है कि वे गूगज जेमिनी एआई की मदद से अपनी पढ़ाई, प्रोजेक्ट्स, प्रेजेंटेशन, कंटेंट क्रिएशन और भविष्य की नौकरियों के लिए खुद को कैसे बेहतर तरीके से तैयार कर सकते हैं।

### जियो जेमिनी प्रो प्लान अब सभी 5जी ग्राहकों के लिए मुफ्त

रिलायंस जियो ने अपने एआई ऑफर्स में बड़ा अपडेट करते हुए घोषणा की है कि जियो जेमिनी प्रो प्लान अब सभी जियो अनलिमिटेड 5जी उपभोक्ताओं के लिए पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध होगा। इस प्लान में गूगल का उन्नत जेमिनी 3 मॉडल शामिल है, जो अधिक स्मार्ट, तेज और सटीक एआई अनुभव प्रदान करता है। पहले यह सुविधा केवल सीमित उपयोगकर्ताओं तक सीमित थी, लेकिन अब इसे सभी 5जी उपभोक्ताओं के लिए लागू कर दिया गया है।

### 18 महीनों तक मुफ्त एआई सेवा

कंपनी के अनुसार, सभी जियो अनलिमिटेड 5ज ग्राहक जियो जेमिनी प्रो प्लान का लाभ 18 महीनों तक बिना किसी शुल्क के ले सकेंगे। इस अवधि में मिलने वाली कुल सेवाओं का मूल्य लगभग 35,100 रुपए होगा। यह सेवा शुरू हो गई है , जिसे उपभोक्ता मायजियों एप में "क्लेम नाऊ" विकल्प पर क्लिक कर तुरंत सक्रिय कर सकेंगे।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग पर कार्यशाला संपन्न



**भोपाल।** एलएनसीटी में आयोजित जिला शिक्षा अधिकारियों और डाइट सदस्यों के लिए नवाचार, डिजाइन और उद्यमिता पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला कार्यशाला का समापन निर्मल कालेब , डिप्टी डायरेक्टर डीपीआई, भोपाल गिरीश कुमार भसीन , असिस्टेंट डायरेक्टर, एआईसीटीई, नई दिल्ली, डॉ. अरविंद देशमुख , मास्टर ट्रेनर और कंसल्टेंट वाधवानी, फाउंडेशन, डा. रंजना पटेल एंटरप्रेन्योरशिप एजुकेटर की उपस्थिति में हुआ । इसमें मप्र के विभिन्न जिलों से आए शिक्षा अधिकारी और डाइट से आए शिक्षकों ने भाग लिया । जिला-स्तरीय अधिकारियों के कौशल को बढ़ाना है। इस अवसर पर निर्मल कालेब ने कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है की हम भारत सरकार और मप्र सरकार की इस योजना को हर स्कूल तक पहुंचाएं और राष्ट्र के नवाचार और उद्यमिता को नई गति प्रदान करें। गिरीश कुमार भसीन , असिस्टेंट डायरेक्टर, एआईसीटीई ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं एआईसीटीई के द्वारा शोध, नवाचार, पेटेंट, उद्यमिता के लिए किए जा रहे प्रयासों में सभी को शामिल होने का आह्वान किया। इस मौके पर डॉ. वी के साहू , प्रिंसिपल एलएनसीटी, डा. अशोक कुमार राय, डायरेक्टर , डॉ. अनूप चतुर्वेदी, डॉ. भावना पिल्लई, डॉ. आनंद सिंह, प्रो.(डा.) अमितबोध उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### फिटीज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने एडवोकट संतोष, मिला मप्र का प्रभार

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश टैक्स लॉ बार के ज्वॉइंट सेक्रेटरी एवं समाजसेवी एडवोकेट संतोष गुप्ता को फिटीज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर सुशोभित करते हुए मध्यप्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। ज्ञात हो कि देश की अग्रणी संस्था फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड एंड इन्वेस्टर्स गुणोंदय एसोसिएशन (फिटीज) नई दिल्ली के चेयरमैन आदित्य खन्ना ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें उनकी योग्यता और अनुभव को देखते हुए यह सम्मान दिया है। गुप्ता ने फिटीज के चेयरमैन का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि भारतीय व्यापार को खासकर मध्य प्रदेश के व्यापार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करने के लिए वो पूरी मेहनत से अपने पद की गरिमा का निर्वाह करेंगे। बताया गया कि समाजसेवी एड संतोष गुप्ता की इस गरिमामय पद पर नियुक्ति उनके टैक्सेशन के क्षेत्र में दिए जा रहे उल्लेखनीय योगदान के कारण की गई है।



### पीएनबी एमएसएमई आउटरिच कार्यक्रम, 160 करोड़ रु. प्राप्त की लीड

**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक द्वार मंडल कार्यालय भोपाल में पीएनबी एमएसएमई आउटरिच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक, प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली से मुख्य महाप्रबंधक अमित कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि तथा जतिंदर मनकोटिया, अंचल प्रमुख विशेष अथिति के रूप में उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम धीरेंद्र कुमार झा, मंडल प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अमित कुमार श्रीवास्तव एवं विशेष अतिथि जतिन्दर मनकोटिया ने लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। बैंक को लगभग 160 करोड़ रुपए की लीड प्राप्त हुई। इस अवसर पर उपस्थित ग्राहकों द्वारा बैंक के ऋण उत्पादों एवं ग्राहक सेवा के संबंध में अपने अनुभव भी साझा किए। यह कार्यक्रम सूक्ष्म लघु और मध्यम (एमएसएमई) योजनाओं के तहत उद्यमियों को बैंक द्वारा अनुकूलित वित्तीय सहायता प्रदान करने एवं अपने कारोबार के लिए विशेष एमएसएमई ऋण उत्पादों और योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। ताकि उद्यमी अपना व्यवसाय शुरू कर सके और अपनी आवश्यकतानुसार कस्टमाइज्ड योजनाओं से अपने व्यवसायिक सपनों को सशक्त बना सके। इस अवसर पर अमित कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक ने उद्यमियों से विचार-विमर्श किया तथा उनके सुझावों से अवगत हुए। कार्यक्रम में मंडल प्रमुख धीरेंद्र कुमार झा द्वारा इस सफल आयोजन के लिए सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त किया।



### क्षतिग्रस्त हुई पाइपलाइन को थिंक गैस ने दुरुस्त किया

**भोपाल।** राजधानी के राजीव नगर में बिना अधिसूचित किए पानी की लाइन बिछाने के लिए जेसीबी मशीन से की गई खुदाई से थिंक गैस की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही थिंक गैस की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और उस स्थान को सुरक्षित करते हुए स्थिति का आकलन किया और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरुस्त किया जिससे समय रहते गैस आपूर्ति और जन सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकी। इस टीम के जल्द हस्तक्षेप से जानमाल और ढांचागत सुविधाओं को जोखिम से प्रभावी रूप से बचा लिया गया। प्रारंभिक तथ्यों से यह पुष्टि हुई कि थिंक गैस को पूर्व में सूचना दिए बगैर थर्ड पार्टी द्वारा खुदाई का कार्य किए जाने की वजह से पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा। यदि खुदाई कार्य करने वाली एजेंसी उस गैस पाइपलाइन वाले क्षेत्र में खुदाई का काम करने से पूर्व इस कंपनी को सूचित कर देती तो यह घटना पूरी तरह से टाली जा सकती थी।

### ओडिसी और श्रीराम ग्रीन फाइनेंस के बीच समझौता

**मुंबई।** ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने श्रीराम ग्रीन फाइनेंस लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य उपभोक्ताओं को ओडिसी के इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए आसान और किफायती फाइनेंस उपलब्ध कराना है। श्रीराम ग्रीन फाइनेंस के देशभर में मौजूद व्यापक नेटवर्क के माध्यम से ओडिसी के इलेक्ट्रिक वाहन आसानी से खरीद सकेंगे। ओडिसी इलेक्ट्रिक के संस्थापक और सीईओ नेमिन वोरा ने कहाकि यह गठबंधन सिर्फ एक साझेदारी नहीं, बल्कि भारत की गतिशीलता को नए सिरे से परिभाषित करने की हमारी प्रतिबद्धता है।



## जर्मन मल्टीनेशनल सॉफ्टवेयर कंपनी एसएपी की रिपोर्ट, भारतीय इंडस्ट्री का भरोसा बढ़ा

# एआई निवेश पर 93 फीसदी कंपनियों को पॉजिटिव रिटर्न की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अगले तीन वर्षों में एआई को लेकर निवेश पर पॉजिटिव रिटर्न मिलेंगे। यह उम्मीद 93 प्रतिशत भारतीय कंपनियों को है जो कि सर्वे किए गए सभी देशों में सबसे अधिक कॉन्फिडेंस लेवल को दर्शाता है।



यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। जर्मन मल्टीनेशनल सॉफ्टवेयर कंपनी एसएपी की रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय कंपनियों ने 2025 में अपने निवेश को लेकर 15 प्रतिशत के एवरेज एआई रिटर्न की जानकारी दी है। उनका अनुमान है कि आगामी दो वर्षों में उनका यह रिटर्न 31 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। भारतीय व्यवसाय इस वर्ष एआई में 31 मिलियन डॉलर का निवेश कर रहे हैं, जो कि 26.7 मिलियन डॉलर के ग्लोबल एवरेज से भी अधिक है। इसमें कंपनियों का फोकस सॉफ्टवेयर, इंफ्रास्ट्रक्चर, टैलेंट और कंसल्टिंग खर्च पर है।

### अगले दो वर्षों में 33 प्रतिशत के एवरेज से अधिक बढ़ने का अनुमान

संगठनो की ओर से एआई में निवेश अगले दो वर्षों में 33 प्रतिशत के एवरेज से अधिक बढ़ने का अनुमान है, जो इस वर्ष 15 प्रतिशत के आरओआई को लाएगा। एसएपी एसई के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, फिलिप हर्जिग ने कहा, "व्यवसायों के काम करने के तरीके को एआई पूरी तरह से बदल रहा है, न केवल टास्क को ऑटोमेटेड बनाने के साथ बल्कि यह मिशन-क्रिटिकल प्रोसेस में स्मार्टर, फास्टर निर्णयों को भी लेने में सुविधा प्रदान कर रहा है। 56 प्रतिशत भारतीय रेस्पॉन्डेंटस वर्तमान आरओआई से संतुष्ट थे और 58 प्रतिशत को उम्मीद है कि एआई पहलें किसी दूसरी टेक्नोलॉजी निवेशों से तेज पॉजिटिव आरएआई डिलीवर करेंगी। सएपी लैब्स इंडिया की एमडी और हेड सिंधु गंगाधरन ने कहाकि 6 लाख से अधिक प्रोफेशनल्स के साथ भारत ग्लोबल एआई टैलेंट पूल में 16 प्रतिशत का योगदान देता है, जो देश को एक टू एआई पावर हाउस बनाता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल टैलेंट की यह गहराई उद्यमों को पायलट से परफॉर्मेंस में शिफ्ट करने में सक्षम बना रही हैं, जिसके साथ एआई को निर्णयों, ऑपरेशन और कस्टमर एक्सपीरियंस में एम्बेड किया जा रहा है। यह रिपोर्ट 8 देशों के 1600 सीनियर लीडर्स के सर्वे पर आधारित है, जिसमें 200 रेस्पॉन्डेंट्स भारत से थे।

## दुनिया भर में होगी चांदी और तांबे की मांग में वृद्धि

# अमेरिका ने शामिल किया अपने क्रिटिकल मिनरल्स लिस्ट में चांदी और तांबे को



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के अपनी क्रिटिकल मिनरल्स लिस्ट में सिल्वर (चांदी) और कॉपर (तांबा) को शामिल करने से भारत में इसकी कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। अमेरिका के फैसले के बाद ये दोनों मेटल अब अमेरिका की आर्थिक सुरक्षा, नेशनल डिफेंस, और टेक्नोलॉजी के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाएंगे। अमेरिका इस कदम के जरिए इन मेटल्स की माइनिंग और सप्लाई चेन को मजबूत करने और घरेलू उत्पादन बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, ताकि विदेशी सप्लाई पर निर्भरता कम हो सके। इसकी वजह से दुनिया भर में चांदी और तांबे की मांग में बढ़ोतरी होगी।

**भारत हर साल करता करीब 5,500 से 6,000 टन चांदी का आयात** -जानकारी के मुताबिक इससे भारत में सिल्वर और कॉपर की उत्पादन लागत में इजाफा होगा क्योंकि भारत कॉपर और सिल्वर का बड़ा इंपोर्टर है। भारत हर साल करीब 5,500 से 6,000 टन चांदी का आयात करता है। 2023-24 के दौरान सिल्वर की मांग बढ़ने के कारण और विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, ज्वेलरी, और सोलर पैनल इंडस्ट्रीज के लिए भारत का सिल्वर आयात करीब 7,000 टन तक पहुंच गया था।

### भारत में हर साल लगभग 5 लाख टन कॉपर का आयात

भारत हर साल लगभग 5 लाख टन कॉपर का आयात करता है। देश का घरेलू प्रोडक्शन कम होने के कारण घरेलू मांग, जो इलेक्ट्रिक वाहन, और निर्माण क्षेत्रों में बढ़ रही है, को पूरा करने के लिए यह आयात जरूरी है। (FY24 में भारत ने लगभग 500,000 टन कॉपर आयात किया है) बिजली, इलेक्ट्रॉनिक्स, रिन्यूएबल एनर्जी, इलेक्ट्रिक वाहन, और सोलर पैनल जैसे इंडस्ट्रीज में कीमतों का दबाव बढ़ सकता है। वहीं, दूसरी ओर भारत की वेदांता,हिंदुस्तान जिंक, हिन्दुस्तान कॉपर, और एनएमडीसी जैसी माइनिंग कंपनियों के लिए यह एक अच्छा संकेत है, क्योंकि बढ़ती ग्लोबल कीमतों से उनकी आय और मार्जिन बेहतर हो सकते हैं।

### कमोडिटी एक्सचेंज पर ट्रेडिंग वॉल्यूम और निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ेगी

देश में चांदी का उत्पादन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी हिंदुस्तान जिंक है, जो कि कुल चांदी उत्पादन में लगभग 95 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती है, ऐसे में चांदी की कीमतें बढ़ने का सबसे ज्यादा फायदा वेदांता समूह की इस कंपनी के शेयरों में हो सकता है।

## मोटोरोला ने मोटो जी57 पॉवर लांच किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मोटोरोला ने भारत में अपना मोटो जी57 पावर 5जी स्मार्टफोन लांच कर दिया। मोटो जी57 पावर को बजट दाम में 70000एमएएच बड़ी बैटरी दी गई है। मोटो जी57 पॉवर 5जी में क्वालकॉम का स्नैपड्रैगन 6 जनरेशन4 चिपसेट, 128जीबी स्टोरेज, 6.72 इंच एलसीडी डिस्प्ले जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

दुनिया का पहला स्नैपड्रैगन 6 जेन 4, मोटो एआई से पावर्ड सेगमेंट का बेस्ट 50एमपपी सोनी लिटीया 600 कैमरा, अग्रणी 7000 एमएएच बैटरी सब कुछ है। सर्वश्रेष्ठ बजट फोन को केवल 12,999 रुपये में लांच करके मोटो जी57 पॉवर बजट स्मार्टफोन कैटेगरी को फिर से परिभाषित करता है। मोटो जी57 पॉवर 3 दिसंबर 2025 को 12 बजे दोपहर से फ्लिपकार्ट, मोटोरोला.इन और प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं उज़मा अज़ीज़ खान, निवासी 78-B सेक्टर, हज़रत निज़ामुद्दीन कॉलोनी, भोपाल, मध्य प्रदेश - 462022, यह प्रमाणित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर उज़मा अज़ीज़ रख लिया है। यह नाम परिवर्तन शपथ पत्र संख्या CU 914366 के अनुसार किया गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

## चिंतन

# महिलाओं ने तीन विश्व कप जीतकर लिखा नया अध्याय

आज हम 21वीं सदी में है। कभी वो समय था, जब महिलाओं को केवल घर की चारदीवारी तक ही सिमित रखा जाता था। यहां तक की अनेक देशों में तो उन्हें वोट देने तक का अधिकार नहीं था, लेकिन आधुनिक युग में महिलाएं कहीं भी पुरुषों से पीछे नहीं हैं। वे जितने अच्छे से घर, परिवार और माता -पिता को संभालती हैं, उतने ही अच्छे से हवाई जहाज भी उड़ा रही हैं। बड़ी कंपनी में भी दायित्व निभा रही हैं। यहां तक कि देश की रक्षा में भी उनका अहम योगदान है। उन्होंने अपनी योग्यता का चौतरफा लोहा मनवा लिया है। चांद पर जाने वाली भी महिला है और घर संभालने वाली भी। इसी कड़ी में क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद देश को महिलाओं ने एक बार फिर गर्व का मौका दिया है। अब उन्होंने कबड्डी में दुनियाभर में धाक जमाते हुए वर्ल्ड कप जीत लिया है। बांग्लादेश के ढाका में 2025 का फाइनल भारत और चीनी ताइपे के बीच खेला गया। खिताबी मुकाबले में भारत ने चीनी ताइपे को 35-28 के स्कोर से हरा दिया। भारतीय महिला टीम ने लगातार दूसरी बार महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। भारत ने ग्रुप चरण के सभी चार मैचों में जीत हासिल कर और सेमीफाइनल में ईरान को 33-21 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। उनके प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे भी खिताबी मुकाबले में अपराजित थे और उन्होंने मेजबान बांग्लादेश को 25-18 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबला काफी जोरदार रहा, जिसमें चीनी ताइपे ने शुरुआती दौर में भारत के डिफेंस को चुनौती दी। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों ने अनुशासित टैकल और सही समय पर किए गए हमलों के जरिए धीरे-धीरे नियंत्रण हासिल किया और मैच के निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखा और कप अपने नाम कर लिया। भारत की बेटियां अपने दम पर दुनिया में देश का नाम रोशन कर रही हैं। पिछले 30 दिन के भीतर इन बेटियों ने 3 वर्ल्ड कप जीत लिए हैं। सबसे पहले भारत की महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इसके बाद ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने कमाल कर दिया। उन्होंने फाइनल में नेपाल को 7 विकेट से हराया और ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब कोलंबो में जीता। पहली बार ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था। इसके बाद अब भारत की महिला कबड्डी टीम ने भी वर्ल्ड कप जीत लिया है। हमारी सोच चाहे कैसी भी रही हो, सच तो यही है कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर या उनसे आगे हैं, भले ही उन्हें विपरीत परिस्थितियों और सामाजिक बाधाओं का सामना करना पड़े। महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी मेहनत, लगन और बुद्धिमत्ता से पुरुषों को मात दे रही हैं। इतना सब होने के बावजूद आज भी हमारे समाज में दहेज के लिए हत्या, यौन शोषण, कन्या भ्रूण हत्या व महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसी कुरीतियां भी हैं। जिन पर पार पाना अभी शेष है। ऐसे लोग भी हैं जो इतना सब होने के बाद भी महिलाओं को दोयम दर्जे का समझते हैं और उन्हें किसी तरह के अधिकार देने को तैयार नहीं। अगर हम ऐसी मानसिकता से निपटने में कामयाब रहे तो तय है कि ये आधी आबादी न केवल देश को ज्यादा गौरवान्वित करेगी बल्कि विकास की रफ्तार भी तेज होगी।

स्मृति
विवेक शुक्ला



# क्यों राजनीति के पर्दे पर हीरो नहीं बन सका हीमैन

धर्मेंद्र लगभग छह दशकों तक बॉलीवुड के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर रहे। उन्होंने शोले, सत्यकाम, चुपके-चुपके, फूल और पत्थर, बंदिनी जैसी अनेक फिल्मों में यादगार किरदार निभाए। पर सियासत की दुनिया में उनका सफर छोटा और किसी भी रूप से यादगार नहीं रहा। धर्मेंद्र 2004 का लोकसभा चुनाव राजस्थान के बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर लड़े और आराम से जीत गए। जिस शख्स ने कभी सियासत की बात तक नहीं की, जो इंटरव्यू में भी कहता था कि "मुझे तो बस फिल्में बनानी और करना पसंद है", वही शख्स संसद पहुंच गया। जीत भी बड़ी शानदार मिली- करीब 60 हजार वोटों से। मगर, उन्होंने फिर कभी चुनाव नहीं लड़ा। राजनीति का उनका सफर यहीं खत्म हो गया। दरअसल 2004 के लोकसभा चुनाव के वक्त राजस्थान में बीजेपी की लहर थी। वाजपेयी सरकार के अंतिम वर्ष थे। बीकानेर सीट पर पार्टी को एक ऐसा चेहरा चाहिए था जो जाट बहुल इलाके में पकड़ रखता हो और जिसकी लोकप्रियता से कांग्रेस का पुराना किला ढह जाए। जाट समुदाय में धर्मेंद्र का जबरदस्त प्रभाव था। उनकी फिल्में गांव-गांव में हिट होती थीं। "शोले" का वीरू, "चुपके चुपके" का डॉ. परिमल, "यमला पगला दीवाना" का देसी जवान - ये किरदार राजस्थान के गांवों में आज भी जिंदा हैं। बीजेपी को लगा कि अगर धर्मेंद्र मैदान में उतर आए तो जीत पक्की।

खुद धर्मेंद्र ने कई इंटरव्यू में बताया कि उनके बहुत करीबी दोस्त, बीजेपी के तत्कालीन नेता और राजस्थान के बड़े नेता (नाम उन्होंने कभी सार्वजनिक नहीं किया) बार-बार आग्रह करते रहे। धरम जी, बस एक बार आ जाओ, इलाके के लिए बहुत कुछ कर सकते हो।" पहले तो उन्होंने साफ मना कर दिया। कहा, मैं तो फिल्मों का आदमी हूं, मुझे ये सब नहीं आता। मगर दोस्तों ने जिद पकड़ ली। अंत में धर्मेंद्र मान गए। शर्त सिर्फ एक थी – ज्यादा प्रचार नहीं करना, न ज्यादा भाषण देने। धर्मेंद्र का चुनाव प्रचार देखने लायक था। जहां दूसरे नेता सुबह से रात तक गांव-गांव गली-गली चिल्लाते थे, वहां धर्मेंद्र बस दो-तीन बड़ी सभाएं करते और लौट आते। कभी जीप पर खड़े होकर हाथ हिलाते, कभी मंच पर बैठकर मुस्कुराते। भाषण? वो भी दो-चार लाइन का। "भाइयो-बहनो, मैं आपका अपना हूं। आपने मुझे फिल्मों में इतना प्यार दिया, अब एक बार संसद में भेज दो।" बस। लोगों को भाषण नहीं, उनका चेहरा चाहिए था। उन्होंने 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री रामेश्वर लाल दूदी को भारी मतों से हराया। जीत के बाद दिल्ली आकर संसद भवन में पहुंचे तो मीडिया वाले टूट पड़े। पूछा गया, "अब राजनीति में पूरी तरह आ गए न? धर्मेंद्र ने अपना पुराना अंदाज दिखाया, "अरे भाई, मैं तो बस बीकानेर की सेवा करने आया हूं। बाकी फिल्में भी चलती रहेंगी।" एक बार तो सदन में हंसी का माहौल बन गया जब स्पीकर ने उनका नाम पुकारा और धर्मेंद्र जी उठे नहीं। बाद में पता चला कि वो शूटिंग के लिए मुंबई चले गए थे। विपक्ष ने खूब चुटकी ली, लेकिन जनता को इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। बीकानेर में लोग कहते थे, "हमारे सांसद तो हीमैन हैं, बोलना क्या जरूरी है?" धर्मेंद्र के पारिवारिक मित्र और वास्तु और ज्योतिष शास्त्र पर कई किताबों के लेखक डॉ. जे.पी. शर्मा लाल धागे वाले कहते हैं कि धरम जी के स्वभाव में राजनीति नहीं थी।

दूसरी बात, वो मुंबई से दूर नहीं रह सकते थे। मुंबई में उनका फार्म हाउस था, मुंबई में परिवार, फिल्में। सांसद बनने के बाद भी वो ज्यादातर समय मुंबई और अपने गांव में ही रहे। बीकानेर भी कम ही गए। स्थानीय कार्यकर्ता शिकायत करते थे कि "धरम जी आते ही नहीं।" लेकिन जनता फिर भी नाराज नहीं हुई क्योंकि उसने उन्हें "अपना" मान लिया था।

कहते हैं कि 2009 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने उन्हें फिर टिकट देने की पेशकश की। धर्मेंद्र ने साफ मना कर दिया। कहा, "बस एक बार काफी है। अब मैं अपने खेतों में, अपने घोड़ों में, अपनी फिल्मों में खुश हूं।"

धर्मेंद्र ने 2009 के बाद कभी राजनीति की तरफ मुड़कर नहीं देखा। न कोई बयान, न कोई रैली, न कोई पार्टी मीटिंग। वो वापस अपने पहले प्यार - फिल्मों और फार्मिंग में लौट गए। "यमला पगला दीवाना" सीरीज बनाई, बेटों सनी और बॉबी के साथ काम किया। जब कोई उनसे राजनीति की बात करता है तो वो हंसकर टाल देते हैं - "अरे छोड़ो यार, वो तो बस एक्टिंग का ही एक रोल था, वो भी खत्म हो गया। अब तो असली जिंदगी जी रहा हूं।"

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अमृतकाल
नरेंद्र सिंह तोमर

संविधान हमारे लिए सिर्फ पुस्तक नहीं है, यह जन-जन की आशाओं का प्रतिबिंब है। 7 जून 2024 को नरेंद्र मोदी जी ने मोदी-3 सरकार की शुरुआत करते हुए संसद के सेंट्रल हॉल में संविधान की पवित्र पुस्तक को माथे से लगाकर नमन किया था। यही दृश्य पांच साल पहले मोदी-2 के समय भी दृष्टिगत हुआ था। नरेंद्र मोदी जी की भारतीय संविधान में आस्था न केवल इन दृश्यों से अपितु उनके हर निर्णय से स्वतः परिलक्षित हो रही है।

# लोकतंत्र की गीता हमारा संविधान


20वीं सदी के पूर्वार्ध अर्थात 1900 से 1950 के बीच पूरी दुनिया में लगभग 150 देश स्वतंत्र हुए। इनमें से अधिकांश ने औपनिवेशिक गुलामी की जंजीरें तोड़ने के बाद आजादी की हवा में सांसे लीं। भारत भी लगभग 200 वर्ष की अंग्रेजों की गुलामी से स्वतंत्र हुआ। यदि समकालीन स्वतंत्र सभी देशों में हम आज की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन करें तो पाते हैं कि भारत अन्य देशों की तुलना में सबसे अधिक लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण राष्ट्र के रूप में विकसित हुआ है। इसके पीछे निहित है हमारे सशक्त संविधान की ताकत। संविधान निर्माताओं ने संविधान की रचना में भारतीय जीवन मूल्यों, आधुनिक शासन, भविष्य की आशाओं की पूर्ति का लक्ष्य और नागरिक केंद्रित शासन व्यवस्था को इतनी कुशलता के साथ समावेशित किया कि साल दर साल यह लोकतंत्र की जड़े मजबूत करता ही चला गया।

26 नवंबर 2025 को हम 76वां संविधान दिवस मनाने जा रहे हैं। एक वर्ष पूर्व हमारे संविधान का अमृतकाल वर्ष प्रारंभ हुआ था। संपूर्ण वर्ष हमने संविधान के सम्मान में 'संविधान गौरव अभियान' मनाया और संविधान निर्माताओं के प्रति अपनी कृतज्ञता को ज्ञापित किया। हमारे लिए संविधान दिवस की तिथि न केवल एक औपचारिक स्मृति है, बल्कि उन मूल्यों, आदर्शों और संकल्पों का वार्षिक पुनर्मूल्यांकन भी है जो हमारे लोकतंत्र की नींव है। संविधान ने भारत को एक आधुनिक, समतामूलक, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया और नागरिकों को अधिकार, अवसर और गरिमा की सुरक्षा सुनिश्चित की।

स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद, एक विकसित, समावेशी और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण के लिए एक दूरदर्शी एवं सक्षम संविधान की आवश्यकता थी। संविधान सभा के सदस्यों ने गहन विमर्श, विविध दृष्टिकोणों और भारत की बहुलतावादी परंपरा को समाहित करते हुए ऐसा दस्तावेज तैयार किया जो आज भी विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधानों में अग्रणी है। आज राष्ट्र कृतज्ञ है संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी, और संविधान के मुख्य वास्तुकार संविधान प्रारूपण समिति के डॉ. बी.आर. अंबेडकर एवं अन्य सदस्यगणों का, जिन्होंने अपनी दूरदर्शिता, राष्ट्र के प्रति निष्ठा और जन कल्याण की भावना से एक ऐसा ग्रंथ तैयार किया जिसे हम भारतीय लोकतंत्र की गीता भी कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

हमारे संविधान की विशेषता यह है कि यह परिवर्तनशील समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित होने की क्षमता रखता है। यही कारण है कि पिछले सात दशक में संविधान ने अपने मूलभूत सिद्धांतों को अक्षुण्ण रखते हुए समाज, प्रशासन और न्याय व्यवस्था में समयानुकूल परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। हमारा संविधान जन-जन की भावनाओं, आकांक्षाओं का प्रतीक है। संविधान ने राष्ट्र को राह दिखाई है और समय-समय पर स्वयं में संशोधन करके लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त भी किया है।

संविधान का केंद्रीय बल नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व प्रदान करने की प्रतिबद्धता है। इन मूल्यों के साथ प्रत्येक भारतीय नागरिक को न केवल अपने अधिकारों का उपभोग करना है,




बल्कि अपने कर्तव्यों का भी पालन करना है—क्योंकि मजबूत राष्ट्र नागरिकों की जिम्मेदारियों से बनता है। संविधान के मूलभूत कर्तव्यों की प्रासंगिकता आज और अधिक बढ़ गई है, जब देश अमृतकाल में विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में विगत 11 वर्षों में सरकार ने संविधान में पूर्ण निष्ठा के साथ जन कल्याण की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया है। यह दशक संविधान के लोकहित में सशक्त होने का समय था।

संविधान में अब तक 106 संशोधन हो चुके हैं। सबसे हाल में हुआ 106 वां संशोधन इस देश की आधी आबादी अर्थात नारी शक्ति के सशक्तिकरण को समर्पित है। दशकों से लंबित महिलाओं के हक की एक मांग को नरेंद्र मोदी जी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के माध्यम से साकार किया है। लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों का आरक्षण भारत में महिला नेतृत्व को एक नया आयाम देता है। वास्तव में यह संविधान की मूल भावना का एक समाचीन विस्तार है।

5 अगस्त 2019 को संविधान में हुआ संशोधन स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा ऐतिहासिक निर्णय माना जा सकता है। जम्मू- कश्मीर और लद्दाख के लिए संविधान में प्रावधानित अनुच्छेद 370 और 35 ए को हटाए जाने से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का ' एक देश, एक विधान, एक प्रधान' का संकल्प स्वतंत्रता के 70 वर्ष उपरांत पूर्ण हो पाया। यह शनरेंद्र मोदी जी की दृढ़ निर्णय शक्ति का ही परिणाम है कि धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भी देश के बाकी हिस्सों के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

तीन आपराधिक क़ानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता को लागू करके भारत सरकार ने दंड के स्थान पर न्याय की अवधारणा को धरातल पर उतारा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के चिंतन में सदैव पहली प्राथमिकता कमजोर वर्ग को सशक्त कर उसे समाज की मुख्यधारा में लाने की रही है। संविधान के 103वें संशोधन के माध्यम से वर्ष 2019 में भारत सरकार ने सामान्य वर्ग के कमजोर आर्थिक वर्ग वाले परिवारों को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह समाज के कमजोर वर्ग के सशक्तिकरण में मील का पत्थर है।

संविधान हमारे लिए सिर्फ पुस्तक नहीं है, यह जन-जन की आशाओं का प्रतिबिंब है। 7 जून 2024 को नरेंद्र मोदी जी ने मोदी-3 सरकार की शुरुआत करते हुए संसद के सेंट्रल हॉल में संविधान की पवित्र पुस्तक को माथे से लगाकर नमन किया था। यही दृश्य पांच साल पहले मोदी-2 के समय भी दृष्टिगत हुआ था। नरेंद्र मोदी जी की भारतीय संविधान में आस्था न केवल इन दृश्यों से अपितु उनके हर निर्णय से स्वतः परिलक्षित हो रही है।

7 नवंबर 2025 को संपूर्ण राष्ट्र ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगाठ को एक महान स्मरणोत्सव के रूप में मनाया। उत्तर से दक्षिण तक और पूर्व से पश्चिम तक समवेत स्वर में स्व. बंकिम चंद्र चटर्जी की अमर रचना वंदे मातरम की गूंज है। वर्ष पर्यंत हम राष्ट्रगीत को समारोह पूर्वक स्मरित करते रहेंगे क्योंकि यह हमारी स्वतंत्रता का जयघोष रहा है।

आज जब भारत विश्व मंच पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, तब संविधान हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए आधुनिक प्रगति की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। यह दस्तावेज केवल शासन की रूपरेखा नहीं, बल्कि राष्ट्र के चरित्र और नागरिकों के नैतिक मूल्यों का मार्गदर्शक है।

( लेखक मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


# असंयम लक्ष्य विमुख कर देता हैं



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया।

# कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित
प्रेरणा

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा थी कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की और जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया।वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योंकि मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज़ उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज़ की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं, ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## सटाका




## आज की पाती

### आतंक पर निर्णायक सख्ती जरूरी

भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां आतंकवाद का स्वरूप बदलकर और भी जटिल और खतरनाक हो चुका है। राजधानी दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न शहरों में हाल की घटनाएं केवल हिंसक वारदातें नहीं, बल्कि यह चेतावनी हैं कि हमारी सुरक्षा संरचनाओं में अभी भी जितनी मजबूती और तत्परता होनी चाहिए, वह नहीं है। हर विस्फोट केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि यह प्रश्न भी है कि एक उभरती वैश्विक शक्ति के रूप में भारत क्या अपनी आंतरिक सुरक्षा को उसी गंभीरता से देख रहा है, जैसी दुनिया के विकसित राष्ट्र देखते हैं? अमेरिका ने 9/11 की भयावहता के बाद आतंकवाद को गंभीर खतरे के रूप में लिया। भारत को भी अब उसी स्तर की संवेदनशीलता और निर्णायकता की आवश्यकता है।

*-प्रवीण साहू, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### युग का अंत



धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के एक युग का अंत है। वे एक प्रतिष्ठित फिल्मी हस्ती, एक अद्भुत अभिनेता थे जिन्होंने अपनी हर भूमिका में आकर्षण और गहराई भर दी। जिस तरह से उन्होंने विविध भूमिकाएं निभाईं, उसने अनगिनत लोगों के दिलों को छुआ।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### रिश्ता और भी गहरा



कई अन्य लोगों की तरह, मुझे भी धर्मेंद्र जी से तुरंत लगाव हो गया, जिन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से हमारा मनोरंजन किया। जब मैं उनसे मिला तो पर्दे के पीछे का यह रिश्ता और भी गहरा हो गया। उनकी ऊर्जा अविश्वसनीय रूप से प्रभावशाली थी।

**-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर**

### जरूर याद आएगा



भारतीय सिनेमा की रोशनी आज मंद पड़ गई है। हम इस दुनिया में धर्मेंद्र जी को मिस करेंगे, लेकिन स्क्रीन पर उनकी चमक हमेशा कायम रहेगी। जब भी दोस्ती के फसाने कहे जाएंगे, 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' ज़रूर याद आएगा।

**- गौतम अदाणी, उद्योगपति**

### उदार हृदय वाले



सबसे दयालु इंसान। धरमजी निस्संदेह भारतीय फिल्म उद्योग के सबसे स्नेही और दयालु व्यक्ति थे। वे अच्छाई की प्रतिमूर्ति थे। उन्हें हीमैन कहा जाता था, लेकिन वे सबसे कोमल और उदार हृदय वाले थे।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर


# ताइवान में सैन्य हस्तक्षेप की बात से जापान ने सीमा लांघी



चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को कहा कि जापान की नए नेता ने ताइवान पर सैन्य हस्तक्षेप संबंधी टिप्पणी करके सीमा लांघ दी है। चीन के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर वान ने एक पोस्ट कहा कि इस माह की शुरुआत में जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची की यह टिप्पणी 'स्तब्ध' करने वाली है कि ताइवान पर चीन की नौसेना की नाकेबंदी या कोई और कार्रवाई जापान की जवाबी सैन्य कार्रवाई का आधार बन सकती है। वांग ने कहा, ''यह स्तब्ध करने वाली बात है कि जापान के मौजूदा नेताओं ने ताइवान मामले में सैन्य हस्तक्षेप की बात करके सार्वजनिक तौर पर गलत संकेत दिया है और ऐसी बातें कही हैं जो उन्हें नहीं कहनी चाहिए थीं और इन सबसे उन्होंने ऐसी सीमा लांघी है जहां तक उन्हें जाना ही नहीं चाहिए था।'' वांग ने कहा कि चीन को जापान की हरकतों का ''दृढ़ता से जवाब'' देना चाहिए। ताकाइची के बयान के बाद से पिछले कुछ हफ़्तों से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। बीजिंग ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस को एक पत्र भेजा जिसमें अंतरराष्ट्रीय कानूनों और राजनयिक नियमों के उल्लंघन के लिए ताकाइची की आलोचना की गई।

## ऑफ बीट

# मातृत्व महिलाओं के खर्च करने का तरीका बदल देता हैं



हमें काफी लंबे समय से ये मालूम हैं कि मातृत्व के चलते महिलाओं को न केवल अपनी आय, पदोन्नति और करियर में तरक्की से हाथ धोना पड़ रहा है बल्कि वे खामोशी के साथ अपनी जमा पूंजी भी खर्च कर रही हैं, रोज़मर्रा के खर्चों का बोझ उठा रही हैं और वित्तीय त्याग भी कर रही हैं, जिससे उन्हें दीर्घकालिक नुकसान हो रहा है। महिलाओं की आय पर मातृत्व के प्रभाव के बारे में हम पहले से ही जानते हैं। स्टैटिस्टिक्स कनाडा द्वारा 2015 में किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि पिता के प्रत्येक डॉलर के मुकाबले माताएं 85 सेंट कमाती हैं। अपने पहले बच्चे के जन्म के दस साल बाद भी, माताओं की कमाई बच्चों के बिना होने वाली कमाई से लगभग 34.3 प्रतिशत कम है। लेकिन हमारे अध्ययन से यह भी पता चलता है कि मातृत्व के साथ ही महिलाओं का धन के साथ संबंध बदल जाता है और बच्चे होने से उनके वित्तीय निर्णय और खर्च करने की आदतें बदल जाती हैं। अध्ययन में शामिल प्रतिभागी अपने व्यक्तिगत वित्त पर चर्चा करते समय दो परस्पर विरोधी आख्यानों का वर्णन करती हैं। एक ओर, वे मातृत्व को वित्तीय परियोजना के रूप में देखती हैं जिसे उन्हें बजट और लागत-लाभ के दायरे में स्वतंत्र रूप से प्रबंधित करना होता है।


## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# अलविदा धर्मेंद्र



## आज सिनेमा का आंगन सूना, 'हीमैन' के निधन से समूचा देश शोक में डूबा
## नम आंखों से दी लाखों चाहने वालों ने श्रद्धांजलि, फिल्म इंडस्ट्री में सबके चेहते थे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हिंदी सिनेमा के लिविंग लेजेंड धर्मेंद्र का 89 साल की उम्र में सोमवार को निधन हो गया है। धर्मेंद्र की मौत से न सिर्फ बॉलीवुड इंडस्ट्री बल्कि पूरे देश की फिल्म इंडस्ट्री को गहरा सदमा पहुंचा है। हर बड़ा सितारा, निर्माता, निर्देशक, खेल जगत की हस्तियां और उनके लाखों चाहने वाले सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। धर्मेंद्र के जाने से बॉलीवुड से लेकर साउथ और भोजपुरी इंडस्ट्री तक शोक की लहर है। तमाम सेलेब्स अभिनेता को याद कर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की। अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देने वालों में अनिल कपूर, संजय दत्त, अजय देवगन, अनुपम खेर, फरहान अख्तर, मनोज बाजपेयी, गोविंदा, सुनील शेट्टी, सैफ अली खान, जायद खान, रणवीर सिंह, भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव, रवि किशन, अभिनेत्रियों में शबाना आजमी, काजोल, करीना कपूर, दिया मिर्जा, सुष्मिता सेना, दीपिका पादुकोण, गीता बसरा, शिल्पा शेट्टी, शामिल रहीं। दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग से जूनियर एनटीआर, अल्लू अर्जुन ने भी उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। निर्माता मनीष मल्होत्रा, दिव्येंदु और सुभाष घई ने भी हीमैन को याद करते हुए भावुक पोस्ट शेयर किए हैं।

धर्मेंद्र की मौत से न सिर्फ बॉलीवुड इंडस्ट्री बल्कि पूरे देश की फिल्म इंडस्ट्री को गहरा सदमा पहुंचा है। हर बड़ा सितारा, निर्माता, निर्देशक, खेल जगत की हस्तियां और उनके लाखों चाहने वाले सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

### एक युग का अंतः निर्माता करण जौहर



फिल्म 'रॉकी रानी की प्रेम कहानी' के एक दृश्य में करण जौहर और धर्मेंद्र

फिल्म निर्माता करण जौहर ने धर्मेंद्र को दो साल पहले उनकी फिल्म 'रॉकी रानी की प्रेम कहानी' में डायरेक्ट किया था, उन्होंने एक्टर की मौत को एक युग का अंत बताया है। अपने इंस्टाग्राम पर करण ने लिखा कि ये एक युग का अंत है। एक विशाल मेगा स्टार। मेनस्ट्रीम सिनेमा में एक हीरो का अवतार। हर रूप से सुंदर और सबसे रहस्यमय स्क्रीन प्रेजेंस। वो हमेशा भारतीय सिनेमा के एक लिविंग लीजेंड रहेंगे। सिनेमा के इतिहास के पन्नों में परिभाषित और समृद्ध रूप से मौजूद। लेकिन सबसे बढ़कर वो सबसे अच्छे इंसान थे। हमारी इंडस्ट्री में सभी उन्हें बहुत प्यार करते थे।

#### दोस्तों ने बताए किस्से

### फगवाड़ा की गलियों में बीता था बचपन रामलीला में नहीं मिला था रोल

धर्मेंद्र के निधन से फगवाड़ा शहर के लोग सदमे में हैं क्योंकि यहां धर्मेंद्र ने अपना बचपन बिताया था। उनके बचपन के सबसे करीबी साथियों में समाजसेवक कुलदीप सरदाना, हरजीत सिंह परमार और एडवोकेट शिव चोपड़ा जैसे लोग शामिल रहे हैं, जो उन्हें तब से जानते थे जब वे सिर्फ 'धरम' के नाम से जाने जाते थे।

#### पुराने दोस्तों की तरह मिलते

धर्मेंद्र के पिता, मास्टर केवल कृष्ण चौधरी, फगवाड़ा आर्य हाई स्कूल में गणित और सामाजिक अध्ययन के शिक्षक थे। धर्मेंद्र ने यहीं से 1950 में मैट्रिक की पढ़ाई पूरी की और 1952 तक रामगढ़िया कॉलेज में अपनी आगे की शिक्षा जारी रखी। उनके सहपाठी, वरिष्ठ एडवोकेट एसएन चोपड़ा ने बताया कि धर्मेंद्र में बचपन से ही एक खास चमक थी और प्रसिद्धि ने कभी उनकी विनम्रता को नहीं बदला। हरजीत सिंह परमार बताते हैं कि जब भी धर्मेंद्र फगवाड़ा आते थे, तो वे एक बड़े स्टार की तरह नहीं, बल्कि एक पुराने दोस्त की तरह व्यवहार करते थे। वे उनके साथ बैठना, पुरानी बातें करना, मजाक करना और बचपन की यादें साझा करना पसंद करते थे। स्वयं धर्मेंद्र ने बताया था किउन्हें कौमी सेवक रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित एक रामलीला में भूमिका के लिए अस्वीकार कर दिया गया था।



फगवाड़ा का स्कूल

#### खेल जगत में शोक

### ताकत दयालु हो सकती हैः धवन

धर्मेंद्र के निधन पर खेल जगत में भी शोक छा गया। पूर्व भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने एक्स पर लिखा, आप सिर्फ कद में ही नहीं, बल्कि हौसले में भी ऊंचे रहे। धर्मेंद्र जी, हमें यह दिखाने के लिए धन्यवाद कि ताकत दयालु हो सकती है। ओम शांति!
भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, धर्मेंद्र जी के गुजर जाने की खबर सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ, वे एक लेजेंड थे जिनकी स्क्रीन पर मौजूदगी ताकत, चार्म और हमेशा रहने वाली ग्रेस दिखाती थी। पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा, धर्मेंद्र जी को दिल से श्रद्धांजलि।

### पैतृक गांव में शोक

पंजाब के लुधियाना जिले में एक-दूसरे से 30 किलोमीटर से भी अधिक दूर होने के बावजूद डांगो तथा साहनेवाल दो गुमनाम गांवों में एक बात समान है और वो है बॉलीवुड के ही-मैन धर्मेंद्र। धर्म सिंह देओल का जन्म 1935 में डांगो गांव में हुआ और उनके पिता केवल किशन सिंह देओल शिक्षक थे, जिनका तबादला होने के बाद वह परिवार के साथ साहनेवाल आकर बस गए थे।

### दोबारा अपने पिता को खो दियाः कपिल शर्मा

कॉमेडियन कपिल शर्मा ने धर्मेंद्र के जाने पर कहा कि उन्हें ऐसा लगता है जैसे वो दोबारा अपने पिता को खो चुके हैं। कपिल ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'अलविदा धरम पाजी आपका जाना बहुत ही दुखदायी है, ऐसा लग रहा है जैसे दूसरी बार पिता को खो दिया है। आपने जो प्यार और आशीर्वाद दिया वो हमेशा मेरे दिल में और यादों में रहेगा।



### इंडस्ट्री के असली ही-मैनः अक्षय कुमार

अक्षय ने अपने एक्स पर धर्मेंद्र को याद करते हुए लिखा कि बड़े होते हुए, धर्मेंद्र जी ऐसे हीरो थे जो हर लड़का बनना चाहता था। हमारी इंडस्ट्री के असली ही-मैन। पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद। आप अपनी फिल्मों और अपने द्वारा फैलाए गए प्यार के जरिए हमेशा जिंदा रहेंगे। ओम शांति।



### धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म होगी 'इक्कीस'

89 साल की उम्र में भी धर्मेंद्र एक्टिंग में सक्रिय थे। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की आगामी फिल्म 'इक्कीस' इस दिग्गज अभिनेता की आखिरी फिल्म होगी। फिल्म 'इक्कीस' की कहानी एक यंग आर्मी ऑफिसर अरुण खेतरपाल की है। महज 21 साल की उम्र में देश के लिए इस सैन्य अधिकारी ने बलिदान दिया था। फिल्म में अभिनेता धर्मेंद्र ने आर्मी ऑफिसर के पिता का किरदार निभाया। वहीं अरुण खेतरपाल के रोल में अगस्त्य नंदा नजर आएंगे। यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

---

## खबर संक्षेप

### कार के तालाब में गिरने से 3 बच्चों की मौत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के उलुबेरिया में सोमवार को स्कूल से बच्चों को लेकर घर जा रही एक कार के तालाब में गिर जाने से तीन बच्चों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

### अरुणाचल की 'याक' को जीआई टैग मिला



**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश की सदियों पुरानी पहाड़ी पारंपरिक खाद्य सामग्री 'याक चुरपी' को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग मिल गया है। राज्य के डिप्टी सीएम चौना मेन ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### पंकजा मुंडे का निजी सहायक गिरफ्तार



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पंकजा मुंडे के निजी सहायक (पीए) अनंत गर्जे को अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

## देशभर में एसआईआर में मचे बवाल के बीच चुनाव आयोग बोला

# 12 राज्यों में रफ्तार तेज, 99% से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए

### ऑनलाइन प्रक्रिया ने भी तेजी पकड़ी

चुनाव आयोग के अनुसार 12 राज्यों में 4 नवंबर से जारी एसआईआर प्रक्रिया के तहत कुल 50.97 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से अब तक कुल 50.50 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र बंट चुके हैं। एसआईआर की ऑनलाइन प्रक्रिया ने भी तेजी पकड़ी है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम जारी है। इसे लेकर सभी राज्यों में विपक्षी दलों ने बवाल मचाया हुआ है। भारतीय चुनाव आयोग ने सोमवार को जानकारी दी कि लगभग 20 दिन में एसआईआर प्रक्रिया के तहत 99.07 प्रतिशत मतदाता विशिष्ट गणना प्रपत्र का वितरण पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग के अनुसार, गोवा और लक्षद्वीप में गणना प्रपत्र का 100 प्रतिशत वितरण सबसे पहले हुआ है। अभी अंडमान और निकोबार में 99.98 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 99.83 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 99.75 प्रतिशत और गुजरात में 99.69 प्रतिशत गणना प्रपत्र बांटे गए हैं। रविवार के मुकाबले पश्चिम बंगाल व अंडमान और निकोबार के आंकड़ों में कोई फेरबदल नहीं दिखा है। चुनाव आयोग प्रतिदिन एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े आंकड़े जारी करता रहा है। जिन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है, उनमें अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

**गणना प्रपत्र का 100 प्रतिशत वितरण सबसे पहले गोवा और लक्षद्वीप में**

अंडमान-निकोबार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात में बढ़ी काम की गति

### *यूपी में 99.62 प्रतिशत गणना प्रपत्र का वितरण पूरा*



भारतीय चुनाव आयोग

नए आंकड़ों के अनुसार, मतदाता संख्या के हिसाब से सबसे बड़े राज्य यूपी में 99.62 प्रतिशत गणना प्रपत्र का वितरण पूरा हुआ है, जहां कुल मतदाता 15.44 करोड़ से अधिक हैं। पुडुचेरी में 95.58 प्रतिशत, तमिलनाडु में 96.22 प्रतिशत और केरल में 97.33 प्रतिशत गणना प्रपत्र बांटने का काम हुआ है।

### 24.13 करोड़ से अधिक फॉर्म अपलोड

चुनाव आयोग के अनुसार, 12 राज्यों में 4 नवंबर से जारी एसआईआर प्रक्रिया के तहत कुल 50.97 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से अब तक कुल 50.50 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र बंट चुके हैं। एसआईआर की ऑनलाइन प्रक्रिया ने भी तेजी पकड़ी है और 12 राज्यों में अब तक 24.13 करोड़ से अधिक फॉर्म को अपलोड किया गया है।

### बीएलओ ने बंगाल सीईओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया



पश्चिम बंगाल में शामिल बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) ने काम के कथित तौर पर अत्यधिक दबाव के विरोध में प्रदर्शन के दौरान यहां सीईओ कार्यालय में घुसने की कोशिश की और पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई की। बीएलओ अधिकार रक्षा समिति के सदस्यों ने उत्तरी कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से जुलूस निकाला, नारे लगाए तथा ताले और बेड़ियां लेकर प्रतीकात्मक रूप से उस भवन के मुख्य द्वार को बंद किया गया।

### चेन्नई में एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन

विदुथलाई सिरुथैगल काची (वीसीके) ने एसआईआर के खिलाफ चन्नई में प्रदर्शन किया। वीसीके प्रमुख थोल तिरुमावलवन ने ईसीआई और केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि यह भाजपा की सुनियोजित चाल है, जिसके जरिए दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं को निशाना बनाकर उनके नाम हटाने की कोशिश की जा रही है।

### बीएलओ नाम पूछे तो बंद करोः मंत्री अंसारी



झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी एसआईआर के मसले पर एक सभा में कहते नजर आ रहे हैं कि यदि कोई बूथ लेवल अधिकारी यानी बीएलओ आपके इलाके में एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट से नाम काटने के लिए आए तो उसे घर में बंद कर दें। इस पर भाजपा ने पलटवार किया है तो चुनाव आयोग ने भी झारखंड सरकार से रिपोर्ट तलब की है।

## कर्नाटक में सीएम के लिए रस्साकशी

# शिवकुमार के लिए विधायकों का एक समूह दिल्ली पहुंचा

कुछ और विधायक भी जाएंगे दिल्ली



डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार व सीएम सिद्धारमैया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक में कांग्रेस के अंदर सीएम पद को लेकर चल रही रस्साकशी अब नई दिल्ली तक पहुंच गई है। इसी क्रम में चर्चा ज्यादा तेज तब हो गई जब कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के समर्थन में एक और विधायकों का समूह रविवार रात नई दिल्ली पहुंचा। इस दल में कम से कम छह विधायक शामिल है। नई दिल्ली पहुंचे विधायकों में एचसी बालकृष्णा (मगड़ी), केएम उदय (मद्दुर), नयना मोतम्मा (मुडिगेरे), इकबाल हुसैन (रमणगर), शरथ बचेगौड़ (होसकोटे) और शिवगंगा बसवराज (चनागिरी) शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार कुछ और विधायक भी जल्द दिल्ली जा सकते हैं।

### पावर शेयरिंग की हो रही चर्चा

बता दें कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने 20 नवंबर को अपने पांच साल के कार्यकाल का आधा समय पूरा किया। इसी बीच, सीएम सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कथित 'पावर शेयरिंग' समझौते की बातें भी सामने आई हैं। ऐसे में चर्चा तेज हो गई कि क्या अब डीके शिवकुमार को अगले ढाई साल के लिए सीएम पद दिया जा सकता है। पिछले हफ्ते भी लगभग दस विधायक शिवकुमार के समर्थन में दिल्ली गए थे और खरगे से मिले थे। वहीं, सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि नेतृत्व पर अंतिम निर्णय पार्टी आलाकमान पर निर्भर करता है।

### पार्टी में कोई बगावत नहींः मंत्री केके जॉर्ज

सिद्धरमैया के करीबी माने जाने वाले वरिष्ठ मंत्री केजे जॉर्ज ने शिवकुमार के साथ हाल ही में देर रात हुई बैठक को लेकर सफाई देते हुए कहा कि उस समय केवल सरकारी विषयों और आगामी बेंगलुरु निगम चुनाव पर चर्चा की गई थी। जॉर्ज ने मैंने शिवकुमार के साथ सरकारी मामलों और आगामी बेंगलुरु निगम चुनाव पर चर्चा की है।

## 'वोट दो, फंड मिलेगा' वाले विवादित बयान पर डिप्टी सीएम पवार की दो टूक

# मैं किसी का ऋणी नहीं, दशकों से लगते रहे हैं आरोप, सार्वजनिक जीवन में भूल होना संभव

एजेंसी ▶▶ छत्रपति संभाजीनगर

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने अपने 'वोट दो, फंड मिलेगा' वाले विवादित बयान पर सोमवार को सफाई देते हुए कहा कि उन पर पिछले पैंतीस वर्षों में तरह-तरह के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन उन पर 'किसी का कोई कर्ज नहीं' हैं। परभणी जिले के जिंतुर में दो दिसंबर को होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव के प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि मीडिया उनकी हर बात पर कड़ी नजर रखता है और किसी भी मुद्दे को तुरंत उनसे जोड़ देता है।



डिप्टी सीएम अजित पवार

### आचार संहिता का सम्मान

डिप्टी सीएम ने कहा कि मैं आचार संहिता को समझता हूं और इसका उल्लंघन नहीं होना चाहिए। अनेक आरोपों के बावजूद मैं जानता हूं कि मैं किसी का ऋणी नहीं हूं। उन्होंने चुनाव आयोग से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए आरोप लगाया कि कुछ गैर–सरकारी समूह मतदाताओं के घर जाकर निजी जानकारी मांग रहे हैं।

### चव्हाण के कारण टूटा गठबंधन

शिवसेना विधायक नीलेश राणे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण को सिंधुदुर्ग में होने वाले नगर परिषद और नगर पंचायत चुनाव से पहले महायुति गठबंधन टूटने का दोषी ठहराया है।

## महाराष्ट्र सीएम का दावा- ट्रैफिक जाम और भीड़ की समस्या होगी दूर

# एक बड़ा भूमिगत सुरंग नेटवर्क बना रहे, मुंबई शहर होगा कवर

### 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेंगे वाहन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार मुंबई में ट्रैफिक जाम और भीड़ की समस्या को कम करने के लिए एक बड़ा भूमिगत सुरंग नेटवर्क बना रही है। इसे उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में पाताल लोक यानी समानांतर सड़क व्यवस्था बताया। फडणवीस ने इसी शब्द का इस्तेमाल प्रस्तावित भूमिगत सड़क नेटवर्क को समझाने के लिए किया। आईआईएमयूएन (इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस) के यूथ कनेक्ट सत्र में उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सुरंगों का जाल कई दिशाओं में फैला होगा और पूरे शहर को कवर करेगा। यहां वाहन की औसत गति 80 किमी प्रति घंटे होगी।



सीएम देवेंद्र फडणवीस और मुंबई शहर का ट्रैफिक

### पूर्व-पश्चिम की कनेक्टिविटी सुधरेगी

उन्होंने कहा कि इससे पूर्व-पश्चिम के बीच की कनेक्टिविटी सुधरेगी। बोरीवली और गोरेगांव के बीच समानांतर सड़क और अगले वर्ष तक तैयार होने वाला वर्ली-शिवड़ी कनेक्टर अटल सेतु से बांद्रा-वर्ली सी लिंक तक बिना रुकावट की यात्रा सुनिश्चित करेगा। उअटल सेतु से गिरगांव चौपाटी तक ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के रास्ते में बनने वाली सुरंग तीन वर्षों में पूरी हो जाएगी।

### मुंबई वन एप लॉन्च


सीएम ने बताया कि मुंबई वन नाम की एकीकृत एप लॉन्च की गई है, जो मेट्रो ट्रेन, उपनगरीय लोकल ट्रेन और बेस्ट बसों के लिए एक ही टिकट की सुविधा देगा। उन्होंने कहा कि करीब 90 लाख लोग रोजाना उपनगरीय ट्रेनों से यात्रा करते हैं। इतने बदलावों के बावजूद दूसरी श्रेणी का किराया एक रुपए भी नहीं बढ़ाया जाएगा।

### मौजूदा रास्तों के समानांतर व्यवस्था होगी

सीएम ने कहा कि हम मुंबई शहर में पूरी तरह से भीड़भाड़ कम करने के लिए एक पाताल लोक, यानी सुरंगों का नेटवर्क बना रहे हैं। यह व्यवस्था मौजूदा सड़कों के समानांतर चलेगी और बढ़ते मेट्रो कॉरिडोर इस योजना को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि दक्षिण मुंबई से भायंदर (ठाणे जिले) तक बनने वाली कोस्टल रोड वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के लिए बिना रुकावट वाला समानांतर मार्ग बनेगी। मुंबई की 60 फीसदी आबादी वेस्टर्न एक्सप्रेसवे पर चलती है। जब तक इस पर भीड़ (वाहनों की) कम नहीं की जाती, समाधान संभव नहीं है।



# 'रील' से 'रियल' तक 'ही-मैन' ही रहे धर्मेंद्र



'रील से रियल' तक 'ही-मैन' रहे धर्म पाजी यानी अभिनेता धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। 8 दिसंबर 1935 को पंजाब के नसराली गांव में जन्में धर्मेंद्र ने जब दिलीप कुमार की फिल्म शहीद देखी तो बेचैन हो उठे। उन्होंने सिनेमा हॉल से बाहर निकलते ही मन ही मन ठान लिया कि अब उन्हें दिलीप कुमार जैसा ही बनना है। इसी संकल्प के साथ धर्मेंद्र ने अपना कॅरियर शुरु किया फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। कामायाबी ऐसी मिली की कोई उन्हें, ही-मैन कहने लगा तो कोई धर्म पाजी। जैसे-जैसे फिल्में हिट होती गईं वैसे-वैसे धर्मेंद्र के उप नाम भी बढ़ते गए। कुल मिलाकर 6 दशक में 300 फिल्में और करीब दो दर्जन बड़े अवार्ड उनके खाते में आ गए। इस बीच उन्होंने पूरे देश को हंसाया, गुदगुदाया और एक बेहतरीन कलाकार को गढ़कर सबके चहते बन गए। ये सफर कब पूरा हो गया किसी को पता ही नहीं चला। अब सिर्फ उनकी यादें हैं और आंखों में आंसू के सिवाए कुछ नहीं है। धर्मेंद्र से जुड़ीं कुछ यादें 'हरिभूमि'अपने पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।

## 1 200 रुपए के लिए गैराज में करते थे काम



जब धर्मेंद्र फिल्मों में काम करने की चाह लिए मुंबई पहुंचे तो उस वक्त गुजारा करने के लिए न उनकी जेब में पैसे थे और उनके पास रहने के लिए कोई ठिया था। अपना गुजारा करने के लिए वो एक गैराज में काम करते थे। वहां काम करने के लिए उन्हें 200 रुपए मिलते थे। इतने पैसों में उनका गुजारा नहीं हो पाता था, इसलिए वो ओवरटाइम भी करते थे और फिर रात में गैराज में ही सो जाते थे। जब दिल भी तेरा हम भी तेरे फिल्म के जरिए उन्हें बॉलीवुड में पहला ब्रेक मिला तो उन्हें ऐसी उम्मीद थी कि उन्हें इस पिक्चर के लिए कम से कम 5 हजार रुपए मिलेंगे। हालांकि, उन्हें सिर्फ 51 रुपए मिले थे, वो भी तीन लोगों ने मिलकर 17-17 करके उन्हें 51 रुपए दिए थे। ये फीस भले ही कम थी, लेकिन धर्मेंद्र उस 51 रुपए को काफी लकी मानते थे। कुछ साल पहले धर्मेंद्र एक सिंगिंग रियलिटी शो पर पहुंचे थे, उस वक्त एक्टर ने स्ट्रगल को लेकर बात की थी।

## 2 जब मां ने ये कहा रोज पीया करो बेटा

धर्मेंद्र सोने से पहले हमेशा अपनी मां सतवंत कौर के पैर दबाया करते थे। धर्मेंद्र तब तक पैर दबाते थे, जब तक मां उन्हें सोने को नहीं कहतीं। एक दिन धर्मेंद्र शराब पीकर आए और अपनी मां के पैर दबाने लगे। मां की नींद लग गई और उन्होंने धर्मेंद्र से रुकने को ही नहीं कहा। वो रात भर मां के पैर दबाते ही रहे। जब मां की नींद खुली तो उन्होंने कहा, बेटा, शराब पीकर इतने अच्छे पैर दबाते हो, रोज पीया करो। ये किस्सा खुद धर्मेंद्र ने सारेगामापा शो में सुनाया था। इसी तरह एक किस्सा और है जब 1971 में ऋषिकेश मुखर्जी फिल्म 'आनंद' प्लान कर रहे थे तो सबसे पहले उन्होंने इसकी कहानी बेंगलुरु से मुंबई फ्लाइट के दौरान धर्मेंद्र को सुनाई थी। धर्मेंद्र बड़े खुश हुए। उन्हें गलतफहमी हुई कि ऋषिकेश दा शायद उन्हें ही फिल्म में लेंगे। कुछ दिनों बाद अखबार में खबर छपी कि फिल्म के हीरो राजेश खन्ना होंगे। धर्मेंद्र ने जमकर शराब पी और फिर देर रात ऋषिकेश दा को कॉल किया और कहा कि आप मेरे साथ ऐसा कैसे कर सकते हैं, ऋषि दा... ऋषिकेश उन्हें शांति से समझाते रहे और कहते रहे कि धरम हम सुबह बात करेंगे, लेकिन धर्मेंद्र थे कि लगातार अपनी बात दोहराए जा रहे थे। ऐसा करते-करते उन्होंने रातभर ऋषिकेश दा को परेशान किया। इसके बावजूद ऋषिकेश मुखर्जी और धर्मेंद्र की दोस्ती बरकरार रही।



## 3 हेमा के साथ सीन के लिए दिए थे 2 हजार



रमेश सिप्पी शोले फिल्म के दूसरे हीरो के लिए एक ऐसे एक्टर की तलाश में थे, जो ज्यादा पॉपुलर न हो। ऐसे में धर्मेंद्र ने ही अमिताभ के नाम का सुझाव दिया। धर्मेंद्र इस फिल्म में वीरू की जगह ठाकुर का रोल निभाने में अड़े हुए थे, लेकिन संजीव कुमार को पहले ही कास्ट कर चुके रमेश सिप्पी उन्हे बदलने के पक्ष में नहीं थे। जब धर्मेंद्र ने जिद नहीं छोड़ी तो रमेश ने उन्हें समझाया कि अगर वो ठाकुर बने तो उन्हें हेमा के साथ कम सीन मिलेंगे, लेकिन अगर वीरू बने तो उन्हें बसंती बनीं हेमा के साथ रोमांस करने का मौका मिलेगा। इस बात को सुनकर धर्मेंद्र मान गए। धर्मेंद्र हेमा को इस कदर पसंद करते थे कि जब बसंती को गन चलाना सिखाने वाला सीन शूट हो रहा था। धर्मेंद्र ने स्पॉटबॉय को 2000 रुपए दिए, जिससे बार-बार सीन खराब हो और रीटेक करना पड़े। स्पॉटबॉय ने रिश्वत लेकर बार-बार सीन दोहराने में धर्मेंद्र की मदद की और धर्मेंद्र बार-बार हेमा के नजदीक जाते रहे। बाद में 1980 में हेमा मालिनी से शादी की।

## 4 शशि कपूर अपने घर लेकर गए थे और भरपेट खाना खिलाया



वैसे तो अभिनेता धर्मेंद्र को लेकर कई किस्से है लेकिन जो सर्वाधिक चर्चा में रहे है उनमें एक किस्सा धर्मेंद्र का शुरुआती एक्टिंग करियर संघर्ष से भरा था। उन्होंने कई रातें चने खाकर रेलवे स्टेशन पर गुजारी थीं। वह रोल पाने के लिए प्रोड्यूसर्स के यहां मीलों पैदल चलकर जाते थे, जिससे कुछ पैसे बचा सकें और वह खाना खा सकें। एक बार शशि कपूर उन्हें अपने घर लेकर गए थे और भरपेट खाना खिलाया था। इसके अलावा धर्मेंद्र और दिलीप कुमार का रिश्ता भी बड़ा खास था। धर्मेंद्र दिलीप साहब को अपना बड़ा भाई मानते थे। वह जब भी दिलीप कुमार से मिलते तो उनके पैरों के पास बैठते थे। वक्त-वक्त पर वह दिलीप कुमार से मिलने उनके घर जाया करते थे। धर्मेंद्र का नाम एक वक्त में मीना कुमारी के साथ भी जोड़ा गया। मीना कुमारी को शायरी का शौक था। कहा जाता है कि मीना कुमारी की संगत में रहकर ही धर्मेंद्र को भी शायरी का शौक हुआ। इसी तरह गोविंदा जब फिल्मों में हिट हुए थे तो कुछ गुंडे लोगों ने उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया। ऐसे में गोविंदा ने धर्मेंद्र से मदद मांगी थी। तब धर्मेंद्र ने ऐलान किया था कि वह गोविंदा की मदद करेंगे। इसके बाद गोविंदा को किसी ने परेशान नहीं किया। धर्मेंद्र अपनी एक्शन फिल्मों के लिए दर्शकों के बीच मशहूर थे। वह फिल्मों में अपने एक्शन सीन्स खुद किया करते थे। कभी भी धर्मेंद ने बॉडी डबल की मदद एक्शन सीन्स के लिए नहीं ली। एक फिल्म में धर्मेंद्र ने असल में चीते से लड़ाई लड़ी थी।

## 5 मुझे लगता सनी मेरे पास बैठें, पर मैं भी अपने पापा के पास नहीं बैठता था

बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र ने एक पुराने इंटरव्यू में कहा था कि उनके मां-बाप उनके वक्त के लिए तरसते रहे, और आज वही कमी उन्हें खुद भी महसूस होती है। अभिनेता ने कहा था कि पेरेंटस और बच्चों के बीच दोस्ती का रिश्ता होना चाहिए। बॉलीवुड-बॉलीवुड को दिए एक पुराने इंटरव्यू में अभिनेता धर्मेंद्र से पूछा गया था कि क्या उन्हें लगता है कि उनके ऊपर उनके पिता की छाप है, क्योंकि वे खुद भी एक सख्त पिता माने जाते हैं। इस सवाल पर धर्मेंद्र मुस्कराते हुए कहते हैं, 'हां, यह बात सही है। सनी बाबू भी मुझसे डरता है। मुझे हमेशा लगता है कि वो मेरे पास बैठे, मुझसे बातें करे, आज सोचता हूं कि काश मेरे बाबूजी मेरे दोस्त होते, दोस्ती होना बहुत जरूरी है। मैं बहुत मिस करता हूं और वे लोग कभी मेरे साथ बैठते नहीं है। वो इंटरव्यू में आगे बताते हैं, सनी आता है और बस इतना कहता है-




पापा, मैं शूटिंग पर जा रहा हूं। ऐसे ही मैं करता था। मुझे अपने पिताजी याद आते हैं। वो उस वक्त अपनी छड़ी लेकर बैठे रहते थे और कुछ सोचते रहते थे। जब मैं पूछता था, क्या सोच रहे हैं बाबूजी?' तो वो कहते थे, जल्दी आ जाया करो शूटिंग से। मैं उन्हें गले लगाकर निकल जाता था। शाम को जब लौटता था तो मां ठुड्डी पर हाथ रखे बैठी रहती थीं, जब उनसे पूछो कि क्या हुआ, तो भी वही जवाब देती थी। आज महसूस होता है कि हमारे मां-बाप भी हमारा साथ चाहते थे। वो चाहते थे कि हम उन्हें वही प्यार, वही लाड़-दुलार दें, जो उन्होंने हमें बचपन में दिया था। आज वो बात समझ आती है। आज, वही कमी सबसे ज्यादा महसूस होती है।

## कुछ इस तरह का सफर रहा धर्मेंद्र का

**जन्म:** 8 दिसंबर 1935
**मृत्यु:** 24 नवंबर 2025
**परिवार:** पूरा नाम धरम सिंह देओल है। उनके पिता केवल किशन सिंह देओल एक स्कूल शिक्षक थे।
**शिक्षा:** स्कूली शिक्षा फगवाड़ा के लालटन कलां से पूरी की और पंजाब यूनिवर्सिटी से उच्च शिक्षा प्राप्त की।
**फिल्मों में आने का कारण:** फिल्मफेयर मैगजीन के एक टैलेंट हंट प्रतियोगिता के विजेता बनने के बाद, उन्होंने अभिनय की चाहत में मुंबई का रुख किया।
**करियर :** धर्मेंद्र ने 1960 में 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की।
**सफलता:** 1966 की फिल्म 'फूल और पत्थर' ने उन्हें एक एक्शन हीरो के रूप में स्थापित किया।
**अभिनय:** फिल्मों में एक्शन और रोमानी दोनों तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन उनकी 'सत्यकाम' और 'शोले' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी सराहा गया है।
**ही-मैन:** बॉलीवुड के ही-मैन के रूप में जाना जाता है और उन्होंने अपने पांच दशक से अधिक लंबे करियर में 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है।

**कुल फिल्में** 300
**हिट फिल्में** 74
**ब्लॉकबस्टर** 07
**सुपरहिट** 13

## ही मैन का निजी जीवन



**पहली शादी:** धर्मेंद्र की पहली शादी प्रकाश कौर से हुई थी, जिनसे उनके चार बच्चे हैं: सनी देओल, बॉबी देओल, विजेता और अजिता।
**दूसरी शादी:** अभिनेत्री हेमा मालिनी से शादी की, जिनसे उनकी दो बेटियां हैं: ईशा देओल और अहाना देओल।
**राजनीति:** धर्मेंद्र ने राजनीति में भी कदम रखा और भाजपा के सदस्य के रूप में 2004 में राजस्थान के बीकानेर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद चुने गए।

## ढेरों पुरस्कार और पद्म भूषण से भी सम्मानित

- धर्मेंद्र ने फिल्मों में सिर्फ एक्टिंग की नहीं की, बल्कि वह प्रोड्यूसर भी रहे हैं। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए उन्हें 2012 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्होंने नेशनल अवॉर्ड जीता और फिल्मफेयर के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के अलावा करीब दो दर्जन सम्मान उन्हे मिले हैं। जिसमें ये प्रमुख हैं।
- साल 2012 में उन्हें भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया था।



- धर्मेंद्र की प्रोड्यूस फिल्म 'घायल' को साल 1990 में बेस्ट पॉपुलर फिल्म का नेशनल अवॉर्ड मिला था। इस फिल्म में उनके बेटे सनी देओल ने लीड रोल किया था।
- धर्मेंद्र को साल 1997 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट्स अवॉर्ड मिला था। वहीं 1991 में उनकी प्रोड्यूस फिल्म घायल को बेस्ट फिल्म का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था।

## मेहनत से कमाई... करीब 5.35 अरब की संपत्ति

धर्मेंद्र की संपत्ति और नेट वर्थ की बात करें, तो रिपोट्‌र्स के मुताबिक, यह 500 से 535 करोड़ रुपए (5.35 अरब) के आसपास बताई जाती है। यह अथाह संपत्ति उन्होंने फिल्मों में एक्टिंग के अलावा प्रोडक्शन, ब्रांड एंडोर्समेंट्स और इनवेस्टमेंट से जुटाई। धर्मेंद्र खास पढ़े-लिखे नहीं हैं, पर इसने कभी भी उनकी सफलता की राह में रोड़े नहीं अटकाए। धर्मेंद्र ने अपनी कड़ी मेहनत से हर मुश्किल को आसान बना लिया। धर्मेंद्र अब काफी समय से महाराष्ट्र के लोनावला स्थित अपने फार्महाउस पर रह रहे हैं। इसमें स्वीमिंग पूल समेत सारी लग्जरी सुविधाएं हैं। यहां धर्मेंद्र खेती भी करते हैं और काफी स्टाफ भी



रखा हुआ है। धर्मेंद्र वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करते रहते थे। उनके इस फार्महाउस की कीमत 120 करोड़ रुपए बताई जाती है। धर्मेंद्र के पास दो घर भी हैं, जिनमें से एक 20 करोड़ तो दूसरा 48 करोड़ रुपए के आसपास है। रिपोर्ट के मुताबिक, धर्मेंद्र के पास 17 करोड़ रुपए की और भी संपत्ति है, जो महाराष्ट्र में ही है। 1 करोड़ 55 लाख रुपए की खेती की जमीन है, जिस पर धर्मेंद्र का रिजॉर्ट बनाने का प्लान था। धर्मेंद्र के पास कई लग्जरी गाड़ियां भी हैं, जिनमें 1960 में खरीदी उनकी फिएट से लेकर विंटेज फिएट और मर्सिडीज बेंज तक, शामिल हैं।

## धरम पाजी की वो फिल्में... जिनके किरदारों ने उन्हे बुलंदियों तक पहुंचाया



**सत्यकाम** :1969, गंभीर मुद्रा में भी माहिर



**फूल और पत्थर** : 1966, इसी फिल्म से बने थे ही-मैन



**सीता और गीता** : 1972, जैसी भूमिका वैसे एक्प्रेशन



**मेरा गांव मेरा देश** :1971, सुपर हिट, धर्मेंद्र को सराहा गया



**शोले** : 1975, बसंती इन कुत्तों के सामने मत नाचना : हिट डायलॉग

## खबर संक्षेप

### पेशावर में धमाका 3 जवानों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के पेशावर में एक बड़ा धमाका हुआ है। यह धमाका पाकिस्तानी सेना के ठिकाने



के पास हुआ, जिसे आत्मघाती हमलावर के जरिये अंजाम दिया गया। एक सुसाइड बॉम्बर ने गेट पर खुद को उड़ा लिया, जिसके बाद फायरिंग की आवाजें भी सुनी गई हैं। फिलहाल इस हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। पाकिस्तान में आतंकी हमलों की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, हमले की की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है लेकिन हमले में 3 जवानों और 2 हमलावरों की मौत हुई है।

### यूके के पूर्व पीएम डेविड प्रोस्टेट कैंसर के शिकार


**नई दिल्ली।** यूनाइटेड किंगडम (यूके) के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन प्रोस्टेट कैंसर का शिकार हो



गए हैं और उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने ये जानकारी साझा की है। पूर्व प्रधानमंत्री ने बताया कि हाल ही में उन्होंने प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजन (पीएसए) टेस्ट करवाया था, जिसमें बीमारी के प्रकार से जुड़े प्रोटीन की जांच की जाती है। इस रिपोर्ट में उन्हें प्रोस्टेट कैंसर के बारे में जानकारी मिली, बाद में उनकी बायोप्सी हुई।

### नेपाल में 4.0 तीव्रता का हल्का भूकंप, हानि नहीं

**काठमांडू।** नेपाल के गंडकी प्रांत के कास्की जिले में रविवार शाम 4.0 तीव्रता का हल्का भूकंप महसूस किया गया। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के



अनुसार, भूकंप का केंद्र अन्नपूर्णा-2 पर्वत क्षेत्र के पास था। शाम 5:17 बजे आए इस झटके को आसपास के बालुंग, लामजुंग और स्यांगजा जिलों में भी महसूस किया गया। राहत की बात यह है कि किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। उथले भूकंप, गहरे भूकंपों की तुलना में अधिक खतरनाक होते हैं।

---

## वार्ता का मुख्य उद्देश्य सीमा शुल्क की प्रक्रियाओं को आसान बनाना

# भारत-इजराइल के बीच एफटीए वार्ता फिर शुरू हुई, जीटीआरआई ने कहा- व्यापार नहीं, दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी है मुख्य लाभ

जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार भारत-इजराइल के बीच चल रहे एफटीए वार्ता का मुख्य फोकस रणनीतिक रिश्तों को मजबूत करना होगा। दोनों देशों के बाजार छोटे हैं और उनकी मांग भी सीमित है। इसलिए अगर एफटीए पूरा हो भी जाता है, तो सामानों के व्यापार में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-इजराइल के बीच चल रहे एफटीए वार्ता का सबसे बड़ा फायदा माल-व्यापार को नहीं, बल्कि दोनों देशों के रणनीतिक रिश्तों को मजबूत करने में होगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपने रिपोर्ट में यह दावा किया है।

- माल और सेवाओं के व्यापार में बाजार पहुंच
- शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को हटाना
- निवेश प्रक्रिया में सुगमता



फाइल फोटो

### दोनों देशों के बाजार में है सीमित मांग

जीटीआरआई के मुताबिक, दोनों देशों के बाजार छोटे हैं और उनकी मांग भी सीमित है। इसलिए अगर एफटीए पूरा हो भी जाता है, तो सामानों के व्यापार में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। संस्था ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि दोनों देशों के लिए यह समझौता असल में रणनीतिक सहयोग बढ़ाने का मौका है। एफटीए के बाद भी सामानों के व्यापार में तेज बढ़ोतरी होना मुश्किल है। इजराइल, एक उच्च आय और प्रौद्योगिकी-संचालित अर्थव्यवस्था है। इसकी जनसंख्या 10 मिलियन से भी कम है। यह देश भारत के कपड़ा, ऑटोमोबाइल और सामान्य इंजीनियरिंग वस्तुओं जैसे बड़े पैमाने पर निर्यात के लिए सीमित संभावनाएं प्रदान करता है। जीटीआरआई का कहना है कि कृषि, जेनेरिक दवाइयां, इस्पात और रसायन जैसे क्षेत्रों में भारत प्रतिस्पर्धी है, लेकिन इजराइल या तो आत्मनिर्भर है, सख्त गुणवत्ता और पादप स्वच्छता मानकों का पालन करता है।

### भारत-इजराइल के आर्थिक संबंधों को गहरे करने के नए प्रयास

भारत ने इजराइल के साथ आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए एक नए प्रयास की शुरुआत की है। इसके तहत उसने लंबे समय से लंबित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता को पुनर्जीवित किया है। यह वार्ता पहली बार शुरू होने के एक दशक से भी अधिक समय बाद हुई है। नई दिल्ली और यरुशलम ने 2010 में एफटीए पर चर्चा शुरू की, 2012-13 तक कई दौर की बातचीत की, और फिर 2014 के बाद संवेदनशील उत्पादों के लिए टैरिफ, मानकों और बाजार पहुंच पर मतभेदों के बीच इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया। 2024-25 में कई उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान के बाद, दोनों सरकारों ने अब बातचीत फिर से शुरू करने के लिए नए संदर्भ-बिंदुओं को अंतिम रूप दिया है।

---

## आईएनएस माहे भारतीय नौसेना की नई ताकत और देश की बढ़ती स्वदेशी क्षमता का प्रतीक

# भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ आईएनएस माहे जनरल उपेंद्र द्विवेदी बोले- 'बिल्डर्स नेवी' बन चुका है भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*माहे को बेहतरीन गुणवत्ता में तैयार करने के लिए बधाई दी*

*उपेंद्र द्विवेदी की मौजूदगी में जहाज नौसेना में शामिल किया*

'साइलेंट हंटर' यानी एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शेलो वॉटर क्राफ्ट 'माहे' को सोमवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। नौसेना का यह एंटी-सबमरीन जहाज गोपनीय मिशन, सतर्कता और अटूट संकल्प का प्रतीक है। नौसेना के मुताबिक 'माहे' को तटीय इलाकों में उच्च जोखिम वाले मिशनों के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी क्षमताएं इसे एक शक्तिशाली व उथले पानी का बेहतरीन योद्धा बनाती हैं। यह जहाज पनडुब्बी रोधी जैसे बड़े व खतरनाक अभियानों को अंजाम देने में सक्षम है।



रक्षा मंत्रालय से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय नौसेना के इस जहाज में इस्तेमाल की गई 80 प्रतिशत से अधिक सामग्री स्वदेशी है। माहे को अत्याधुनिक व उन्नत सेंसर्स से लैस किया गया है। इसके साथ ही इसमें हथियार और आधुनिक इंटीग्रेशन सिस्टम मौजूद हैं।

थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की मौजूदगी में यह जहाज नौसेना में शामिल किया गया। इस अवसर पर वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारी, वेटरन्स और अन्य अतिथि मौजूद रहे। भारतीय नौसेना के मुताबिक 'माहे' नाम मालाबार तट स्थित ऐतिहासिक नगर 'माहे' पर रखा गया है। माहे को सांस्कृतिक समृद्धि और समुद्री इतिहास के लिए जाना जाता है। भारतीय नौसेना का यह पहला माहे क्लास, एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शेलो वॉटर क्राफ्ट आज आधिकारिक रूप से नौसेना में शामिल किया गया।

### माहे का निर्माण भारत में ही कोचीन शिपयार्ड द्वारा किया गया



मुंबई। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी कमीशनिंग समारोह के दौरान।

*यह स्वदेशी रक्षा निर्माण क्षमता का प्रतीक है। माहे का निर्माण भारत में ही कोचीन शिपयार्ड द्वारा किया गया है। यही कारण है कि 'माहे' ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का सशक्त उदाहरण भी पेश किया है। इस श्रेणी के कुल 8 एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शेलो वॉटर क्राफ्ट जहाज नौसेना में शामिल किए जाएंगे। माहे इनमें पहला है। नौसेना के 'माहे' को तटीय इलाकों में उच्च जोखिम वाले मिशनों के लिए विशेष तौर पर डिजाइन किया गया है। इसकी क्षमताएं इसे एक शक्तिशाली उथले जल का योद्धा बनाती हैं। इसकी मुख्य परिचालन भूमिकाओं की बात करें तो यह एंटी-सबमरीन वॉरफेयर में उथले समुद्र में दुश्मन पनडुब्बियों की खोज और उन्हें नष्ट करेगा। कोस्टल पेट्रोलिंग व तटीय सुरक्षा और निगरानी में तैनात किया जाएगा।*

### आधुनिक युद्धों में 'जॉइंटनेस' और 'इंटीग्रेशन' की बड़ी भूमिका

**मुंबई।** भारतीय नौसेना के नए पोत आईएनएस माहे के औपचारिक कमीशनिंग के मौके पर भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि आधुनिक युद्ध अब मल्टी-डोमेन और हाइब्रिड हो चुके हैं। ऐसे में भारतीय सेना ने भी 'दशक परिवर्तन' के तहत कई बड़े कदम उठाए हैं, जिनमें संयुक्तता और एकीकरण मुख्य आधार हैं आईएनएस माहे भारतीय नौसेना का पहला ' है। इसे सोमवार को मुंबई के नेवल डॉकयार्ड में जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारतीय नौसेना में शामिल किया। यह पोत कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा बनाया गया है और भारत की आत्मनिर्भरता का एक मजबूत प्रतीक माना जा रहा है।

#### *तीनों सेनाओं की शक्ति ही देश की सुरक्षा को मजबूत बनाती है:द्विवेदी*

*उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं-थलसेना, नौसेना और वायुसेना की संयुक्त शक्ति ही देश की सुरक्षा को मजबूत बनाती है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण देते हुए बताया कि समुद्र से लेकर पहाड़ों तक सभी क्षेत्रों में सेनाओं की संयुक्त कार्रवाई ही भारत की रणनीतिक ताकत है।*

---

## नागरिकता कानून में कनाडा ने किया बड़ा बदलाव

# भारत-कनाडा के संबंधों में जमी बर्फ पिघली, मजबूत हो रहे रिश्ते




पीएम मार्क कार्नी और पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में वर्ष 2023 में हुई खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत और कनाडा के संबंधों में जमी हुई बर्फ आखिरकार पिघल गई है। जिसके पीछे की सबसे बड़ी वजह बीते रविवार को जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर पीएम नरेंद्र मोदी और उनके कनाडा के समकक्ष पीएम मार्क कार्नी के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक है। क्योंकि इससे ठीक पहले और बाद में दो महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आए। एक में कनाडा ने बिल सी-3 के जरिए अपने पुराने वंशानुगत नागरिकता कानून में बड़ा बदलाव किया है, दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने पिछले करीब तीन साल से व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर ठप पड़ी हुई।

### भारतीय मूल के परिवारों को मिलेगी काफी राहत

कनाडा ने बिल को 'सी-3 नागरिकता कानून 2025' का नाम दिया है। जिसकी मदद से बड़ी तादाद में कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के उन परिवारों को काफी राहत मिलेगी। पुराने कानून में 2009 से चली आ रही पहली पीढ़ी की सीमा की वजह से विदेशों में पैदा हुए इन परिवारों के बच्चों को कनाडा की नागरिकता नहीं मिलती थी।

### लॉस्ट कनेडियन्स की बल्ले-बल्ले

कनाडा की इमिग्रेशन मंत्री लीना डियाब ने बताया कि नया सी-3 कनाडा की नागरिकता पाने से चूक गए लोगों के साथ खासतौर पर न्याय करेगा। जिन्हें 'लॉस्ट कनेडियन्स' कहा जाने लगा। यह ऐसे लोग थे जो खुद को कनाडाई नागरिक मानते थे लेकिन कानून उन्हें इसकी इजाजत नहीं देता था। उन परिवारों को राहत मिलेगी जिन्हें खुद भी विदेश में जन्म लेने की वजह से नागरिकता नहीं मिली थी।

### कोर्ट ने भी बताया असंवैधानिक

ये मामला पिछले काफी लंबे वक्त से कनाडा में लंबित पड़ा हुआ था। जिसे लेकर 19 दिसंबर 2023 को ओंटारियो के सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस ने पुराने नागरिकता कानून के कुछ अंशों को असंवैधानिक करार दिया था। जिनका संबंध नागरिकता की पहली पीढ़ी की सीमा से था।

---

## व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले

# भारत के शुक्रगुजार हैं... तालिबानी मंत्री ने की तारीफ, बोले- रिश्ते मजबूत करेंगे

## पाकिस्तान को लगा बड़ा झटका

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान के इस्लामिक अमीरात के इंडस्ट्री और कॉमर्स मिनिस्टर नूरुद्दीन अजीजी ने भारत का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने यह बात अपने भारत दौरे को आसान बनाने, अफगानिस्तान के विकास में सहयोग करने और आपसी व्यापार को बढ़ाने पर सहमति के लिए कही है। दरअसल, तालिबान सरकार में इंडस्ट्री और व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने अपने दौरे के अंतिम दिन एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भारत की यात्रा को सफल बताया।



जयशंकर और नूरुद्दीन अजीजी

### यात्रा का मकसद द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करना

प्रेस कॉन्फ्रेंस में नूरुद्दीन अजीजी ने कहा कि उनकी यात्रा का मकसद द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करना और ट्रेड, इन्वेस्टमेंट और दूसरे सेक्टर्स में पुराने रिश्तों को फिर से जिंदा करना है।

पाकिस्तान कभी तालिबान को अपना दोस्त और भारत के दुश्मन के तौर पर देखता था। जब अगस्त 2021 में तलिबान ने काबुल पर कब्जा किया, तब भी पाकिस्तान ने इसे अपनी जीत के तौर पर देखा। पाकिस्तानी सेना, राजनेता और सामरिक विशेषज्ञों ने इस पर खुशी जताई। लेकिन, बीतते समय के साथ पाकिस्तान और तालिबान के संबंध खराब होते चले गए। वहीं, इसके ठीक उलट भारत के साथ तालिबान के संबंध मजबूत हुए। आज तालिबान लगातार भारत के साथ संपर्क बढ़ा रहा है। वहीं, तालिबान की पाकिस्तान के साथ सीमा पर सैन्य झड़पें हो रही हैं।

---

## उत्तरी कश्मीर में फूड पाइजनिंग मामला

# एक ही परिवार के 12 लोग अस्पताल में भर्ती, उपचार से सबकी हालत स्थिर

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा के नौगाम इलाके के एक परिवार के 12 सदस्यों को रात में बेहोश होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गुलाम मोम्मद भट नामक एक व्यक्ति के परिवारवालों (परिवार में भट सहित 12 सदस्य हैं) की रात का खाना खाने के बाद फौरन तबीयत बिगड़ गई।

बताया जाता है कि उन्होंने रात के खाने के लिए जंगल से लाई एक सब्जी पकाई थी जिसे खाने के तुरंत बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने किसी तरह अपने पड़ोसियों को सूचित किया। पड़ोसियों ने उनके अन्य परिजनों को जानकारी दी और



अस्पताल में भर्ती परिवार के सदस्य

साथ ही उन्हें फौरन एनटीपीएचसी पहुंचाया गया।

जहां उनकी प्राथमित स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें उन्नत उपचार के लिए जीएमसी हंदवाड़ा शिफ्ट किया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। इधर चिकत्सा अधिकारियों का कहना है कि इसकी वजह फूड पाइजनिंग है। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि सभी 12 सदस्यों की हालत स्थिर है और उन्हें आवश्यक उपचार मिल रहा है।

---

## गुरु तेग बहादुर की शहादत की 350वीं वर्षगांठ मनाई



**अमृतसर।** सोमवार को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में 9वें सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर की शहादत की 350वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन जुलूस में भाग लेते हुए।

---

## डोज का काम और ज़िम्मेदारियां, कार्मिक प्रबंधन को सौंपी

# बंद हुआ सरकारी खर्चों को घटाने वाला ट्रंप का डोज विभाग

*अमेरिका में एलन मस्क की लीडरशिप में बनाए गए डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी को बंद कर दिया गया*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने पर एलन मस्क की लीडरशिप में एक नए विभाग का गठन किया था। इसका नाम डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी रखा गया था। शुरुआत में विवेक रामास्वामी को भी इस डिपार्टमेंट में शामिल किया गया था, लेकिन बाद में उन्होंने इसे छोड़ दिया था। कुछ समय पहले मस्क ने भी इस विभाग को छोड़ दिया था। अब इस डिपार्टमेंट पर बड़ा अपडेट सामने आया है।

**खास बातें**

- मस्क की लीडरशिप में हुआ विभाग का गठन
- 10 माह बाद बंद हुआ डोज विभाग
- कुछ समय पहले मस्क ने विभाग को छोड़ा था

### ट्रंप-मस्क के संबंधों में दरार बनी वजह?




एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप।

डोज को किस वजह से बंद किया गया, इसका खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि इसके बंद होने की वजह ट्रंप और मस्क के संबंधों में आई दरार को माना जा रहा है। इसी वजह से मस्क ने डोज को छोड़ दिया था और इसका कामकाज भी प्रभावित हुआ था। ट्रंप ने भी इस विभाग पर ध्यान देना बंद कर दिया था और अब इसका अंत हो गया है। हालांकि पिछले कुछ समय में ट्रंप और मस्क के संबंधों में सुधार देखने को मिला है।

### ट्रंप ने तय समय से पहले ही बंद किया डोज

ट्रंप ने तय समय से पहले ही डोज को चुपचाप बंद कर दिया है। डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का गठन जुलाई 2026 तक के लिए किया गया था, लेकिन एक साल से भी कम समय में इसे बंद कर दिया गया। अमेरिका के कार्मिक प्रबंधन कार्यालय के निदेशक स्कॉट कुपोर ने इसकी पुष्टि की है। डोज का काम और जिम्मेदारियाँ, कार्मिक प्रबंधन कार्यालय को सौंप दी गई हैं।

### क्या था डोज का लक्ष्य?

डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का लक्ष्य सरकारी नौकरशाही को खत्म करना, अतिरिक्त नियमों को कम करना, फिजूल खर्चों में कटौती करना और संघीय एजेंसियों के पुनर्गठन में मदद करना तय किया गया था। मस्क के साथ ही ट्रंप ने भी इन सुधारों को बेहद ज़रूरी बताया था।

---

## बीईएल, सेफ्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स और डिफेंस इंक ने किए डील पर साइन

# देश में होगा हैमर मिसाइल का उत्पादन रक्षा मंत्रालय में हुआ अहम समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत-पाकिस्तान के मध्य बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच सोमवार को एक अच्छी खबर सामने आई है। जिसमें यह जानकारी मिली है कि अब देश के अंदर हवा से जमीन पर मार करने में सक्षम हैमर मिसाइल (बढ़ी हुई रेंज के साथ) का उत्पादन होगा। रक्षा मंत्रालय में इसे लेकर एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसमें बीईएल, सेफ्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स और डिफेंस इंक के प्रतिनिधि शामिल हुए। तीनों के बीच इस संयुक्त उपक्रम सहयोग समझौते (जेवीसीए) को अमलीजामा पहनाया गया है।



कार्यक्रम में बीईएल के सीएमडी मनोज जैन सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकारी उपस्थित रहे।

मंत्रालय ने बताया कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक-इन-इंडिया और लगातार बढ़ावा देने के विजन का परिणाम है। कार्यक्रम में बीईएल के सीएमडी मनोज जैन, एसईडी के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष ए. जेगलर, सेफ्रॉन के सीईओ ओलिवियर एंड्राईस और मंत्रालय में रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार शामिल हुए।

# इटली ने लगातार तीसरी बार जीता डेविस कप, स्पेन को हराकर बादशाहत रखी बरकरार



मैटियो बेरेटिनी

एजेंसी ▶▶| बोलोग्ना

इटली ने यानिक सिनर की अनुपस्थिति के बावजूद स्पेन को हराकर लगातार तीसरी बार डेविस कप का खिताब जीता और इस तरह से इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में अपनी बादशाहत बरकरार रखी। सिनर की अनुपस्थिति में मैटियो बेरेटिनी और फ्लेवियो कोबोली इटली के लिए स्टार रहे।

इन दोनों ने अपने एकल मैच जीतकर इटली को फाइनल में स्पेन पर 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। यह इटली का लगातार तीसरा और कुल चौथा डेविस कप खिताब है। लगातार तीन खिताब जीतने वाला आखिरी देश अमेरिका था, जिसने 1968 से 1972 तक लगातार पांच खिताब जीते थे।

- सिनर की अनुपस्थिति में बेरेटिनी और कोबोली रहे स्टार
- इटली ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया और सेमीफाइनल में बेल्जियम को हराया था




## सिनर ने नहीं लिया स्पर्धा में भाग

पिछले दो वर्षों में इटली को डेविस कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने अगले सत्र की तैयारी के लिए इस बार डेविस कप में भाग नहीं लिया। यही नहीं इटली के विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी भी नहीं खेल रहे थे। इटली को उनकी जरूरत नहीं पड़ी। उसने इस सप्ताह बोलोग्ना के सुपरटेनिस एरेना में अपने तीनों मैच 2-0 से जीते।

## इटली ने पहली बार 1976 में जीता था डेविस कप

इटली ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया तथा सेमीफाइनल में बेल्जियम को हराया। स्पेन भी अपने स्टार खिलाड़ी और विश्व में शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज के बिना खेल रहा था। फाइनल में बेरेटिनी ने पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 6-3, 6-4 से हराया। उसके बाद कोबोली ने जौम मुनार को 1-6, 7-6 (5), 7-5 से हराकर इटली की जीत सुनिश्चित की। इटली ने पहली बार 1976 में डेविस कप जीता था। उसके बाद उसने 2023 और 2024 में मलागा में खिताब जीता था। यह पहली बार है जब उसने अपनी धरती पर जीत हासिल की है। छह बार का चैंपियन स्पेन 2019 के बाद पहली बार खिताबी मुकाबले में खेल रहा था।

## डेविस कप की मेजबानी के इच्छुक दिल्ली, कर्नाटक

**नई दिल्ली।** भारत अगले साल फरवरी में नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर की मेजबानी करेगा और यह मुकाबला हार्डकोर्ट पर ही होने की संभावना है क्योंकि दिल्ली और कर्नाटक दोनों ने मैचों की मेजबानी की इच्छा जताई है। भारत ने सितंबर में विश्व ग्रुप वन में स्विटजरलैंड को 3-1 से हराकर क्वालीफायर में प्रवेश किया। वहीं डच टीम को क्वालीफायर के दूसरे दौर में अर्जेंटीना ने इसी अंतर से मात दी। क्वालीफायर का पहला दौर छह या सात फरवरी या सात और आठ फरवरी को होगा। ड्रॉ रविवार की शाम को निकाले गए। पिछली बार दोनों टीमों का सामना 2003 में हुआ था जब नीदरलैंड ने भारत को 5- 0 से मात दी थी।

## खबर संक्षेप



### पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को हराया, तारिक ने लगाई हैट्रिक

**रावलपिंडी।** रहस्यमयी स्पिनर उस्मान तारिक की हैट्रिक की बदौलत पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 69 रन से हराकर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में प्रवेश कर लिया। तारिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे ज़िम्बाब्वे 19 ओवर में 126 रन पर आउट हो गया। पाकिस्तान की यह टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत है। टूर्नामेंट की तीसरी टीम श्रीलंका है। जिम्बाब्वे के लिए रयान बर्ल ने 49 गेंदों पर नाबाद 67 रन बनाए। उन्होंने रिचर्ड नगारवा (05) के साथ आखिरी विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी की। इससे पहले बाबर आजम (74) और साहिबजादा फरहान (63) के अर्धशतकों की बदौलत पाकिस्तान ने 20 ओवरों में पांच विकेट पर 195 रन बनाए। फखर जमां ने आखिरी क्षणों में 10 गेंदों पर नाबाद 27 रन की पारी खेली।

### प्रो टी20 लीग खेलेंगे आकर्षण हरभजन-स्टेन



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन और हरभजन सिंह तथा दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन और ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर शेन वाटसन 26 जनवरी से 4 फरवरी तक गोवा में होने वाली लीजेंड्स प्रो टी20 लीग में आकर्षण का केंद्र होंगे। आयोजकों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क को लीग आयुक्त नियुक्त किया गया है। इस लीग में छह फ्रेंचाइजी आधारित टीम और 90 दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिताओं के मुकाबलों का आयोजन 1919 स्पोर्ट्ज क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा।

### हेजलवुड ब्रिस्बेन टेस्ट से बाहर, कमिंस की वापसी!



**पर्थ।** ब्रिस्बेन में होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट मैच से बाहर रहेंगे, जो गुलाबी गेंद से खेला जाएगा, लेकिन टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि वह सीरीज़ में आगे चलकर अहम भूमिका निभा सकते हैं, जबकि कप्तान पैट कमिंस अगले हफ़्ते गाबा में वापसी कर सकते हैं। दूसरा टेस्ट 29 दिसंबर से शुरू होगा। हेजलवुड शेफ़ील्ड शील्ड के दौरान हुई हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण पर्थ के पहले मैच से बाहर हो गए थे। वह अपना रिहैब जारी रखने के लिए ब्रिस्बेन में टीम से जुड़ेंगे और मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड को उम्मीद है कि वह सीरीज के अंत में उपलब्ध रहेंगे। मैकडॉनल्ड ने कहा कि वह (हेजलवुड) अपने रिहैब के पहले हफ़्ते में काम कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि हमें इस बारे में कोई अपडेट देने की जरूरत है। एक बार जब वह आगे बढ़ेंगे और हमारे पास कुछ अनुमानित समय-सीमाएं होंगी।

### गुवाहाटी टेस्ट : भारतीय बल्लेबाजों का गैर जिम्मेदाराना रवैया, पहली पारी 201 रन पर सिमटी

# भारत को क्लीन स्वीप का खतरा, यानसन का कहर, दक्षिण अफ्रीका के पास 314 रन की लीड

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

कप्तान ऋषभ पंत सहित प्रमुख बल्लेबाजों के गैर जिम्मेदाराना रवैए से अपने विकेट इनाम में देने के कारण भारतीय टीम सोमवार को अपनी पहली पारी में 201 रन पर सिमट गई, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में मजबूत शिकंजा कसकर श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अपनी पहली पारी में 489 रन बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 288 रन की बढ़त हासिल की।

उसने भारत को फॉलोऑन देने की बजाय दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना उचित समझा। उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 26 रन बनाए हैं और उसकी कुल बढ़त 314 रन की हो गई है। खराब रोशनी के कारण जब तीसरे दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया तब एडेन मार्क्रम 12 और रयान रिकलेटन 13 रन पर खेल रहे थे।



### 10 साल बाद हुआ बड़ा कारनामा

मार्को यानसन 19.5 ओवर में 48 रन देकर भारत के 6 बल्लेबाजों का शिकार किया। इसके साथ ही यानसन ने भारतीय सरजमीं पर बड़ा कारनामा कर दिखाया। यानसन भारत की धरती पर टेस्ट क्रिकेट में 5 या उससे ज्यादा विकेट चटकाने वाले महज चौथे साउथ अफ्रीकी तेज गेंदबाज बन गए हैं। यही नहीं, 10 साल बाद भारत में कोई साउथ अफ्रीकी तेज गेंदबाज 5 विकेट टेस्ट में हासिल करने में कामयाब हुआ है। इससे पहले लांस क्लूसनर (1996), डेल स्टेन (2008, 2010) और काइल एबॉट (2015) ने यह बड़ा कारनामा किया था।

### सुंदर -कुलदीप ने जोड़े 8वें विकेट के लिए 72 रन

भारतीय बल्लेबाजों को अपने निचले क्रम के बल्लेबाज वाशिंगटन सुंदर (92 गेंद पर 48 रन) और कुलदीप यादव (134 गेंद पर 19 रन) से सीख लेनी चाहिए, जिन्होंने सात विकेट 122 रन पर गिरने के बाद आठवें विकेट के लिए 72 रन जोड़े। उनकी साझेदारी टूटने के बाद भारतीय पारी सिमटने में देर नहीं लगी। यशस्वी जायसवाल (97 गेंदों में 58 रन) ने स्ट्रोक्स से भरपूर अर्धशतक जड़ा, लेकिन हार्मर की एक गेंद ने अचानक उछाल लिया, जिस पर वह गच्चा खा गए और यानसन को कैच दे बैठे। केएल राहुल (22) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। वह भी जायसवाल के साथ 65 रन की साझेदारी के दौरान अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन केशव महाराज और हार्मर की दो गेंद ऐसी थी, जिसने सुबह के सत्र का रुख पूरी तरह बदल दिया।

### जायसवाल खास क्लब में शामिल

जायसवाल सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे ऐसे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने 24 साल की उम्र से पहले सबसे ज्यादा 50 से ज़्यादा स्कोर बनाए हैं और 21वीं सदी में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। टेस्ट क्रिकेट के 148 साल के इतिहास में सिर्फ छह खिलाड़ियों ने यह अनोखी कामयाबी हासिल की है, जिसमें एलिस्टर कुक और केन विलियमसन ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने जनरेशन बदलने के बाद से ऐसा किया है। सचिन तेंदुलकर ने अपने 24वें तक जन्मदिन तक 1989 से 1997 के बीच 29 बार टेस्ट में 50 प्लस का स्कोर किया था।

### यानसन ने 48 रन देकर लिए 6 विकेट

दक्षिण अफ्रीका की तरफ से मार्को यानसन सबसे सफल गेंदबाज रहे। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में 93 रन बनाने वाले इस तेज गेंदबाज ने 48 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने अपने लंबे कद का अच्छा फायदा उठाकर भारतीय बल्लेबाजों को अपनी शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया। ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर (64 रन देकर तीन विकेट) ने उनका अच्छा साथ दिया। मार्क्रम ने पांच कैच लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 489

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का यानसेन बो हार्मर | 58 | 97 | 7 | 1 |
| राहुल का मारक्रम बो महाराज | 22 | 63 | 2 | 0 |
| सुदर्शन का रिकेल्टन बो हार्मर | 15 | 40 | 2 | 0 |
| जुरेल का महाराज बो यानसेन | 00 | 11 | 0 | 0 |
| पंत का वेरेनबो यानसेन | 07 | 8 | 0 | 1 |
| जडेजा का मारक्रम बो यानसेन | 06 | 18 | 0 | 0 |
| रेड्डी का मारक्रम बो यानसेन | 10 | 18 | 1 | 0 |
| सुंदर का मारक्रम बो हार्मर | 48 | 92 | 2 | 1 |
| यादव का मारक्रम बो यानसेन | 19 | 134 | 3 | 0 |
| बुमराह का वेरेन बो यानसेन | 05 | 25 | 1 | 0 |
| सिराज नाबाद | 02 | 6 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 09, कुल : 83.5 ओवर में 201/10 रन
**गेंदबाजी :** यानसेन 19.5-5-48-6, मुल्डर 10-5-14-0, महाराज 15-1-39-1, हार्मर 27-6-64-3, मारक्रम 10-1-26-0, मुथुसामी 2-0-2-0

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रेयान रिकेल्टन नाबाद | 13 | 25 | 1 | 0 |
| मारक्रम नाबाद | 12 | 23 | 2 | 0 |

अतिरिक्त: 01, कुल : आठ ओवर में 26 रन
गेंदबाजी: बुमराह 3-0-13-0, सिराज 3-1-8-0, जडेजा 1-0-2-0, कुलदीप 1-0-2-0.

### बधिर ओलंपिक

## प्रांजलि का शानदार प्रदर्शन, जीता दूसरा गोल्ड मेडल, टॉप-5 में भारत

**टोकियो।** भारतीय निशानेबाज प्रांजलि प्रशांत धूमल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जो डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) में उनका तीसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने अभिनव देशवाल के साथ मिश्रित पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण और महिला एयर पिस्टल में रजत पदक जीता था। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में यूक्रेन की मोसिना हालिना ने रजत और कोरिया की जियोन जिवोन ने कांस्य पदक जीता। भारत की एक अन्य खिलाड़ी और महिलाओं की एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली अनुया प्रसाद चौथे स्थान पर रहीं। प्रांजलि ने 600 में से 573 अंक के नए क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड के साथ फाइनल में प्रवेश किया था। उन्होंने पिछले वर्ष जर्मनी में विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। अनुया प्रसाद क्वालीफिकेशन में 569 स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।



### भारतीय निशानेबाजों ने जीते प्रतियोगिता में 16 पदक

प्रांजलि ने फाइनल में 34 अंक बनाए, जो मोसिना से दो अंक ज़्यादा थे, जिन्होंने रजत पदक जीता। जियोन ने 30 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। उन्होंने शूटआउट में भारत की अनुया प्रसाद को हराया। रविवार को अभिनव देशवाल ने पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था जो बधिर ओलंपिक की निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारत का 15वां पदक था। भारतीय निशानेबाजों ने बधिर ओलंपिक में अब तक सात स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य सहित 16 पदक जीते हैं। निशानेबाजी स्पर्धाओं का समापन मंगलवार को पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के साथ होगा।

### स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता

## भेल भोपाल ने भोपाल पुलिस टीम को 5 विकेट से हराया



मैन ऑफ द मैच।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर चल रही स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार का मैच भोपाल पुलिस और भेल भोपाल की टीमों के बीच खेला गया। भोपाल पुलिस टीम ने 165/8 रन बनाए। परवेज़ मोहम्मद ने 76 रन ,गौतम ने नाबाद 21 रन और अमित यादव ने 15 रन बनाए। भेल भोपाल की ओर से राहुल वर्मा और प्रदीप पटेल ने दो-दो विकेट लिए, जबकि दिनेश पटेल, योगेश देवस्कर और राजेश चौरसिया ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में भेल भोपाल की टीम ने 17.4 ओवरों में 166/5 रन बनाकर मैच को पाँच विकेट से जीत लिया। विशाल वाणी ने आकर्षक 61 हेमंत शिंदे 47 और देवेंद्र नायक ने 30 रन बनाए,भोपाल पुलिस की ओर से फ़िरोज़ अली और परवेज़ मोहम्मद ने क्रमशः दो -दो विकेट जबकि सोनू ने एक विकेट लिया । मैच मैं शानदार बल्लेबाज़ी के लिए विशाल वाणी को मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष अविनाश पाठक और रंजी ट्रॉफी खिलाड़ी समीर कुरैशी द्वारा प्रदान किया गया ।

### बीडीसीए अंडर-22 बॉयज इंटर क्लब/ अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट

## दो दिवसीय दूसरा सेमी फाइनल मैच मयंक क्रिकेट अकादमी और रेल्वे यूथ क्रिकेट अकादमी में प्रारम्भ



**भोपाल।** अंडर-22 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा दो दिवसीय सेमी फाइनल बाबे अली मैदान पर मयंक अकादमी और रेल्वे यूथ अकादमी के मध्य मैच प्रारम्भ हुआ, रेल्वे यूथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 60.4 ओवरों में 104 रन बनाकर ऑल आउट हो गईं, जिसमेंअदीब खान ने नाबाद 17 रन बनाए । मयंक क्रिकेट अकादमी से गेंदबाजी करते हुए हर्ष सेन 5 विकेट, नैतिक जैन 3 विकेट और अर्णव सिंह ने 2 विकेट लिया । जवाब में मयंक अकादमी ने बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन का खेल खत्म होने तक 39 ओवरों में 5 विकेट पर 139 रन बना लिए हैं, जिसमे अनय जैन ने 33 रन, प्रियांशु प्राण 39 रनो पर नाबाद खेल रहें हैं । रेल्वे यूथ अकादमी से गेंदबाजी करते हुए दिव्यांश और अंजेश पाल ने 2-2 विकेट लिया । कल सेमी फाइनल का दूसरा व अंतिम दिन है।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में नवनिध की छात्राओं ने परचम बुलंद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संतनगर




सेज इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या नगर में आयोजित सहोदय इंटर स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता में नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने अंडर-14 वर्ग में परचम बुलंद किया। इनमें काशिश टहिलयानी, काशवी वर्मा, काव्या चेलानी, तनिष्का गुलराजानी टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 वर्ग में तेजस्वी एस. चौहान, एंजल यादव, एंजल साधवानी व विनी मनसुखानी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया।प्राचार्या अमृता मोटवानी ने कहा कि हमारी बेटियां न केवल विद्यालय का, बल्कि पूरे शहर का गौरव बढ़ा रही हैं।

### राधारमण आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट

## राधारमण, यूआईटी-आरजीपीवी सेमी फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राधारमण समूह के खेल परिसर में सोमवार को आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले खेले गए, जिनमें राधारमण समूह (आरजीआई) और यूआईटी–आरजीपीवी ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. लोकेश (एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, शासकीय आयुर्वेद कॉलेज, रीवा), डॉ. प्रोनब कुमार लाहिरी (ग्रुप डायरेक्टर, आरजीआई) और डॉ. प्रमेन्द्र रघुवंशी (वाइस प्रिंसिपल, राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज) ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

### राधारमण समूह की 76 रन से जीत, कप्तान विवेक गिरी




आरजीआई की टीम।

क्वार्टर फ़ाइनल में राधारमण समूह ने जेएनसीटी को 76 रन से हराकर सेमीफ़ाइनल में प्रवेश किया। राधारमण समूह ने निर्धारित 20 ओवर में 146 रन नौ विकेट पर का सशक्त स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अरमान ने 35, कप्तान विवेक गिरी ने 25 रन बनाए। गेंदबाज़ी में भी विवेक गिरी ने 4 ओवर में 15 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए और जेएनसीटी को 13.5 ओवर में 70 रन सभी विकेट खोकर सस्ते में समेट दिया। बैटिंग और बॉलिंग-दोनों मोर्चों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विवेक गिरी को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

### यूआईटी–आरजीपीवी की सात विकेट से प्रभावी जीत

दूसरे मैच में टी.आई.टी. और यूआईटी–आरजीपीवी की टीमें आमने-सामने थीं। टी.आई.टी. ने 114 रन बनाए। इनमें सुजीत कुमार ने 30 रन और किरटी कुमार तिवारी ने 24 रन का योगदान दिया। जवाब में यूआईटी–आरजीपीवी की टीम ने 12.4 ओवर में तीन विकेट खोकर 117 रन बनाते हुए मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। फ़ैज़ान क़ादिर ने 36 गेंदों पर 71 रन की विस्फोटक पारी खेलते हुए टी.आई.टी. के गेंदबाज़ों को पूरी तरह असहज कर दिया। गेंदबाज़ी में कप्तान भरत असनानी ने चार विकेट लेकर जीत की मजबूत नींव रखी।

### एलएनसीटी में खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी लीग का समापन

## अंडर-15 में सीहोर, अंडर-18 में विंध्यवासिनी की गर्ल्स ने महिला सीनियर वर्ग में बीयू ने खिताब पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल


खेलो इंडिया एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की पहल के अंतर्गत एलएनसीटी कॉलेज रायसेन रोड भोपाल खेल मैदान में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी लीग का शानदार समापन हुआ। तीन वर्गों में रोमांचक मुकाबलों के बाद विजेताओं ने अपनी श्रेष्ठता साबित की। बालिका वर्ग अंडर-15 फाइनल मुकाबले में सीहोर ने इंदौर को 5-0 से हराकर खिताब हासिल किया। हार्डलाइन मुकाबले मे बैतूल ने विदिशा को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग अंडर-18 फाइनल मुकाबले में विंध्यवासिनी ने सीहोर को 5-0 से हराकर खिताब हासिल किया। हार्डलाइन मुकाबले मे रायसेन ने लिटिल फ्लावर को 5-0 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला सीनियर वर्ग मे बीयू ने जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी को 5-0 से हराकर खिताब हासिल किया। हार्डलाइन मुकाबले में एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल ने एलएनसीटी यूनिवर्सिटी को 5-0 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डॉ. अरविंद सिंह निदेशक एमबीए, डॉ. जितेन्द्र राघुवंशी परीक्षा नियंत्रक, अबरार अहमद शेख सचिव रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्य प्रदेश, पंकज कुमार जैन निदेशक खेल एलएनसीटी एवं कोषाध्यक्ष, रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्य प्रदेश, अभय श्रीवास सचिव पेचंक सिलाट मध्य प्रदेश, संदीप जाधव तकनीकी निदेशक रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन, मध्य प्रदेश ने विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमो को मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड



सीहोर की टीम।




बीयू की सीनियर वर्ग की टीम।

नंदनी कुमारी - सीहोर, प्रमिला भन्नारे - के एम भोपाल, प्रिंसी ठाकुर लिटिल फ्लावर स्कूल भोपाल, भूमिका जलखेरे - मुलताई को दिया गया। प्रतियोगिता मैनेजर महेश सोधिया ने बताया कि इस वर्ष मध्यप्रदेश में इसके पहले पांच अस्मिता रग्बी लीग आयोजित की जा चुकी हैं जिनमें सबसे ज्यादा टीम ओर खिलाड़ी एलएनसीटी में आए ये हमारे लिए गर्व की बात है । इस अवसर पर विभिन्न टीम के कोच मैनेजर एंव प्रतियोगिता में निर्णयक की भूमिका निभाने वाले ऑफिशियल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। इसके अतिरिक्त एलएनसीटी के द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप टी-शर्ट, रग्बी बॉल, एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किए गए।

## खबर संक्षेप

### भोपाल में राज्य स्तरीय बैण्ड प्रतियोगिता आज

**भोपाल।** राजधानी के शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राज्य स्तरीय शालेय बैण्ड प्रतियोगिता का शुभारंभ 25 नवम्बर को सुबह 10 बजे होगा। शुभारंभ समारोह में आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता मौजूद रहेंगी। राज्य स्तरीय ब्रॉस बैण्ड और पाइप बैण्ड की श्रेणी में सभी संभागों की 19 टीमें भाग लेंगी और रंगारंग प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत करेंगी। प्रतियोगिता का समापन 25 नवम्बर को शाम 5 बजे सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, शिवाजी नगर में होगा। भोपाल महापौर मालती राय विजेता टीम को पुरस्कार वितरित करेंगी।

### डीआरएम ने किया 10 रेल कर्मचारियों को सम्मानित



**भोपाल।** मण्डल रेल प्रबन्धक पंकज त्यागी द्वारा ड्यूटी के दौरान सतर्कता, सूझ-बूझ एवं सजगता का परिचय देते हुए अक्टूबर एवं नवम्बर माह में संभावित असामान्य घटनाओं को टालने वाले 10 रेलकर्मियों को मंडल कार्यालय में प्रशस्ति पत्र एवं संरक्षा नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इन रेलकर्मियों ने अपनी सूझ-बूझ, सतर्कता एवं त्वरित कार्यवाही से गंभीर दुर्घटनाओं को रोकने का प्रशंसनीय कार्य किया है, जिसमें लोकेश ने साबरमती एक्सप्रेस में ब्रेक बाईडिंग को खतरा हाथ सिग्नल दिखाकर संभावित खतरे से बचाया, रमाकांत ने गाडी संख्या 05325 मुम्बई स्पेशल में कोच से असामान्य आवाज से संभावित आग के खतरे से बचाया, संतोष मालगाड़ी को हाट एक्सेल के खतरे से बचाया, भूषण ने मालगाड़ी को व्हील जाम के खतरे से बचाया, ओम प्रकाश ने बीना में मालगाड़ी के एक्सल स्प्रिंग में आग के खतरे से बचाया, विनोद ने मालगाड़ी के असामान्य वैगन को संभावित घटना से बचाया, पुष्पेन्द्र और धर्मेन्द्र ने रेलवे ट्रैक पर वेल्डिंग क्रैक को समय रहते सूचित करते हुए सतर्कता से संभावित दुर्घटना से बचाया।

---

शहरवासी बनेंगे बाराती, फूल बरसाती तोप होगी

# भगवान राम-जानकी को हल्दी और मेहंदी लगी, आज धूमधाम से राजधानी में निकाली जाएगी श्रीराम बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में 25 नवंबर मंगलवार को विवाह पंचमी मनाई जाएगी। अयोध्यावासी वैश्य समाज के लखेरापुरा स्थित राम-जानकी मंदिर में भगवान श्री राम-सीता का शुभ विवाह होगा। श्रीराम की भव्य बारात भी निकाली जाएगी। शहरवासी बाराती बनेंगे। इसमें फूल बरसाती तोप भी होगी।

इसके पूर्व मंदिर में सोमवार को गणेश और माता पूजन के साथ भगवान के विवाह की रस्में शुरू की गई। पंडितों ने मंत्रोच्चार के बीच मंडपाच्छादन कराया। वर पक्ष की महिलाओं ने श्रीराम और वधु पक्ष की महिलाओं ने मंगल गीत गाते श्रीराम जानकी को हल्दी व मेहंदी लगाई। बाद में सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी व मेहंदी लगाई। भजन-कीर्तन किए।



लखेरापुरा स्थित राम-जानकी मंदिर में राम बारात की पूर्व संध्या पर मंहदी कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

### रथ में श्रीराम दूल्हा स्वरूप में महर्षि विश्वामित्र के साथ विराजमान होंगे

बारात में भगवान राम रथ में महर्षि विश्वामित्र के साथ दूला स्वरूप में विराजमान रहेंगे। उनके साथ उनके भाई लक्ष्मण, भरत व शत्रुध्न भी रहेंगे। बारात सोमवारा, जनकपुरी, जुमेराती, मंगलवारा इतवारा चौक होते हुर वापस मंदिर पहुंचेगी। यहां राम-सीता के विवाह की रस्में होगी। बारात की अगवानी मंदिर के द्वार पर राजा जनक व उनकी पत्नी सुनयना द्वारा की जाएगी। खास बात यह है कि अयोध्यावासी वैश्य समाज के घर-घर में खुशियां मनाई जाएंगी। इस समाज के भगवान राम आराध्य हैं। इसी तरह आनंद नगर के राम मंदिर में शाम सात बजे भगवान राम-सीता की वरमाला रस्म होगी।

---

22 साल के युवक को थी दुर्लभ एंकिलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस बीमारी, 50 हजार लोगों में से एक को होती है

# रीढ़ की हड्डी के साथ गर्दन और कूल्हे के जोड़ हो गए थे जाम, छह माह के इलाज से ठीक हुआ युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के 22 साल मानसिंह के एक युवक को करीब 12 साल पीठ के साथ जोड़ों में दर्द की शिकायत शुरू हुई। शुरुआत में परिजनों ने इसे सामान्य दर्द समझकर दर्द निवारक दवाएं दी। हालांकि लगातार दर्द निवारक लेने के बाउजूद दर्द खत्म नहीं हुआ और जोड़ों में जकड़न की शुरूआत हो गई। परिवाल को लगा कि बच्चे को गठिया रोग हो गया वह आसपास के ही डॉक्टर से इलाज कराते रहे।

- जेनेटिक होती है बीमारी, धीरे-धीरे दिखते हैं लक्षण, जीन बी27 में बदलाव से शुरू होती है परेशानी

कुछ साल में बीमारी इतनी बढ़ गई कि रीढ़ के साथ गर्दन और कूल्हे की हड्डी भी जाम हो गई। मानसिंह चलने फिरने से भी लाचार हो गया। परिजनों कई अस्पतालों में इलाज कराने के बाद करीब छह महीने पहले हमीदिया अस्पताल पहुंचे।

यहां जांच के बाद मरीज के दोनों हिप ट्रांसप्लांट किए गए। लगातार इलाज से मानसिंह अब ठीक है और वॉकर के सहारे से चलने भी लगा है। मरीज का इलाज को हमीदिया अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिल बंसल और टीम द्वारा किया गया। डॉ. बंसल ने बताया कि जब मानसिंह आया तो जमीन पर रेंगते हुए चल रहा था। तमाम एक्स रे, जांच और एमआरआई के बाद बपा लगा कि मानसिंह के जोड़ जाम हो रहे थे। इस स्थिति को दुर्लभ एंकिलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस कहते हैं।



हमीदिया अस्पताल में उपचार के दौरान सहारे से चलताा मरीज।

यह एक जेनेटिक बीमारी है, जिसमें जोड़ काम करना बंद कर देते हैं। उन्होंने बताया कि मरीज का घुटना भी तीस डिग्री तक ही मूव कर रहा था। इलाज के बाद कूल्हे में ट्रांसप्लांट किया गया।

### समय पर पहुंचना आवश्यक

डॉ. बंसल के मुताबिक अक्सर जानकारी के अभाव में लोग इसे सामान्य जोड़ो का दर्द समझ लेते हैं और अक्सर इसका इलाज ऑर्थोपेडिक डॉक्टरों से कराते रहते हैं। शुरूआती दौर में इसे पकड़ पाना मुश्किल होता है क्योंकि एक्स-रे में हड्डियों में कोई बदलाव नहीं दिखता है। अधिकतर लोग डॉक्टर के पास तब पहुंचते हैं जब उनकी बीमारी बढ़ चुकी होती है या हड्डियों का फ्यूजन एक्स-रे में साफ दिखाई देने लगता है। बीमारी में हड्डियों में अतिरिक्त कैल्शियम जमा होने लगता है, जिससे रीढ़, कमर, कंधे और छाती में दर्द और अकड़न बढ़ सकती है। सही समय पर इलाज न मिलने से हड्डियों में कैल्शियम अधिक जमा होकर हड्डियां एक दूसरे से चिपक जाती है जिससे हड्डियों का लचीलापन खत्म हो जाता है। करीब 50 हजार लोगों में से एक होती है यह बीमारी।

---

## शिफ्टिंग की तैयारी: कलेक्टर और टिंबर एसोसिएशन के बीच चर्चा के बाद बनी सहमति

# 48 साल पुराने टिंबर मार्केट की एक बार में ही शिफ्ट होंगी सारी दुकानें

*शहर की बढ़ती आबादी, ट्रैफिक का दबाव और मेट्रो लाइन को देखते हुए इसे विस्थापन करने की योजना में आई तेजी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के पुल पातरा स्थित 48 साल पुराने टिंबर मार्केट की शिफ्टिंग की तैयारियां अब तेज हो गई हैं। टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और कलेक्टर के बीच हुई बैठक में टिंबर व्यवसायियों की सभी मांगें जिला प्रशासन ने मान लीं। व्यवसायियों का कहना था कि विस्थापन कार्य एक ही बार में हो, परवलिया के छोटा रातीबड़ में एप्रोच रोड और बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं।

इसके अलावा प्लॉट के साइज को लेकर भी कुछ विवाद था, जिसे सुलझा लिया गया है। रातीबड़ में एप्रोच रोड बनाने व अन्य सुविधाएं जुटाने का काम तेज हो गया है। दिसंबर या जनवरी तक टिंबर मार्केट की 108 दुकानें पूरी तरह से विस्थापित हो जाएंगी। पुल पातरा से आरा मशीनों को हटाए जाने का मामला 18 साल से चल रहा है। यहां आए दिन बड़ी आगजनी की घटनाएं होती हैं।

परवलिया के छोटा रातीबड़ में एप्रोच रोड व अन्य सुविधाओं का काम हुआ तेज

जिला प्रशासन ने माने टिंबर व्यवसायियों के सुझाव



पुल पातरा स्थित टिंबर मार्केट का दृश्य।

### पहले ही दे दी थी सहमति

टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष बदर-ए-आलम ने बताया कि व्यवसायियों और कलेक्टर के साथ बातचीत में हमारे सभी सुझाव मान लिए हैं। दिसंबर या जनवरी-26 तक टिंबर मार्केट विस्थापित हो जाएगा।

### आग से नुकसान

हर बार आग से लाखों रुपए का नुकसान होता है। अब शहर की बढती आबादी, ट्रैफिक का दबाव और मेट्रो लाइन को देखते हुए इसे विस्थापन करने की योजना में तेजी आई है।

### पहले आठ स्थान देखे जा चुके हैं

आरा मशीनों को शिफ्ट करने के लिए 8 जगह पूर्व में देखी जा चुकी हैं। अब छोटा रातीबड़ में 18 एकड़ जमीन पर जरूर सुविधाएं के काम शुरू हुए हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए मेट्रो कॉरपोरेशन ने साढ़े 5 करोड़ रुपए भी दिए हैं। 2007 से चल रही शिफ्टिंग की योजना आरा मशीनों को छोटा रातीबड़ से पहले कबाड़खाना, ऐशबाग स्टेडियम के पास, गोविंदपुरा से लेकर ट्रांसपोर्ट नगर और चांदपुर में शिफ्ट करने के प्रयास हो चुके हैं। दो साल पहले आरा मशीन संचालकों को नोटिस जारी कर छोटा रातीबड़ में शिफ्ट होने की बात कही गई। जिस पर उन्होंने अपने कुछ सुझाव रखे जिन्हें मान लिया गया।

### मेट्रो प्रशासन बनाएगा पार्किंग

***भोपाल।*** *शहर में मेट्रो के संचालन को हरी झंडी मिलने के इंतजार के बीच पार्किंग की व्यवस्था को मजबूत बनाने मे मेट्रो प्रशासन जुट गया है। मेट्रो के प्रायोरिटी कारिडोर में दो या तीन लोकेशन पर पार्किंग की व्यवस्था होगी। एम्स, आरकेएमपी और सुभाष नगर में पार्किंग की व्यवस्था होगी जबकि एमपी नगर में जरूरत पड़ने पर डीबी माल के पास खाली भूमि का उपयोग करने का विकल्प रिजर्व रखा गया है। मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि सभी स्टेशनों पर पार्किंग की जरूरत नहीं है। जिस तरह से दिल्ली में मेट्रो का संचालन हो रहा है उसी तर्ज पर भोपाल में भी होगा। हर स्टेशन पर पार्किंग की जरूरत नहीं है, लेकिन इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि जरूरत पड़े तो जरूरी कदम उठाए जा सकें।*

---

उद्योगों से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की अपेक्षाएं आत्मनिर्भर भारत के लिए रक्षा प्रौद्योगिकी में सृजन विषय पर संगोष्ठी

# निटरः आत्मनिर्भर भारत के लिए रक्षा प्रौद्योगिकी में सृजन पर संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रक्षा उत्पादन क्षेत्र के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने और शिक्षा जगत, स्थानीय उद्योगों और रक्षा निर्माताओं के बीच सहयोग को मज़बूत करने के प्रयास में, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) में आत्मनिर्भर भारत के लिए रक्षा प्रौद्योगिकी में सृजन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) नासिक सीईओ साकेत चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में संगोष्ठी को संबोधित किया। भारत की वास्तविक शक्ति हमारे युवा इंजीनियर्स, अनुसंधान संस्थानों और उद्योग जगत की आपसी साझेदारी में है। यदि हम टेक्नोलॉजी को स्वदेशी रूप से विकसित करने की दिशा में मिलकर कार्य करें, वर्षों में भारत वैश्विक रक्षा और एविएशन सेक्टर में नेतृत्व स्थापित कर सकता है।

**टेक्नोलॉजी को स्वदेशी रूप से विकसित करने की दिशा में मिल कर करें कार्य**

### निटर तैयार कर रहा संस्थानों की क्षमताओं पर रिपोर्ट

निटर के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि मध्य प्रदेश स्वदेशी तकनीकी विकास में मजबूत भूमिका निभाने को तैयार है, और निटर इसमें एक केंद्रीय ज्ञान-सहयोगी संस्थान के रूप में उभर रहा है। निटर मध्य प्रदेश के उन संस्थानों की क्षमताओं पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार कर रहा है, जो एचएएल द्वारा आवश्यक उत्पादों के निर्माण और विकास में योगदान दे सकते हैं। आर.के भारती ने इस संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल सराहनीय है। एविएशन और एयरोस्पेस के क्षेत्र में एचएएल इंडस्ट्रीज के बीच में कोऑपरेशन और कोलैबोरेशन जरूरी है।

---

स्वास्थ्य अमले ने ऐसा पहली बार किया...

# निगम आयुक्त ने कचरा देखकर एएचओ को बताया, कचरे में मिली पर्ची से फेंकने वाले को ढूंढा



जोन 8 के स्वास्थ्य अमले ने कचरा देखकर मौके पर किया स्पॉट फाइन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खुले में या रोड किनारे घरों का कचरा फेंकना अब जेब पर भारी पड़ सकता है। नगर निगम के जोन-8 के स्वास्थ्य अमले ने सोमवार को पहली बार ऐसा काम किया कि कचरे में मिली एक पर्ची के आधार पर कचरा फेंकने वाले को ढूंढ निकाला और दस हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया।

हालांकि इस काम में अमले को दो घंटे मशक्कत करना पड़ी। दरअसल जोन में आम दिनों की तरह रूटीन काम में स्वास्थ्य अमला जुटा था। सुबह करीब आठ बजे निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कलियासोत डेम के पास से गुजरना हुआ।

उन्होंने रोड किनारे कचरा फैला होने की बात एएचओ से कही। इस पर स्वास्थ्य अमला तुरंत मौके पर पहुंचा और सफाई करवाई। अमला यहीं नहीं रुका। सफाई से पहले मलबे को चैक किया तो उसमें एक कागज की पर्ची मिली। उस पर लिखे मोबाइल नंबर से संपर्क करते हुए कचरा फेंकने वाले चूनाभट्टी स्थित 32 विंडसर पैलेस में रहने वाले बंटी राय के घर पहुंच गया। इस काम में अमले को दो घंटे लगे।

**कचरा फेंकने वाले को ढूंढने में जोन-8 के स्वास्थ्य अमले ने दो घंटे की मशक्कत**

मौके पर ही श्री राय पर दस हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया गया। जोन-8 के एएचओ रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि वेस्ट मटेरियल कलियासोत डेम को जोडने वाले रोड पर फेंका गया था।

इसमें एक कागज की पर्ची मिली। उस पर लिखे मोबाइल नंबर पर संपर्क करते हुए स्वास्थ्य अमला कचरा फेंकने वाले के घर तक पहुंचा। उन्होंने बताया कि मौके पर दस हजार रुपए का चालान किया, लेकिन एक अच्छी बात यह रही कि श्री राय ने इस गलती पर क्षमा मांगी और भविष्य में ऐसा नहीं करने का भी संकल्प लिया।

---

मप्र भारतीय मजदूर संघ की दो दिवसीय कार्यसमिति में मंत्रणा

# वर्कर्स को न्यूनतम वेज की गारंटी मिलेगी महिला श्रमिकों को हेल्थ बोनस मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश भारतीय मजदूर संघ की दिनांक 23 नवंबर से प्रारंभ कार्यसमिति 24 नवंबर को साम 4 बजे डिपो चौराहे पर अभाविप कार्यालय में हुई। कार्यसमिति में संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या व अखिल भारतीय महामंत्री रविन्द्र हिमते भोपाल आए।

इस अवसर अखिल भारतीय उपाध्यक्ष केपी सिंह व अखिल भारतीय मंत्री रामनाय गणेशे जी भी उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस के सत्रों की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह व संचालन महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर ने किया।

क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील किरवई भी उपस्थित रहे। संगठनात्मक चर्चा संगठन संबंधी कार्यों को गति देने हेतु हुई। तय किया गया कि महिला श्रमिकों को हेल्थ वेनिफिट में रू. 3500/- हजार का बोनस दिया जाएगा। सभी वर्कर्स को न्यूनतम वेज की गारंटी मिलेगी। सभी वर्करों को अर्पाइमेंट लेटर मिलेगा इससे सोषल सिक्यूरिटी रोजगार हिस्ट्री और फार्मल इम्प्लामेंट प्राप्त होगा। वहीं अब फिक्स्ड-टर्म कर्मचारियों को एक साल की लगातार सर्विस के बाद ग्रेच्युटी मिलेगी।



मप्र भारतीय मजदूर संघ की प्रारंभिक कार्यसमिति की बैठक का दृश्य।

### बीना-ललितपुर मेमू ट्रेन के निरस्त फेरे हुए बहाल

**भोपाल।** वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 03 पर पुराने वॉशेबल एप्रन को तोडक़र नए वॉशेबल एप्रन के निर्माण कार्य के लिए पूर्व में जारी अधिसूचना के अनुसार बीना-ललितपुर-बीना मेमू का संचालन 25 नवंबर से 08 जनवरी 2026 तक रद्द किया गया था। यात्रियों की सुविधा और जनता की भारी मांग को ध्यान में रखते हुए, अब कुछ गाड़ियों का संचालन यथावत रखने का निर्णय लिया गया है।

- गाडी संख्या 64618 ललितपुर -बीना मेमू (प्रतिदिन) 25 नवंबर से 08 जनवरी 2026 तक पूर्वानुसार संचालित की जाएगी।
- गाडी संख्या 64617 बीना - ललितपुर मेमू (प्रतिदिन) 25 नवंबर से 08 जनवरी 2026 तक पूर्वानुसार संचालित की जाएगी।

---

## तेजी से लोकप्रिय हो रही स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देने वाली पहल

स्थानीय कलाकारों के लिए भी खोल रहा नई संभावनाएं

# कचरे के सही निपटान को प्रोत्साहित कर जरूरतमंदों को दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध करा रहा कचरा कैफे, सामाजिक सेवा का बना मॉडल

मनीष मान ▶▶ भोपाल

शहर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देने वाली पहल 'कचरा कैफे' लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह कैफे न सिर्फ कचरे के सही निपटान को प्रोत्साहित करता है, बल्कि इसके बदले जरूरतमंदों को दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराकर सामाजिक सेवा का अनूठा मॉडल भी प्रस्तुत कर रहा है।




### कचरे के बदले आवश्यक सामग्री

कचरा कैफे में शहरवासी अपने पुराने कपड़े, प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक सामान और अन्य कचरा जमा कराते हैं। इसके बदले उन्हें दाल, चावल, आटा, तेल सहित रसोई की वस्तुएं, सर्दी के लिए हाथ से बुने स्वेटर, मफलर अन्य जरूरी सामग्री दी जाती है।

### इको-फ्रेंडली व बायोग्रेडेबल उत्पादों की बढ़ती मांग

*कैफे में उपलब्ध बायोग्रेडेबल और इकोफ्रेंडली कप व बाउल लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। इन उत्पादों को इस्तेमाल करने के बाद पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता।*

### पुराने कपड़ों की रीसाइक्लिंग

कैफे की संचालक अंजिता सबलोक ने बताया कि सबसे अधिक कचरा पुराने कपड़ों का आता है। रोजना करीब 3 से 4 कुंतल कपड़े एकत्र किए जाते हैं, जिन्हें हर 10 दिन में रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जाता है। इस प्रक्रिया से कचरे को नए उत्पादों में बदला जाता है।

### स्थानीय कलाकारों को मिला नया मंच

कैफे स्थानीय कलाकारों के लिए भी नई संभावनाएं खोल रहा है। यहां हाथ से बुने स्वेटर, मफलर और सजावटी वस्तुओं की मांग बढ़ी है। इससे कलाकारों को आर्थिक मजबूती मिल रही है और उनकी कला को नई पहचान भी मिल रही है। कचरा कैफे का मुख्य उद्देश्य लोगों को कचरा प्रबंधन, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।




12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

Dr. Juneja's EYE Mantra®
Ayurvedic Eye Relief Drops

• Eye Strain • Eye Dryness • Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness

स्मृति शेष....

# हर वर्ग, हर आयु, हर भावना के 'ही-मैन' ही नहीं, बल्कि 'ह्यूमन-मैन' थे धर्मेंद्र



## किशोर कुमार सम्मान पाने के बाद व्यक्त किया था मप्र संस्कृति विभाग का आभार

### नैसर्गिक अभिनय से गढ़े कई कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपनी नैसर्गिक अभिनय प्रतिभा से भावाभिव्यक्ति का प्रतिमान गढ़ने वाले सुविख्यात फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र देओल का 24 नवम्बर, 2025 को दुखद निधन हो गया है। एक ऐसा अभिनेता जिसकी चमक सात दशकों तक पीढ़ियों के हृदय में उजास बनकर बहती रही। धर्मेन्द्र केवल एक महान अभिनेता नहीं थे, वे भारतीय संस्कृति, संवेदना और सहज मानवीय रिश्तों के सशक्त प्रतीक थे। उनकी अभिनय यात्रा में ग्रामीण भारत की सुगंध भी थी और आधुनिकता की गरिमा भी इसलिए वे हर वर्ग, हर आयु, हर भावना के 'ही-मैन' ही नहीं बल्कि 'ह्यूमन-मैन' भी रहे।

### धर्मेन्द्र के रचित सिनेमाई क्षण आज भी भारतीय संस्कृति के अमूल्य हिस्से हैं

महान अभिनेता धर्मेन्द्र देओल के निधन पर संचालक, संस्कृति एन.पी. नामदेव ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इतने बड़े मुकाम पर पहुंचने के बाद भी धर्मेन्द्र का अपनापन, मुस्कान में नम्रता और व्यक्तित्व में सहजता एवं सरलता अद्भुत थी। उन्होंने अपने अभिनय के माध्यम से साहस, प्रेम, सरलता और सामाजिक नैतिकता के अनेक रंग हमारे समाज को सौंपे। उनके द्वारा रचित सिनेमाई क्षण आज भी भारतीय संस्कृति के अमूल्य हिस्से हैं। उनकी छवि एक कर्मशील कलाकार, एक अनुशासित नागरिक और एक स्नेहिल व्यक्तित्व की हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।

### संस्कृति संचालक नामदेव ने धर्मेन्द्र के निज निवास पर दिया था किशोर कुमार सम्मान

मप्र संस्कृति विभाग द्वारा धर्मेन्द्र देओल को राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान वर्ष-2022 से अलंकृत किया गया था। यह सम्मान संस्कृति विभाग की ओर से संचालक, संस्कृति द्वारा 18 मई, 2024 को उनके मुम्बई स्थित निवास पर प्रदान किया गया था। उन्होंने संचालक, संस्कृति से संवाद करते हुए सहर्ष यह कहा कि 'मैं यह सम्मान प्राप्त कर भाव-विभोर हो गया हूं। मैं कृतज्ञ हूं मप्र शासन, संस्कृति विभाग के प्रति कि किशोर कुमार जैसे महान व्यक्तित्व के नाम से स्थापित यह राष्ट्रीय सम्मान मुझे प्रदान किया गया है। मैं शुक्रगुजार हूं अपने प्रशंसकों का, जिनका अनंत प्रेम मेरे साथ सदैव बना रहता है। मुझसे पहले जिन महान कलाकारों को यह सम्मान दिया जा


अभिनेता धर्मेन्द्र को उनके निवास पर किशोर सम्मान देते संचालक, संस्कृति एनपी नामदेव

चुका है उनमें कुछ मेरे गुरु के समान हैं, कुछ सम्मानीय हैं और कुछ मेरे साथी भी हैं, आज उनकी सूची में स्वयं का नाम देखकर मेरी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं है।'

### उप संचालक संस्कृति एवं फिल्म समीक्षक स्व. सुनील मिश्र के पुत्र ने साझा किए किस्से

## यदि धर्मेन्द्र 'ही-मैन' हैं तो मेरे पापा उनके सबसे बड़े फैन हैं....

संस्कृति विभाग के उप संचालक एवं फिल्म समीक्षक स्व. सुनील मिश्र का भी ही-मैन धर्मेन्द्र से गहरा नाता था, सुनील मिश्र के पुत्र सुमुख मिश्र ने बताया कि मेरे पापा की धर्मेन्द्र के प्रति दीवानगी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पापा हर वर्ष धर्मेन्द्र के जन्मदिन 8 दिसंबर को मुंबई जाते और उन्हें बर्थ डे विश करते, पापा उनहें हमेशा पापा जी... कहकर संबोधित करते और धर्मेन्द्र भी पापा को अरे मेरा बेटा सुनील आ गया... कहकर पुकारते तो एक प्रकार से उन दोनों का पिता पुत्र के समान ही कनेक्शन था। सुमुख ने कहा कि पापा कोविड के पहले तक धर्मेन्द्र से मिलने गए। लेकिन इसके बाद वो चल बसे। सुमुख ने बताया कि धर्मेन्द्र को मुरैना की गजक काफी पसंद थी तो पापा उनके लिए उसी गजक के पांच से छ डब्बे लेकर जाते और धर्मेन्द्र को बर्थ डे विश करते। 'अपने' फिल्म का एक किस्सा बताते हुए सुमुख ने कहा कि अपने


सुमुख मिश्र


स्व. सुनील मिश्र स्व. धर्मेन्द्र के साथ ।(फाइल फोटो)

रिलीज होने के बाद हम सभी थिएटर में वो मूवी देखने गए इसके बाद पापा उस फिल्म की डीवीडी लेकर आए और आए दिन देखते, जिसमें धर्मेन्द्र को साइकिल चलाते देख पापा की आंखे भर आती। सुमुख ने कहा, यदि धर्मेन्द्र 'ही-मैन' थे तो मेरे पापा उनके सबसे बड़े फैन थे।

## आईएचएम में 'कहीं गुम न हो जाएं' राष्ट्रीय कुकरी प्रतियोगिता का प्रांतीय फिनाले

# कोदो की महेरी बना रश्मि रहीं प्रथम, सन्नाटा रायता से हेमा को दूसरा स्थान, बस्तर थाली रही तीसरे नंबर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महुआ की दुगरे, चना का भुजा और कोदो की महेरी... बुंदेलखंड के बुंदेली भोजन 'पधारो जू' का स्वाद जहां स्वादप्रेमियों को जायकेदार लगा तो वहीं गोड़स विद सेवइयां, थोपा, मुसल्ला, थाडूला, सन्नाटा रायता, हिंग का अचार, बुकानो मसाला नमक का बुंदेली स्वाद भी आकर्षण का केंद्र बना। मप्र के विभिन्न अंचल बुंदेलखंड, निमाड़, मालवा के साथ साथ छत्तीसगढ़ के बस्तर की थाली का जायका चखने को मिला सोमवार को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में 'कहीं गुम न हो जाएं' राष्ट्रीय कुकरि प्रतियोगिता (सीजन-8) के प्रांतीय फिनाले में। जिसमें शहर की गृहणियों सहित आईएचएम के स्टूडेंट्स ने भाग लेकर कुकरी प्रतियोगिता में स्वाद का तड़का लगाया। कार्यक्रम का सफल संचालन आईएचएम के प्राचार्य डॉ. रोहित सारिन के नेतृत्व में हुआ। डॉ. सारिन ने भारतीय पारंपरिक व्यंजनों को पुनर्जीवित करने की इस पहल को सराहते हुए कहा कि ऐसे प्रयास हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करते हैं और घरेलू प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाते हैं।

### प्रतियोगिता में यह निर्णायकगण मौजूद रहे

शेफ अनूप (ताज लेकफ्रंट), शेफ नरेश (सैफायर रिट्रीट) और शेफ मुकेश (गोल्डन ट्यूलिप) शामिल रहे। आयोजन टीम में अनीता श्रीवास्तव (राज्य समन्वयक) और सविता गुप्ता (सह-समन्वयक) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बुंदेलखंडी व्यंजनों से सजी सेहत भरी थाली स्वाद के साथ रखा सेहत का भी ध्यान

**प्रथम स्थान- रश्मि ठाकुर**
**कार्य-गृहणी**



रश्मि ने इस प्रतियोगिता में बुंदेलख़ंड के बुंदेली भोजन 'पधारो जू' को प्रदर्शित करते हुए बुंदेलखंड अंचल के कई स्वादिष्ट व्यंजनों से स्वादप्रेमियों का दिल जीत लिया। करीब 20 व्यंजनों से सजी रश्मि की थाली में महुआ की दुगरे, चना का भुजा और कोदो की महेरी, हरीमिर्च फलीदाने की चटनी, सिंघाड़े की सब्जी सहित कई कच्ची हलदी बाजरा के लड्डु को न केवल प्रदर्शित किया बल्कि प्रत्येक की रेसिपी भी दर्शाई। उन्होंने कहा कि मुझे कुकिंग का शौक है और मैं बुंदेलखंड की ही हूं तो बुंदेलख़ंडी व्यंजनों की सेहत भरी थाली मैंने प्रदर्शित की।

### बेटी ने सजेस्ट किया, हाथों में इतना स्वाद तो क्यों नहीं बनती यूट्यूबर

**द्वितीय स्थान- हेमा गुप्ता**
**कार्य-गृहणी एवं यूट्यूबर**



दूसरा स्थान पाने वाली हेमा गुप्ता ने भी बुंदेलखंड की स्वादिष्ट थाली को दर्शाया, जिसमें उन्होंने गोड़स विद सेवइयां, थोपा, मुसल्ला, थाडूला, सन्नाटा रायता, हींग का अचार, बुकानो मसाला नमक, दही की मिर्च और पापड़ सलाद परोसकर जजेस का दिल जीत लिया। हेमा ने कहा, मुझे शुरू से ही कुकिंग का शौक है, फिर बिटिया ने सजेस्ट किया कि आप कुकिंग वीडियो क्यों नहीं बनाती और बस अब मैं यूटयूबर भी बन चुकी हूं।



### पेड़ी, पूरन लड्डू, तिखुर, बंसी से सजी 'बस्तर प्लेटर'

तीसरा स्थान पाने वाली संगीता पाठक ने 'बस्तर प्लेटर' के रूप में पेड़ी, पुरन लड्डू, तिखुर, बंसी, कुल्टी की सब्जी और सलगा बड़ा प्रस्तुत किया। संगीता ने कहा कि मैं एक आंत्रप्रिन्योर भी हूं जो अचार, पापड़ और बड़ी के रूप में मप्र और छग के अंचलों के स्वाद से अपना बिजनेस रन करती हूं।

**तृतीय स्थान- संगीता पाठक**
**कार्य- यूटयूबर एवं आंत्रप्रिन्योर**

### भारत के 25 राज्यों की स्वाद यात्रा का लिया लुत्फ


नाम- यश साहू

प्रस्तुति में आईएचएम के पूर्व छात्र यश साहू ने भारत के विभिन्न अंचलों को प्रस्तुत करती हुई भारत के विभिन्न राज्यों की स्वाद यात्रा से स्वाद प्रेमियों का दिल जीत लिया। जिसमें उन्होंने दक्षिण से लेकर उत्तर तक के राज्यों की स्वाद यात्रा पर ज्यूरी मेम्बर को लेकर गए। जिसमें उन्होंने केले के बड़े पत्ते पर सजी भारत की विविधता में एकता को दर्शाया।



## इंग्लैंड के रिचर्ड रॉबर्ट्स के गायन से हुई प्रातः कालीन सभा की शुरुआत

### पं रमाकांत गुंदेचा की स्मृति को समर्पित स्मरण समारोह के दूसरे दिन गायन, वादन की प्रस्तुति रही खास


कार्यक्रम में प्रस्तुति देते इंग्लैंड के रिचर्ड रॉबर्ट्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंडित रमाकांत गुंदेचा की स्मृति को समर्पित स्मरण समारोह के दूसरे दिन की प्रातः कालीन सभा की शुरुआत इंग्लैंड के रिचर्ड रॉबर्ट्स के ध्रुपद गायन से हुई, रिचर्ड ने राग बागेश्री में ताल चौताल में लेबनीज कवि खाहिल गिबरान की एक कविता अंग्रेजी में गाई..। तत्पश्चात हैदराबाद के कौशिक लाहोटी का ध्रुपद गायन हुआ, उन्होंने राग जोग में चौताल में एक ध्रुपद गया सूर को प्रमाण जान तब होता षडज ज्ञान.... सुनाया तो वहीं तीसरी कलाकार के रूप में बेंगलुरु से आए मनोहर पटवर्धन ने ख्याल गायन सुनाया। उन्होंने रात देसी में बड़ा ख्याल और छोटा ख्याल सुनाया। प्रातः कालीन सभा का समापन गुंदेचा बंधु के ध्रुपद गायन से हुआ। पदमश्री पंडित उमाकांत व अनंत गुंदेचा ने राग जौनपुरी में आलाप जोड़ झाला करते हुए धमार ताल में रचना प्रस्तुत की।

### बंदिश धन हंस किंकिनी....ने बांधा समां

वहीं संध्याकालीन सभा का प्रारंभ बेंगलुरु से आईं तार कीनी ने किया। उन्होंने राग भीम में आलाप, राग पलासी में जोड़ और राग भीमपलासी में झाला प्रस्तुत किया। राग हंस किंकिनी में सूल फाक्ता में बंदिश धन हंस किंकिनी.... और फिर कोलकाता से आए सौरव व्रत चक्रवर्ती का सुरबहार वादन हुआ। सुरबहार जैसे कठिन एवं दुर्लभ वाद्य पर सौरवव्रत ने राग पूरिया धनाश्री की अवतारणा की।

### दूसरे दिन 4 सत्रों में 50 शोध-पत्र पढ़े, चित्त की शुद्धि के लिए धम्म उपदेश उपयोगी

## सांची विवि: युद्धकाल में बौद्ध धर्म की उपयोगिता आईएसबीएस के दूसरे दिन हुई विशेष चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से सटे सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में आयोजित इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज़ के रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन सोमवार को बौद्ध धर्म, पालि भाषा, युद्धकाल में बौद्ध धर्म की व्यावहार्यता और अप्लाइड बुद्धिस्म पर चर्चा हुई। सामान्य सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. अरविंद जामखेड़कर रहे। उन्होंने मप्र और महाराष्ट्र की बौद्ध स्थापत्य कला पर विचार रखे।

आज हुए तीन समानांतर सत्रों में 50 शोधपत्र पढ़े गए। प्रो सुष्मिता पाण्डे की अध्यक्षता में हुए सत्र में शोधार्थी ने मध्य प्रदेश की पुरातात्विक महत्व की साइट तुमेन पर अपने विचार रखे। भरहुत तथा सांची स्तूप के मानव मूल्यों को भी आंका गया। बौद्ध स्थापत्य कला में डर और साहस के दर्शन को जांचा गया। भारत और थाइलैंड के रिश्तों को भी बौद्ध सर्किट के साथ मापा गया।



सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विवि में अतिथियों का स्वागत करते आयोजक।

### 10 शोध पत्र प्रस्तुत किए

प्रो. बंदना मुखर्जी की अध्यक्षता में दूसरे सत्र में धम्म पद पर, धम्म उपदेश में चित्त की शुद्धि के वर्णन, बंगाल में बौद्ध दर्शन का पुनर्रुत्थान, श्रीलंका में बुद्ध धम्म की विचार कथा, थेरगाथा में स्त्री का चित्रण, जातक कथाओं का हिंदी साहित्य पर प्रभाव ्रपर चर्चा की गई। इस सत्र में भी 10 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। अंधश्रद्धा छोड़ वेदना निवारण के लिए चित्त शुद्धि पर जोर दिया गया।

### बौद्ध दर्शन के व्यावहारिक पहलु पर चर्चा

तीसरे समानांतर सत्र में अध्यक्षता की प्रो. केदार नाथ शर्मा ने। इस सत्र में बौद्ध दर्शन के व्यवहारिक पहलू पर चर्चा की गई। सत्र में अध्ययन किया गया कि किसी भी व्यक्ति के आम जीवन में किस प्रकार बौद्ध दर्शन उपयोगी होता है। वर्तमान में कैसे बौद्ध दर्शन हल बन सकता है। बौद्ध दर्शन की अर्थव्यवस्था के बारे में चर्चा की गई।

### आईईएचई 'मनोबल प्रकोष्ठ' का शुभारंभ, समग्र स्वास्थ्य पर सत्र

**भोपाल।** आईईएचई, भोपाल में उच्च शिक्षा विभाग की मानसिक स्वास्थ्य सेफगार्ड गाइडलाइन के तहत 'मनोबल प्रकोष्ठ' का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इसी अवसर पर 'समग्र स्वास्थ्य और कल्याण' विषय पर परिचयात्मक सत्र हुआ। प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. रचना ठाकुर ने इसके उद्देश्यों और कार्य योजनाओं की जानकारी दी।

## संस्कृत विवि में दर्शन विद्याशाखा की त्रिदिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय संस्कृत विवि के में सोमवार को दर्शन विद्याशाखा द्वारा त्रिदिवसीय कार्यशाला अधिगम परिणाम पर आधारित पाठ्यचर्या रूपरेखा निर्माण विषय का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला कुलपति प्रो.श्रीनिवास वरखेड़ी के निर्देशन में आयोजित हुई। इसमें मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ प्रो सुकान्त सेनापति कुलपति, सोमनाथ



केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय मे कार्यशाला का शुभारंभ करते अतिथि।

संस्कृत विवि, वेरावल ,गुजरात उपस्थित रहे। लर्निंग आउटकम बेस्ड करीकुलम पर आधारित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पाठ्यक्रम तैयार करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि छात्र क्या समझ सकते हैं और अपने अध्ययन के अंत में क्या करने में सक्षम होंगे, छात्र के ज्ञान और कौशल को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम निर्माण करना है, जिससे उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि हो सके।

### एमपी टूरिज्म बोर्ड ने बनाई गई द सितारिस्ट और लोकमाता अहिल्याबाई ने जीता अपार स्नेह

## आईएफएफआई गोवा में मध्य प्रदेश की फिल्मों का अनुपम प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) गोवा में, अतुलनीय मप्र ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अमिट छाप छोड़ी। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति, शिव शेखर शुक्ला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश की अद्वितीय सफिल्म-अनुकूल वातावरण को वैश्विक पटल पर प्रस्तुत किया। इस दौरान, मप्र से जुड़ी दो फिल्मों-द सितारिस्ट और लोकमाता अहिल्याबाई का विशेष प्रीमियर हुआ, जिन्होंने न केवल दर्शकों को भाव-विभोर किया, बल्कि समीक्षकों की भी प्रशंसा बटोरी।


गोवा में फिल्म महोत्सव के दौरान अपर मुख्य सचिव शुक्ला ।

### मप्र की आत्मा को दर्शाती दोनों फिल्में

मप्र की आत्मा को दर्शाती प्रसिद्ध सितारिस्ट अनुष्का शंकर द्वारा अभिनित द सितारिस्ट दर्शकों को एक सितार वादक की शांत और गहरी कला-साधना की यात्रा पर ले जाती है। वहीं, एनिमेटेड फिल्म लोकमाता अहिल्याबाई में होलकर के न्याय, करुणा और कुशल नेतृत्व को सरल तरीके से नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास है।

### अंतरराष्ट्रीय संवाद और व्यावसायिक बैठकें

इसके साथ ही आईएफएफआई गोवा में मप्र पर्यटन ने अपनी फिल्म-निर्माण क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर सुदृढ़ करने के लिए गहन अंतर्राष्ट्रीय संवाद और महत्वपूर्ण व्यावसायिक बैठकें ( बीटूबी) आयोजित कीं। शिव शेखर शुक्ला के नेतृत्व में, प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के फिल्म-फ्रेंडली इकोसिस्टम को मजबूती से स्थापित किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930